e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 265
गुरुवार
28.09.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
मनुष्य को अपने लक्ष्य में कामयाब होने के लिए खुद पर विश्वास होना बहुत जरूरी है !

## क्विक न्यूज

### लालू यादव की सजा बढ़ाने पर दिसंबर में सुनवाई करेगा हाई कोर्ट

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित लालू प्रसाद सहित छह सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को सीबीआई के आग्रह को देखते हुए दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह में सुनवाई की अगली तिथि निर्धारित की।

### बांग्लादेश सीमा पर भारी मात्रा में ब्राउन शुगर जब्त महिला गिरफ्तार

**कछार (असम) :** कछार पुलिस को ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने बताया कि बीती रात बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर काटीगोरा के नाथनपुर में छापा मारकर भारी मात्रा में ब्राउन शुगर जब्त की गई। गुप्त सूचना के आधार पर कलैन पुलिस, असम राइफल्स और सीआरपी की 147वीं बटालियन ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर एक महिला के पास से ब्राउन शुगर के 16 पैकेट जब्त किए। जब्त ब्राउन शुगर का वजन करीब 190 ग्राम है। जिसका बाजार मूल्य करोड़ों रुपये है।

### ट्रक और बोलेरो में टक्कर, 4 की मौत

**मंडला (एमपी) :** मध्य प्रदेश के मंडला जिले के बिछिया थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर ग्राम बरखेड़ी के पास तेज रफ्तार बोलेरो कार और ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई। इस हादसे में तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। टक्कर इतना भीषण था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में चार लोगों की मौत हुई, जिनमें तीन महिलाएं हैं। दो लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बिहार में दिनदहाड़े लोजपा नेता की हत्या

**पटना :** बिहार के गया में लोजपा नेता मो. अनवर अली खान की बादमाशों ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी. यह घटना आमस थाना क्षेत्र की है. घटना के बाद जीटी रोड जाम हो गया. घटना बुधवार को उस वक्त हुई है जब मो. अनवर अली खान एक सैलून में शेविंग करा रहे थे. इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन की संख्या में रहे अपराधी पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग कर गोलियों से उन्हें छलनी कर दिया.

### पाकिस्तान: सिंध प्रांत में बच्चों को मिला रॉकेट लॉन्चर, खिलौना समझ ले आए घर, धमाके से आठ की मौत

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बुधवार को एक घर में रॉकेट लॉन्चर का शेल फटने से एक ही परिवार के चार बच्चों समेत कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहिल खोसा ने बताया कि बच्चे मैदान में खेल रहे थे, तभी उन्हें एक रॉकेट शेल मिला, जिसे वे खिलौना समझकर घर ले आए। घर में बच्चे उससे खेल रहे थे, तभी वह फट गया। धमाके में आठ लोगों की जान चली गई।

### चतरा में दो सरकारी कर्मचारी रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**चतरा :** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को चतरा जिले के गिद्धौर ब्लॉक के दो कर्मियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इनमें पंचायत सचिव कमलेश वर्मा और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सीताराम रजक शामिल हैं। दोनों 15वें वित्त आयोग की योजना के तहत मनरेगा की योजनाओं में भुगतान के नाम पर सूरज साव से घूस ले रहे थे। इस दौरान कार्यालय के पास ही मौजूद एसीबी की हजारीबाग जिले की टीम ने दोनों को पकड़ लिया। सूरज ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में शिकायत सही पाये जाने के बाद मामला दर्ज कर यह कार्रवाई की गई। एसीबी टीम की अगुवाई डीएसपी विमलेश त्रिपाठी कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि झारखंड में पिछले तीन महीनों के दौरान एसीबी ने 14 अफसरों-कर्मियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। इसी महीने बीते छह सितंबर को कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया नगर परिषद के सिटी मैनेजर को एक विज्ञापन एजेंसी संचालक से 25 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था। इसी तरह दो सितंबर को धनबाद में डीसी ऑफिस के क्लर्क कृष्णेंदु चौधरी और एक राजस्व कर्मचारी को पकड़ा गया था। इसके अलावा जमशेदपुर के बागबेड़ा थाने के एएसआई को भी रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

सरना धर्म कोड को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, कहा

# प्रधानमंत्री जी, सरना धर्म कोड की मांग पर जल्द निर्णय लेने की कृपा करें



प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आदिवासियों के हित में आदिवासी, सरना धर्म कोड पारित करने का पुनः आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से कहा है कि हम आदिवासी समाज के लोग प्राचीन परंपराओं एवं प्रकृति के उपासक हैं तथा पेड़ों, पहाड़ों की पूजा और जंगलों को संरक्षण देने को ही अपना धर्म मानते हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 12 करोड़ आदिवासी निवास करते हैं। झारखंड प्रदेश जिसका मैं प्रतिनिधित्व करता हूँ एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है, जहाँ इनकी संख्या एक करोड़ से भी अधिक है। झारखंड की एक बड़ी आबादी सरना धर्म को मानने वाली है। इस प्राचीनतम सरना धर्म का जीता-जागता ग्रंथ स्वयं जल, जंगल, जमीन एवं प्रकृति हैं। सरना धर्म की संस्कृति, पूजा पद्धति, आदर्श एवं मान्यताएँ प्रचलित सभी धर्मों से अलग है।

### आदिवासियों के पारंपरिक धार्मिक अस्तित्व के रक्षा की चिंता निश्चित तौर पर एक गंभीर सवाल है

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड ही नहीं अपितु पूरे देश का आदिवासी समुदाय पिछले कई वर्षों से अपने धार्मिक अस्तित्व की रक्षा के लिए जनगणना कोड में प्रकृति पूजक आदिवासी सरना धर्मावलंबियों को शामिल करने की माँग को लेकर संघर्षरत है। प्रकृति पर आधारित आदिवासियों के पारंपरिक धार्मिक अस्तित्व के रक्षा की चिंता निश्चित तौर पर एक गंभीर सवाल है। आज आदिवासी सरना धर्म कोड की माँग इसलिए उठ रही है ताकि प्रकृति का उपासक यह आदिवासी समुदाय अपनी पहचान के प्रति आश्वस्त हो सके।

### लगातार घट रही है जनसंख्या

मुख्यमंत्री ने बताया कि विगत आठ दशकों में झारखण्ड के आदिवासियों की जनसंख्या के क्रमिक विशलेषण से ज्ञात होता है कि इनकी जनसंख्या का प्रतिशत झारखण्ड में 38 से घटकर 26 प्रतिशत ही रह गया है। इनकी जनसख्या के प्रतिशत में इस तरह लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है जिसके फलस्वरुप संविधान की पाँचवी एवं छठी अनुसूची के अंतर्गत आदिवासी विकास की नीतियों में प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है।

### आदिवासी सरना कोड अत्यावश्यक

मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से कहा कि परिस्थितियों के मद्देनजर हिन्दू मुस्लिम, सिख, इसाई, जैन धर्मावलम्बियों से अलग सरना अथवा प्रकृति पूजक आदिवासियों की पहचान के लिए तथा उनके संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण के लिए अलग आदिवासी सरना कोड अत्यावश्यक है। अगर यह कोड मिल जाता है तो इनकी जनसंख्या का स्पष्ट आकलन हो सकेगा एवं तत्पश्चात हम आदिवासियों की भाषा, संस्कृति, इतिहास का संरक्षण एवं संवर्द्धन हो पाएगा। हमारे संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की जा सकेगी।

### पूरे विश्व में प्रकृति प्रेम का संदेश फैलेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे अपने आदिवासी होने पर गर्व है। एक आदिवासी मुख्यमंत्री होने के नाते मैं ना सिर्फ झारखंड, बल्कि पूरे देश के आदिवासियों के हित में आपसे विनम्र आग्रह करता हूँ कि हम आदिवासियों की इस आदिवासी सरना धर्म कोड की चिरप्रतीक्षित माँग पर आप यथाशीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की कृपा करें। आज पूरा विश्व बढ़ते प्रदूषण एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर चिंतित है, वैसे समय में जिस धर्म की आत्मा ही प्रकृति एवं पर्यावरण की रक्षा है उसको मान्यता मिलने से भारत ही नहीं पूरे विश्व में प्रकृति प्रेम का संदेश फैलेगा।

**सीएम ने पत्र के माध्यम से कहा है कि हम आदिवासी समाज के लोग प्राचीन परंपराओं एवं प्रकृति के उपासक हैं तथा पेड़ों, पहाड़ों की पूजा और जंगलों को संरक्षण देने को ही अपना धर्म मानते हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 12 करोड़ आदिवासी निवास करते हैं।**

# शूटिंग में भारत ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



*** बुधवार को भारत ने दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य जीतकर रचा इतिहास, पीएम ने दी बधाई**

एजेंसी
**बीजिंग :** हांगचोओ में एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत ने बुधवार को दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक हासिल किए। सिफत कौर समरा ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने स्वर्ण पदक जीतने के साथ नया विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है।इसी प्रतियोगिता में आशी ने कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम ने 50 मीटर 3-पोजीशन की टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। इससे पहले 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान की टीम ने स्वर्ण पदक जीता था। ईशा सिंह ने महिलाओं की व्यक्तिगत 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता। अनंत जीत सिंह नरूका ने पुरूषों की व्यक्तिगत स्कीट स्पर्धा का रजत पदक जीता। अनंत नरूका, गुरजोत सिंह और अंगद बाजवा की पुरुष टीम ने स्कीट स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। नौकायन में विष्णु सरवनन ने पुरुषों की डोंगी आई.एल.सी.ए. 7 में 34 के नेट स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। वुशु में भारत की रोशीबीना फाइनल में पहुंच गई हैं। मुक्केबाजी में निकहत जरीन ने क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। पांच स्वर्ण, सात रजत और 10 कांस्य सहित कुल 22 पदकों के साथ भारत पदक तालिका में छठे स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेल-2023 में महिला टीम को 25 मीटर पिस्टल इवेंट में स्वर्ण पदक जीतने और भविष्य के प्रयासों के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा,भारत के लिए एक अनुकरणीय स्वर्ण। मनु भाकर, रिदम सांगवान और ईशा सिंह की 25 मीटर पिस्टल महिला टीम को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई ! उनकी उल्लेखनीय टीमवर्क से अच्छे परिणाम मिले हैं। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। उन्होंने एक अन्य एक्स पोस्ट में कहा कि हमारी समर्पित और प्रतिभाशाली 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन महिला टीम ने एशियाई खेलों में एक रजत पदक जीता है। उन्होंने असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। सिफ्त कौर समरा, आशी चौकसे और मानिनी कौशिक को बधाई।

## खालिस्तानी-गैंगस्टरों के खिलाफ एनआईए ने 7 राज्यों की 53 जगहों पर की छापेमारी, कई गिरफ्तार



**एनआईए ने कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है. साथ ही भारी मात्रा में हथियार गोला बारूद बरामद किए हैं.**

एजेंसी
**नई दिल्ली:** कनाडा और भारत के रिश्तों के तनाव के बीच एनआईए ने बुधवार को खालिस्तानी आतंकियों, गैंगस्टरों और ड्रग्स तस्करों के गठजोड़ को लेकर बड़ी करवाई करते हुए 7 राज्यों में 53 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी की. एनआईए ने कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है. साथ ही भारी मात्रा में हथियार गोला बारूद बरामद किए हैं.बुधवार सुबह तड़के राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानि एनआईए ने पंजाब,हरियाणा,राजस्थान,दिल्ली एनसीआर और उत्तराखंड में 51 जगहों पर एक साथ छापेमारी शुरू की. ये कार्रवाई खालिस्तानी आतंकियों और गैंगस्टरो के नेक्सस को ध्वस्त करने के लिए हुई. कनाडा और भारत में बढ़ती कूटनीतिक खींचतान के बीच एनआईए का भारत में ये बड़ा क्रैकडाउन माना जा रहा है.एनआईए की कार्रवाई अर्शदीप के संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स को लेकर भी है.

अर्शदीप के करीबी हैरी मौर, गुरप्रीत सिंह गुरी और गुरमैल सिंह के ठिकानों करवाई हुई. इसके अलावा लारेंस विश्नोई,दीपक टीनू ,सुक्खा दूनीके ,कौशल चौधरी भूपी राणा ,सुखप्रीत सिंह और काला जठेड़ी जैसे गैंगस्टरो के ठिकानों पर रेड हुई. रेड के दौरान बड़ी मात्रा में हथियार ,कारतूस और डिजिटल सबूत बरामद हुए हैं.यूएई ,पाकिस्तान ,कनाडा और पुर्तगाल में बैठे खालिस्तानी और गैंगस्टर भारत में ओवर ग्राउंड वर्कर को हवाला चैनल से ड्रग्स और हथियार के लिए फंडिंग कर रहे हैं.फिरोजपुर में फिरोजपुर में एनआईए ने आतंकी अर्शदीप डल्ला के एक गुर्गे जोनस उर्फ जोरा सिंह को हिरासत में लिया है।

पूर्वी जोन के स्मार्ट शहरों में बेस्ट परफॉर्मर सिटी के अवार्ड से सम्मानित हुआ रांची, सीएम ने दी बधाई

# नगर विकास सचिव विनय कुमार चौबे ने राष्ट्रपति के हाथों प्राप्त किया अवार्ड

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची-इंदौर :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल मार्गदर्शन में झारखण्ड का गौरव लगातार बढ़ रहा है।

इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्टेस्ट अवार्ड में एक बार फिर से झारखण्ड की राजधानी रांची ने स्मार्ट सिटी में अपना परचम लहराया है। स्मार्ट सिटी मिशन के सिक्योरिटी, यातायात प्रबंधन, अर्बन मोबिलिटी, सोशल एस्पेक्ट और लैंड मोनेटाइजेशन इत्यादि कार्यो के क्रियान्वयन में बेस्ट परफॉर्मर के रूप में खुद को स्थापित करने वाली स्मार्ट सिटी रांची को पूर्वी जोन के स्मार्ट शहरों में बेस्ट परफॉर्मर सिटी के अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड बुधवार 27 सितंबर को मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन केंद्र में आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटी कांक्लेव 2023 में देश की राष्टपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों दिया गया। राज्य सरकार की ओर से नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव तथा रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ सह प्रबंध निदेशक विनय कुमार चौबे, राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार और स्मार्ट सिटी रांची के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदकुलियार इस सम्मान को राष्टपति के हाथों से प्राप्त किया।

### मुख्यमंत्री और विभागीय सचिव ने दी बधाई

रांची स्मार्ट सिटी कि इस सफलता पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नगर विकास एवं आवास विभाग तथा रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के समस्त कर्मियों को बधाई दिया है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताया है कि आने वाले दिनों में रांची का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर पर अपना अमिट छाप छोड़ेगा। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने भी रांची स्मार्ट सिटी की पूरी टीम को बधाई दी है और मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया है।



**विभिन्न क्षेत्रों से भेजे गए थे प्रस्ताव:** यह अवार्ड इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्टेस्ट अवार्ड - 2022 के आधार पर तैयार है। इस अवार्ड के निर्णय से पहले देश के सभी 100 शहरों से उनके शहर में हो रहे अलग-अलग क्षेत्र में विशेष प्रयास की जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन और वीडियो के माध्यम से साझा की गई थी, उसके बाद मंत्रालय की टीम हर शहर में जाकर उसका सत्यापन किया। रांची की ओर से इस बार सिटी सिक्योरिटी, यातायात प्रबंधन, अर्बन मोबिलिटी, सोशल एस्पेक्ट और लैंड मोनेटाइजेशन इत्यादि विषय पर प्रस्ताव भेजा गया था।

# जब-जब मैंने उठाई महिलाओं के हक में आवाज विपक्ष ने उड़ाया मेरा मजाक : पीएम मोदी

एजेंसी
**वडोदरा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा में नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री ने सवाल उठाते हुए कहा कि अगर विपक्ष वास्तव में महिलाओं को लेकर चिंतित होता तो वह दशकों से महिलाओं को उनके अधिकरों से वंचित नहीं रखता। पीएम मोदी ने नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम में कहा कि ये वही लोग हैं,जिन्होंने महिलाओं के लिए शौचालयों के बारे में बात करने पर मेरा मजाक उड़ाया था। उन्होंने आगे कहा कि मैंने महिलाओं के लिए जनधन खातों की बात की, लेकिन इन्होंने उज्वला योजना का भी मजाक उड़ाया। पीएम ने तीन तलाक के मुद्दे पर भी विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाने की बात कर रही थी, लेकिन विपक्ष को अपनी राजनीतिक समीकरणों की चिंता थी। विपक्ष को मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की कोई चिंता नहीं थी। वह केवल अपने वोट बैंक को खोना नहीं चाहते थे। पीएम ने आगे कहा कि जब तीन तलाक के खिलाफ कानून लाया गया तो वह मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों के लिए खड़े नहीं हुए। इससे पूर्व पीएम ने उदयपुर जिले के बोडेली शहर में शिक्षा क्षेत्र से संबंधित 4,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं सहित 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरुआत की।



## मणिपुर अशांत क्षेत्र घोषित, राज्य में आफ्सपा लागू

**इंफाल (एजेंसी):** मणिपुर के गृह विभाग ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी कर राज्य को अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है। इसके साथ ही राज्य में फिर से आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट (आफ्सपा) भी लागू कर दिया गया है।



# डेंगू रोकथाम के लिए जरूरी उपाय, जांच व ईलाज की समुचित व्यवस्था हो, मंत्री मिथिलेश ने बैठक में दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सदर अस्पताल में अव्यवस्था देखकर मंत्री भड़क उठे, उन्हांने विभाग के कर्मियों एवं अधिकारियां को कड़ी फटकार लगायी। उन्हांने सीएस डा. अवधेश सिंह को तत्काल अस्पताल की सारी व्यवस्था दुरूस्त करने, सभी विभागां में चिकित्सकां एवं कर्मियां का ड्यूटी रोस्टर लगाने का निर्देश दिया। इस दौरान मंत्री ने बैठक कर डेंगू, चुकुनगुनिया, मलेरिया आदि गंभीर बीमारी के बढ़ते प्रकोप से बचाव व इलाज संबंधित जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मंत्री श्री ठाकुर ने सदर अस्पताल में उपलब्ध व्यवस्था, साफ-सफाई, औषधि की उपलब्धता एवं बीमारियों के इलाज करने संबंधी की जा रही तैयारी को लेकर विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई संतोष जनक नहीं पाए गए। डेंगू वार्ड, प्रसव वार्ड, डायलिसिस एवं आईसीयू आदि वार्डो का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। मंत्री ने डेंगू जैसे जानलेवा बीमारियों को लेकर जनहित में व्यापक प्रचार प्रसार करने का भी निर्देश दिया। ताकि लोग इसके प्रति जागरूक होकर बचाव व रोकथाम के उपाय कर सकें। उन्होंने अस्पताल में चिकित्सकों की नियमित रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करने, रात्रि में इमरजेंसी ड्यूटी के दौरान संबंधित सभी चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एक मरीज के परिजन ने मंत्री से अस्पताल में पैसे लेने की शिकायत की। इस पर मंत्री भड़क गये। उन्हांने सिविल सर्जन को फटकार लगाते हुए संबंधित कर्मी पर जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर मुख्य रूप से डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी राजेश राय, एसडीओ राज महेश्वरम, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि कंचन साहू आदि लोग उपस्थित थे।

# नगर पंचायत में रैली निकाल कर स्वच्छता का दिया संदेश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** नगर पंचायत की ओर से बुधवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत डाक बंगला परिसर से सतगावां, अंसारी बिगहा होते हुए प्रखंड परिसर तक जागरूकता रैली निकाली गई। नगर पंचायत के सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में लगातार स्वच्छता सर्वेक्षण के कई प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं। स्वच्छता जागरूकता रैली में संसाधन सेविका शाहदा अंजुम, रिशु कुमारी, अनिता कुमारी, लालमनी कुमारी के अलावे स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल थी।

## चिंता से विनाश होता है, जबकि चिंतन से विकास होता है : श्री जीयर स्वामी

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनुष्य को चिंता नहीं चिंतन करनी चाहिए। चिंता से विनाश होता है, जबकि चिंतन से विकास होता है। चिंता ह्रास का कारण बनता है और कोई परिणाम नहीं दे पाता है। श्री जीयर स्वामी ने सुखदेव जी की जन्मोपरांत तप के लिए वन गमन प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि संन्यासी चार प्रकार के होते हैं, कुटीचक, बहुदक, हंस और परमहंस कुटीचक संयासी गृहस्थ जीवन के अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन के बाद घर में रहते हुए निर्लिप्त रहते हैं। बहुदक भी कुटीचक के समान होते हैं। हंस संन्यासी दुनिया को नश्वर मान दुनिया में रहते हैं। जैसे-कमल, पानी में रहते हुए भी जल के प्रभाव से मुक्त रहता है। परमहंस सन्यासी दुनिया के किसी विषय वस्तु से सरोकार नहीं रखता, बल्कि स्थित प्रज्ञ की स्थिति में रहता है। उन्होंने कहा कि हर काल में समाज संचालन के नियम-कायदे विभिन्न ऋषियों एवं शासकों द्वारा निर्धारित किए जाते रहे हैं. जैसे मुगलकाल, अंग्रेजी शासन और स्वतंत्रोत्तर भारत के कानून आदि इसी तरह ऋषियों द्वारा भी त्रेता, सत्युग, द्वापर और कलयुग में नीति निर्धारण किये गये हैं जिन्हें स्मृति कहते हैं। कलियुग में पराशर स्मृति मान्य है। पराशर स्मृति के अनुसार सभी वर्ण के लोग अपने अनुकूलता के अनुसार जीविकोपार्जन करने के लिए स्वतंत्र हैं.स्वामी जी ने कहा कि मनुष्य जन्म के साथ ही तीन ऋणों मातृ-पितृ ऋण, देव ऋण और ऋषि ऋण से युक्त होता है. मातृ-पितृ ऋ ण से उऋ ण (ऋ णमुक्त) होने के लिए माता-पिता की जीवनपर्यन्त सम्यक प्रकार से सेवा और मृत्योपरांत श्राद्ध एवं पिंडदान से मुक्ति मिलती है. यज्ञ, पूजा एवं भंडारा से देव ऋण से मुक्ति मिलती है, जबकि सद्ग्रंथों के नियमित अध्ययन से ऋषि ऋण से व्यक्ति उऋण होता है.तीनों ऋणों से उऋण होनेवाला ही पुत्र कहलाने का हकदार है.उन्होंने कहा कि तीनों ऋण से मुक्ति पाने वाला परम धाम को सहज ही प्राप्त कर लेता है। स्वामी जी ने कहा कि कलियुग की आयु 4 लाख 32 हजार वर्ष, द्वापर की आयु 8 लाख 64 हजार, त्रेता की 12 लाख 96 हजार और सतयुग की आयु 17 लाख 28 हजार वर्ष है। कलियुग में अभी 6 हजार वर्ष ही बीता है। उन्होंने कहा कि संत और ईश्वर से कुछ भी छुपाना नहीं चाहिए बल्कि आर्तभाव से स्पष्ट करनी चाहिए.विभीषण ने अपने को राक्षस कुल में जन्मा दशानन का भाई बताया और प्रभु ने उन्हें सहर्ष स्वीकार किया।

# नाबालिग चला रहा था बाइक टक्कर से युवक की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** शाहपुर में एक पुलिसकर्मी के नाबालिग बेटे ने एक व्यक्ति को बाइक से टक्कर मार दी।इस हादसे में 45 वर्षीय संतोष राम उर्फ सूटन की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संतोष राम की पत्नी ने करमा पूजा पर उपवास रखा था। उसके लिए संतोष मिठाई लेने रात करीब 8:00 बजे घर से निकला था। इसी क्रम में शाहपुर किला के पास सड़क पार करने के दौरान बाइक चला रहे नाबालिक ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे संतोष सड़क पर गिर गया। उसके सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आ गई। स्थानीय लोग उसे तत्काल एमएमसीएच ले गए। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने उसे एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बाइक की तेज रफ्तार के कारण हुई दुर्घटना बताया जाता है कि सेमरटाड़ के पुलिस के जवान सुरेंद्र राम का 17 वर्षीय पुत्र अपने दोस्त की बाइक चला रहा था। पीछे उसका दोस्त भी बैठा हुआ था। दोनों मेदिनीनगर से शाहपुर सेमरटाड़ लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्सियो के अनुसार बाइक की गति काफी तेज होने के कारण घटना हुई। नाबालिक बाइक को नियंत्रित नहीं कर पाया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने नाबालिग व बाइक को पुलिस को सौंप दिया। संतोष ठेला पर चना बेचकर परिवार चलाता था। उसके तीन बच्चे हैं। मुआवजा के लिए लोगों ने चैनपुर थाना में कुछ देर हंगामा किया। बीडीओ गिरिवर मिंज के आश्वासन के बाद उन लोगो ने गया। वही पुलिस ने नाबालिग को रिमांड होम भेज दिया है।

# कन्या विवाह व विकास सोसायटी ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रशासनिक पदाधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी की बैठक हुई। बैठक में संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने सोसायटी के उद्देश्यों एवं कार्यों की विस्तृत जानकारी दिया। बताया कि दहेज प्रथा एवं बाल विवाह के खिलाफ संस्था के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। साथ ही सामूहिक विवाह के प्रति लोगों को जागरूक एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य को लेकर संस्था ने आगामी छः दिसंबर को गढ़वा में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया है। इस समारोह में गरीब परिवार और असहाय 101 कन्याओं का विवाह धूमधाम से संपन्न कराने का लक्ष्य रखा गया है.बाल विवाह एवं दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए जिला प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों, समाज के प्रबुद्धजनों के सहयोग की जरूरत है। साथ ही गरीब परिवार एवं असहाय लड़कियों का निबंधन संस्था से कराकर कल्याणकारी योजना का लाभ दिलाने का आग्रह किया। बिश्रामपुर प्रखंड प्रमुख रम्भा कुमारी, 20 सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, उपाध्यक्ष रविंद्र शुक्ला, बीडीओ विक्रम आनंद ने सोसायटी के कार्यो की सराहना किया और सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने में अपेक्षित सहयोग करने का भरोसा दिया। साथ ही अपनी कन्याओं का निबंधन इस संस्था से कराने के लिए लोगों को जागरूक करने की बात कही। बैठक में विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी सेविका, संस्था के कोषाध्यक्ष उषा कुमारी, हसीबुल्लाह अंसारी, सर्वेयर सहित कई लोग मौजूद मौजूद थे।

## अरविंद कुमार लाल ने एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान को लेकर की बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरविंद कुमार लाल, अनुमण्डल पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान की अध्यक्षता में आज अभियान संबंधी बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अध्यक्ष, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्रानुसार दिये गये निदेशों के अनुपालन संबंधी विस्तृत चर्चा की गई व आवश्यक निदेश दिये गये। इसमें कार्यपालक दण्डाधिकारियों को प्राप्त अधिकारों के बारे चर्चा की गई। ज्वॉइंट एक्शन प्लान पर चर्चा हुई। भारत स्काउट एवं गाईड के द्वारा उच्च विद्यालयों में बच्चों से संपर्क कर उन्हें नशे के विरूद्ध जागरूक किये जाने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, इस संबंध में एक जागरूकता रैली भी भारत स्काउट एवं गाईड द्वारा निकाली जाएगी। सभी विद्यालयो में प्रहरी क्लब गठित करने का निर्णय लिया गया जिसमें विद्यालय के 20-25 छात्र-छात्राएं,दो शिक्षक और अभिभावक जनों को शामिल किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही,इस प्रहरी क्लब द्वारा नशे के विरूद्ध अभियान पर छात्र-छात्राओं के साथ चर्चा किये जाने का निदेश दिया गया। प्रहरी क्लब की बैठक माह में दो बार होगी। इसकी कार्ययोजना जिला शिक्षा पदाधिकारी को भेजे जाने का निदेश दिया गया। पिरामल फाउंडेशन को भी इसमें सहयोग किये जाने का निर्णय लिया गया। जिला के सभी मेडिकल दुकानों में सीसीटीवी अधिष्ठापित कराये जाने के निदेश के अनुपालन कराने का निदेश ड्रग इंस्पेक्टर को दिया गया। सभी शराब दुकानों में सीसीटीवी अधिष्ठापित कराने का निदेश उत्पाद अधीक्षक को दिया गया। किसी विद्यालय के आसपास शराब की दुकान ना हो,इसका भी अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। जिला में नशा करने वाले युवक-युवतियों के लिए रिहैबिलिटेशन सेंटर (पुनर्वास केंद्र) चिन्हित किये जाने का निदेश भी दिया गया। विद्यालयों के सौ मीटर के रेडियस में तंबाकू दुकान अगर है उसे हटाये जाने का निदेश भी दिया गया। आज की बैठक में डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## कौशल विकास का प्रशिक्षण बच्चों को दिया गया

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज भैया बहनों को कौशल विकास की शिक्षा दी गई। इस अवसर पर दीदी सुनीता कुमारी एवं आचार्य गणेश साहू द्वारा बच्चों को कागज से लिफाफा निर्माण एवं ठोंगा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्य में आचार्य महेंद्र कुमार मिश्रा,आचार्य रवि रंजन एवं दीदी मीनाक्षी दिव्या द्वारा बच्चों को कौशल विकास का कार्य संपादन करने में मदद किया गया। इस अवसर पर प्राची सोनी, आस्था पांडे ऋषि मेहता, रिमझिम कुमारी, पायल कुमारी, लक्ष्य कुमार, रोहित कुमार, राहुल कुमार एवं अन्य बच्चों के द्वारा स्वावलंबन की भावना जागृत करने के लिए दक्षता पूर्वक कौशल विकास का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य से सुरेश चंद्र पांडे द्वारा सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहनों को कौशल विकास के लिए प्रेरणा प्रदान किए।

# दुर्गा पूजा को लेकर जय मां भवानी क्लब की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा (गढ़वा) :** बिशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय के अमहर पंचायत के ग्राम अमहर टाड़ी पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूम धाम से मनाने हेतु जय मां भवानी क्लब की बैठक हुई संपन्न। जहां बैठक में सर्वसहमति से नई कमिटी का भी चुनाव किया गया जैसे जय मां भवानी क्लब के अध्यक्ष पद केलिए राकेश गुप्ता, उपाध्यक्ष बजरंगी कुमार, सचिव रविंद्र कुमार रवि, उप सचिव धर्मेंद्र चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष मनोज वियार, उप कोषाध्यक्ष विक्रम वियार, संचालक रविंद्र चंद्रवंशी, सदस्य केलिए मुकेश चंद्रवंशी, भोला रजवार, रोहित कुमार, पंकज कुमार, अनिल वियार, आकाश कुमार, अकलेश कुमार, श्रवण कुमार को चुना गया। वहीं बैठक में दुर्गा पूजा पूजा धूम धाम से मनाने हेतु कमिटी द्वारा भव्य पंडाल, झालर, टेंट, लाइटिंग की सुसज्जित तरीके से व्यवस्था की जाएगी। जिससे पूजा पंडाल बहुत ही आकर्षक नजर आएगी।

# दो माह का राशन 5 किलो दिया जा रहा है

# रामगढ़ उपप्रमुख मालती देवी के पति हैं डीलर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के पीढ़हे के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार और रामगढ़ उपप्रमुख मालती देवी के पति महावीर प्रसाद के द्वारा लाभुकों को दो माह का राशन मात्र 5 किलो प्रति यूनिट दिया जा रहा है। बुधवार को कार्डधारियों ने इसका विरोध किया तो दुकानदार महावीर प्रसाद ने कहा कि दो माह का राशन मात्रा 5 किलो ही दिया जाएगा, लेना है तो लीजिए। कार्डधारी अमरिका सिंह, बिहारी सिंह, फूलमानी देवी, नंदकिशोर सिंह, मनोज सिंह, यमुना सिंह, बिंदु देवी, पनपत्ति देवी, परमशिला देवी, मदन सिंह, लालमोहन सिंह, प्रभादेवी, युगेश्वर सिंह, कोशिला देवी, रीना कुमारी, विमली देवी ,रेखा कुमारी, सहित दर्जनों कार्डधारियों ने बताया कि दो माह अगस्त माह और सितंबर माह का राशन अंगूठा लगाने के बाद मात्र 5 किलो प्रति यूनिट दिया जा रहा है। कार्डधारियों नें बताया कि जनवितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा किसी कार्ड धारी को पर्ची भी नहीं दिया जाता। सभी कार्डधारी अंगूठा लगाने के बाद भी विना राशन लिए ही वापस चले गए। कार्ड धारी का कहना था कि दो माह का राशन कम से कम 8 किलो मिलता तब भी ले लेते। जनवितरण प्रणाली के दुकानदार महावीर प्रसाद का कहना है कि हमारे दुकान का आवंटन 5988 किलो है। जिसमें अगस्त माह का राशन 2735 किलो चावल तथा सितंबर का माह का 4163 किलो चावल और 1497 किलो गेहूं के आवंटन में मात्र 671 किलो गेहूं मिला है। इतने राशन में 5 किलो प्रति यूनिट राशन ही दिया जा सकता है तथा अंत्योदय कार्ड धारी को 20 किलो राशन दे रहे हैं।1 उनका कहना है कि राशन कम मिल रहा है तो राशन कम ही देंगे। बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पार्थ नंदन ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# इलाज के दौरान बच्ची की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

➲ अवैध तरीके से अस्पताल संचालित कर किया जाता रहा है इलाज

➲ निजी क्लीनिक के संचालन पर प्रशासन की बनी रही है चुप्पी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद बीमोड़ के गोदरमा रोड में स्थित अवैध तरीके से संचालित निजी क्लीनिक में झोला छाप चिकित्सक के एक बच्ची की जान ले ली गई। जो चौथी वर्ग की छात्रा थी। हल्की बुखार की इलाज कराने निजी क्लीनिक न्यूरो केयर हॉस्पिटल पहुंची। जहां कई व इंजेक्शन लगाए गए। इसके बाद बच्ची की हालत बिगड़ती गई फिर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नगर परिषद के भलही गांव निवासी अनिल राम की सात वर्षीय पुत्री अंजलि कुमारी हल्की बुखार से पीड़ित थी। जिसे परिजन बीमोड़ स्थित गोदरमा रोड न्यूरो केयर हॉस्पिटल पहुंचे। जहां झोलाछाप चिकित्सक के द्वारा ऐडमिट कर इलाज शुरू किया गया। चिकित्सक के द्वारा लगातार कई इंजेक्शन व दवाईयां खिलाई गई। इसके बाद बच्ची का स्वास्थ्य और बिगड़ने लगा। परिजन कुछ समझ पाते और आगे बेहतर इलाज के लिए ले जाते कि इसी बीच बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि अंजली कुमारी को बीती रात मामूली बुखार हुई थी।जिसे लेकर बुधवार की सुबह इलाज कराने लेकर न्यूरो केयर हॉस्पिटल पहुंचे। जहां कार्यरत झोला छाप चिकित्सक ने बच्ची को बचा लेने की बात कहते हुए भर्ती कराने की बात कही। जहां इंजेक्शन लगाने के दो घंटे बाद हीं बच्ची की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों व स्थानीय लोगो ने जमकर हंगामा किया। इधर घटना की जानकारी मिलते हीं पुलिस न्यूरो केयर हॉस्पिटल पहुंची और हंगामें को शांत कराया। साथ हीं पुलिस जांच करते हुए कार्रवाई की बात कही। रेहला पुलिस बच्ची की शव को कब्जे में लेते हुए पोस्मार्टम के लिए मेदिनीनगर स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय लोगो ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है इससे पूर्व भी गलत इलाज के क्रम में छत्तीसगढ़ के दो लोगो की जान जा चुकी है। वहीं कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय ने बताया की मामूली बुखार से इस बच्ची की जान चली गई। अगर चिकित्सक को समझ नही आ रहा था तो इन्हे अच्छे हॉस्पिटल में समय रहते भेज देना चाहिए। उन्होंने कहा यह अस्पताल मिर्गी रोगी का आयुर्वेदिक उपचार करने की बात कह लोगों को बेवकुफ बना रहा है। बहरहाल अब कारण चाहे जो भी हो पर विश्रामपुर नगर परिषद में पलामू उपायुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को अविलंब इन अवैध रूप से संचालित अस्पताल की जांच कर उचित कारवाई करने की जरूरत है।ताकि इन नव निहाल देश के भविष्यों का कम खर्च में सही इलाज हो सके। विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय सहित प्रखंड के आसपास के क्षेत्र में झोला छाप चिकित्सक चांदी काट रहे हैं। इनके नाम ना तो डिग्री और ना हीं संचालित अस्पताल का रजिस्ट्रेशन हीं है। अवैध रुप से दर्जनों निजी अस्पताल फल फूल रहे हैं। इतना हीं नहीं इन अस्पतालों में कोई अनुभवी चिकित्सक भी नहीं हैं। बाहर से फर्जी चिकित्सक व सर्जन बुलाकर भोले भाले गरीबों की जान ली जा रही है। निजी अस्पताल में महिला बांध्याकरण सहित कई जटिल बिमारीयों का आपरेशन का काम किया जा रहा है। इन अस्पतालों में कार्य कर रहे चिकित्सक व कंपाउंडर ने कभी मेडिकल की पढाई नहीं की, और न हीं इनके नाम किसी प्रकार का प्रमाण पत्र हीं है।

# विभागीय निर्देशानुसार नरही पंचायत सचिवालय में समीक्षात्मक बैठक का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के नरही पंचायत सचिवालय में बुधवार को पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में विभागीय निर्देशानुसार समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया.बैठक में पंचायत सचिव बिरेन्द्र सिंह ने कहा कि विभागीय निर्देशानुसार प्रत्येक माह समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया जाना है। उन्होंने बैठक के उद्देश्यों की जानकारी दिया। इसके बाद पंचायत में चल रहे सभी विभागों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में मुखिया मनोज कुमार ठाकुर ने सभी विभाग के उपस्थित कर्मियों से निष्ठापूर्वक कार्य करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि यदि कार्य के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी हो तो अवगत करावें। समस्या के समाधान की दिशा में प्रयास किया जायेगा। बैठक में जनवितरण प्रणाली के दुकानदार, राजस्व कर्मचारी सहित अन्य के अनुपस्थित रहने पर मुखिया द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया। बैठक में उप मुखिया शारदा पासवान,पंचायत समिति सदस्य चिंतामणि देवी, प्रधानाध्यापक सुधीर चौबे, अलीम अंसारी, निर्मल कुमार, अनूप विश्वकर्मा, नीलम पांडेय, बिनोद ठाकुर, ज्ञान प्रकाश, रोजगार सेवक ज्ञान रंजन चतुर्वेदी, जेएस एल पी एस के क्लस्टर कोडिनेटर निधि भारती, प्रतिभा देवी, वार्ड सदस्य रामकिशोर प्रसाद, प्रज्ञा केंद्र संचालक मिथलेश कुमार ठाकुर, स्वास्थ्य सहिया संगीता देवी, रेणु देवी, रविकान्ति देवी, तारा देवी, सुनीता देवी, वीणा देवी, आंगनबाड़ी सेविका बबिता देवी, सुनीता देवी, एमन कौशर, तारा देवी, मधु सहाय, स्वयं सेवक सत्येंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जाम से निजात दिलाने के लिए अल्बर्ट एक्का से सुजाता चौक तक चला अभियान

**रांची** : एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा के निर्देश पर ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए बुधवार को अल्बर्ट एक्का से सुजाता चौक तक मुख्य सड़क पर अभियान चला, जिसमें पंजाब स्वीट्स का सामान और लाइव काउंटर अंदर कराया गया और कड़ी चेतावनी दी गई। दूसरी ओर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रभारी ट्रैफिक एसपी राजकुमार मेहता ने एक बार फिर नया प्लान तैयार किया है। अब सड़क किनारे गलत तरीके से खड़े किए जाने वाले वाहनों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। इसके लिए उन्होंने एक टीम बनाई है। उन्होंने बताया कि टीम में एक पदाधिकारी सहित पांच पुलिसकर्मी रहेंगे। टीम साउंड सिस्टम से लैस वाहन में सवार होकर शहर की प्रमुख सड़कों पर भ्रमण करते हुए अनाउंसमेंट करेगी। अनाउंसमेंट के जरिये लोगों से आग्रह किया जाएगा कि कोई नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ी ना करे। जिनकी भी गाड़ी सड़क किनारे ह्वाइट लाइन से अंदर खड़ी मिलेगी, उनका चालान काटा जाएगा।

### झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने अपर मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**रांची** : झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने झारखंड पुलिस के आरक्षी की तरह वेतन और अन्य भत्ता होमगार्ड जवानों को देने की मांग की है। इस संबंध में बुधवार को एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। साथ ही इसकी प्रतिलिपि झारखंड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्नि शमन सेवा मुख्यालय के महानिदेशक सह महासमादेष्टा को भी दी है। लिखे गए पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में होमगार्ड जवानों को इस महंगाई के दौर में मात्र 500 प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय का भुगतान किया जाता है।

रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट,रांची के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सीएम

# नौजवान आगे बढ़े, सरकार पूरी मदद करेगी : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : कृषि का क्षेत्र हो या पशुपालन का। खिलाड़ी हों या श्रमिक। रोजगार करना चाहते हों या स्वरोजगार। आप जिस भी फील्ड में आगे बढ़ना चाहते हैं, सरकार आपकी पूरी मदद करेगी । मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजुकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट मोरहाबादी, रांची के वार्षिक दीक्षांत समारोह- 2023 को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और डिग्री प्रदान करते हुए उम्मीद जताई कि यहां से निकला हर नौजवान अपनी एक अलग पहचान बनाएगा और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए मजबूत समाज के निर्माण में योगदान देगा।

**व्यवस्था को दे रहें हैं मजबूती:** मुख्यमंत्री कहा कि राज्य में पहले से जो व्यवस्थाएं चली आ रही है , वह चलती रहेगी । लेकिन, उसके समानांतर एक ऐसी उत्कृष्ट और मजबूत व्यवस्था हम तैयार कर रहे हैं जो आगे चलकर स्वतः पूर्व की व्यवस्था की जगह ले लेगा। यह नवीन व्यवस्था राज्य की नींव को मजबूती देने का काम करेगा।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में संस्था करे मार्गदर्शन:** मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती हमारी सरकार की प्राथमिकता है , उसी तरह रामकृष्ण मिशन भी उसी क्षेत्र में काम कर रही है जो आज के भौतिकवादी युग में हाशिये पर हैं। ऐसे में सरकार को यह संस्था मार्गदर्शन करे। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि और पशुपालन हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती थी, लेकिन आज खेतों की जगह खदान और फैक्ट्रियां नजर आ रही हैं। ऐसे में विकास की अंधी दौड़ में परंपरागत व्यवस्था को पूरी तरह नजर अंदाज करना झारखंड जैसे राज्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है। यही वजह है कि हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत कर रही है। गांव मजबूत होंगे तो राज्य और देश भी मजबूत बनेगा।

### मुख्यमंत्री ने टॉपर्स को प्रदान किया गोल्ड मेडल, विद्यार्थियों को मिली डिग्री

**खुद से खड़ी कर रहे हैं कई चुनौतियां :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कई योजनाएं अगर असफल होती है तो इसके पीछे कहीं ना कहीं हम भी इसके लिए जिम्मेवार होते हैं। अगर हम देखे तो पूरे देश में वर्षो से स्वच्छता अभियान चला आ रहा है, लेकिन कई लोग आज भी अपने घर की गंदगियों को सड़कों पर फेंक देते हैं। नदियों की साफ- सफाई के लिए एक्शन प्लान बने हैं। करोड़ -अरबो रुपए खर्च भी हुए हैं ।लेकिन, आज नदियों को जितना स्वच्छ होना चाहिए, वह नहीं दिख रहा है । हमारी यह लापरवाही कहीं ना कहीं हमारे साथ पूरे राज्य और देश के लिए खतरे का कारण बन जाएगा । ऐसे में हमें पूरे समर्पण और सेवा भाव से काम करने की जरूरत है।



**कमजोरों को बढ़ा रहे हैं आगे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में जो कमजोर लोग हैं,उन पर सरकार की विशेष नजर है। उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं। आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार उठा रही है । इसी कड़ी में आदिम जनजाति के युवक- युवतियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग दी जा रही है। प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज के साथ विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भी सरकार आर्थिक मदद कर रही है । बच्चियां पढ़ाई से वंचित न रहे, इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है। सरकार का मकसद शिक्षा की बेहतरी के साथ विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए तैयार करना है।

### बेहतर समाज के निर्माण के लिए पूरे समर्पण और सेवा भाव से करें काम

**झारखंड के मजदूर देश के नवनिर्माण में दे रहे योगदान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक मजदूर बहुल राज्य भी है । यहां के मजदूर सरल होने के साथ-साथ मेहनतकश होते हैं। यही वजह है कि हमारे राज्य के मजदूर देश के हर हिस्से में अपनी मेहनत से विकास में अहम योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल को याद करते हुए कहा कि जिस वक्त लोग अपनी घरों में कैद थे, उस दौरान भी यहां के हजारों मजदूर लेह- लद्दाख जैसे देश के सीमावर्ती और सुदूर क्षेत्र में बिना अपनी जान की परवाह किए सड़क निर्माण के कार्य में लग रहे, क्योंकि यह देश की सुरक्षा का मामला था।

**स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन:** मुख्यमंत्री ने रामकृष्ण मिशन आश्रम परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने यहाँ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी लंबे समय से इच्छा थी कि इस संस्था में आकर यहां की गतिविधियों को जानें और समझें। जो आज स्वामी जी के सहयोग से पूरा हुआ। रामकृष्ण मिशन जिस तरह झारखंड जैसे प्रदेश के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है, वह सराहनीय है।इस मौके पर रामकृष्ण मिशन की दो पत्रिकाओं का भी मुख्यमंत्री ने विमोचन किया।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री बादल, रामकृष्ण मिशन आश्रम,रांची के स्वामी सुविदानंद जी महाराज, स्वामी सर्वात्मानंद जी महाराज, स्वामी आत्मानंद जी महाराज और स्वामी भवेशानंद जी महाराज के अलावा रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट से जुड़े अन्य स्वामी जी तथा विद्यार्थी मौजूद थे।

## डीएवी हेहल में शान्ति यज्ञ का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल,राँची में विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने वरिष्ठ शिक्षक स्वर्गीय सतीश कुमार सिन्हा के असामयिक निधन पर गहरा शोक जताया तथा दिवंगत आत्मा की शान्ति एवं शोक संतप्त परिजनों को विपदा सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए शान्ति यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कुंड में आहुतियाँ देकर श्रद्धाजंलि दी। मिश्रा ने स्वर्गीय सतीश कुमार सिन्हा को कर्मठ,मिलनसार व दयालु व्यक्तित्व का स्वामी बताते हुए कहा कि उनके जाने से शिक्षा के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।बताते चलें कि स्वर्गीय सतीश कुमार सिन्हा कुछ माह से अस्वस्थ थे तथा उनका इलाज राजधानी के राज हॉस्पिटल में चल रहा था।उन्होंने हॉस्पिटल में दिनांक 25.09.2023 को अपराह्न 3़30 बजे अन्तिम साँस ली।वे अपने पीछे पत्नी एक पुत्री एवं एक पुत्र को छोड़कर गए हैं,उन्होंने डीएवी हेहल में बतौर केमिस्ट्री के शिक्षक के रूप में लगभग 30 वर्षों तक अपनी सेवा दी है।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे जिन्होंने स्वर्गीय सतीश कुमार सिन्हा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## एचइसी को बचाने के लिए आईएनडीआईए ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार के उपक्रम एचइसी की बदहाली पर संज्ञान नहीं लिया गया तो राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर इसे बचाने की गुहार लगाएंगे। उक्त बातें बुधवार को राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात के बाद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (आई.एन.डी.आई.ए) गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने कही। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि त्योहार का मौसम आने वाला है और एचइसी के कर्मचारियों को 18 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि राज्यसभा में एचइसी के मुद्दे को उठाया था। एशिया की सबसे बड़ी इंडस्ट्री आज बदहाल स्थिति में है। देश में करोड़ों रुपये की लागत से प्रतिमाएं बन रही हैं। राज्यपाल ने आश्वस्त किया है कि जल्द ही एचइसी का दौरा करेंगे। सीपीआई के अजय सिंह ने कहा की एच ई सी को बेचने की जो साजिश केंद्र सरकार कर रही उनके मनसूबे पूरा नहीं होगा केंद्र सरकार जल्द से जल्द कामगारों को वेतन और पूर्ण निदेशक की नियुक्ति करे। प्रतिनिधिमंडल में सीपीआइ के अजय सिंह, झामुमो के जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम और मजदूर यूनियन से कमलेश सिंह मौजूद थे।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी आज, जिला प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ईद मिलादुन्नबी को लेकर शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। यदि किसी ने किसी तरह का अफवाह फैलाई तो उस पर शख्त कारवाई की जायेगी। साथी विधि व्यवस्था किसी तरह से बिगड़े नहीं शहर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी शांतिपूर्ण तरह से संपन्न हो, इन सबको लेकर उपायुक्त, एस एसपी के संयुक्त निर्देश पर शहीद अल्बर्टा का चौक से लेकर इकरा मस्जिद होते हुए कर्बला चौक होते हुए वापस शहिद अल्बर्ट एक्का चौक तक फ्लैग मार्च निकाला गया । मौके पर एसडीएम दीपक दुबे, सिटी एसपी राज कुमार मेहता, डीएसपी दीपक, सहित कोतवाली थाना प्रभारी शैलेश,हिंदपीढ़ी विनय,,लोअर बाजार दयानंद थाना प्रभारी कई पुलिस कर्मी गण मौजूद थे।

## घायल व्यक्ति को स्वास्थ्य मंत्री ने बेहतर उपचार के लिए अस्पताल भेजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** बेड़ो थाना के सामने स्थित चौक पर एक ट्रक द्वारा एक अज्ञात मोटर साईकिल सवार को टककर मार दी । जिससे वह बूरी तरह गंभीर रूप से घायल हो गया।इसी दौरान लोहरदगा जाने के दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का काफिला गुजर रहा था।तभी घटना को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मानवता दिखाते हुए काफिला रोका और पहले एम्बुलेंस को फोन कर बलाया और घायल को बेड़ो अस्पताल पहुंचाने को कहा और रांची ग्रामीण एसपी को फोन कर सम्बंधित थाना प्रभारी को घटना स्थल पर पहुंचने को कहा। इस दौरान मंत्री ने स्वयं और अपने अंग रक्षकों के सहयोग से घायल को प्राथमिक उपचार हेतु बेड़ो अस्पताल पहुँचाया, फिर फोन कर सिविल सर्जन रांची को निर्देश दिया कि घायल की बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के मानवीय संवेदना की सराहना की। घायल व्यक्ति का नाम सुकून लोहरा, 50 वर्ष जो बेड़ो थाना क्षेत्र के घसनंदा गाँव निवासी के रूप में हुई है, फिलहाल उसका स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देश पर रिम्स के ट्रामा सेंटर में इलाज किया जा रहा है। डॉ शीतल मालूवां के देखरेख में इलाज हो रहा है।



## अल्पसंख्यक कांग्रेस के रांची महानगर अध्यक्ष बने हुसैन खान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को सुबह एक सूची जारी कर जिसमें अल्पसंख्यक सहित अठारह जिला की घोषणा हुई है जिसमें रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष हुसैन खान को बनाया गया। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर हुई। राजेश ठाकुर ने बधाई दिया वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने उन्हें माला और मिठाई खिला कर बधाई दे हुए कहा कि हुसैन खान के बनने से महानगर सहित राज्य कांग्रेस मजबूत होगा। अल्पसंख्यक के हर मुद्दे पर काम करूंगा हुसैन खान पदभार संभालते कि कहा कि अल्पसंख्यक योजनाओं पर काम करुँगा साथ ही साथ जो काम अल्पसंख्यकों का नहीं हो पाया उस पर जल्द काम किया जाएंगा। कांग्रेस कार्यालय में जमकर पटाखे फोड़े गए साथ ही साथ एक दूसरे को मिठाई खिला कर बधाई दी। वहीं रांची महानगर अध्यक्ष बनने पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की गई।मौके पर कांग्रेस केन्द्रीय अल्पसंख्यक के महासचिव अख्तर अली, शेंकी खान, रॉय, वसीम, अरबाज, मूसेफ, अफरोज, शाहीद, ताहिर, आदित्य, तसलिम,जूनैद, जैद, अमीत, संतोष, प्रकाश, मोख्तार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री के निर्देश पर लापता बिरहोर माता पिता की दो बेटियों का स्कूल में हुआ नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद अनगड़ा के पहाड़ सिंह बिरहोर टोली निवासी छह वर्षीय सनोती कुमारी एवं पांच वर्षीय पार्वती कुमारी का नामांकन अनुसूचित जनजाति बालिका आवासीय उच्च विद्यालय तमाड़ के कक्षा एक में कराया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिला कल्याण पदाधिकारी को पूरे मामले पर नजर रखने का आदेश अधिकारियों द्वारा दिया गया है।मुख्यमंत्री को जानकारी प्राप्त हुई कि अनगड़ा प्रखंड के पहाड़ सिंह बिरहोर टोली निवासी बहादुर बिरहोर अपनी पत्नी और अपने डेढ़ साल की बच्ची को लेकर एक सितंबर की सुबह दोना पत्तल और दातुन बेचने के लिए किता स्टेशन से ट्रेन पकड़कर रांची स्टेशन के लिए निकले थे। लेकिन अबतक वे नहीं लौटे। अपने माता -पिता के नहीं लौटने से दोनों बच्चियों का रो रो कर बुरा हाल है। इस मामले की जानकारी के उपरांत मुख्यमंत्री ने बच्चियों को हर संभव सहायता एवं बच्चियों के माता -पिता को जल्द ढूंढने का निर्देश अधिकारियों को दिया था।

### 87.29 लाख का ठगी करने वाला साइबर अपराधी गाजियाबाद से गिरफ्तार

**रांची :** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की साइबर थाने ने 87.29 लाख रुपये की ठगी करने वाले साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। साइबर अपराधी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद का रहने वाला है। उसका नाम लवकुश बताया गया है। इसके पास से दो मोबाइल और एक लैपटॉप सहित अन्य दस्तावेज बरामद किये गये है। डीएसपी नेहा बाला ने बुधवार को बताया कि साइबर थाने में गत 21 जनवरी को हटिया निवासी विन्देशवरी सिंह ने आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था।

## रांची में 2 अक्टूबर को शांति एवं न्याय कॉन्फ्रेंस देश भर से जुटेंगे जाने माने आध्यात्मिक गुरु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी देश दुनिया में मोहब्बत का पैग़ाम देती आई है। इसी कड़ी में महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को एक ऐसी ही महफ़िल शहर में सजने जा रही है, जिसका मक़सद ही है- मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना। नाम है, शांति एवं न्याय कॉन्फ्रेंस। इसका आयोजन इमारत शरीया (बिहार-झारखंड-उड़ीसा) की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम हज हाउस, कडरू में सोमवार को सुबह 10 बजे से शुरू होगा। जबकि इसका समापन दोपहर 2 बजे होगा। जिसमें नामी गिरामी स्कॉलर, अध्यात्मिक शख्सियतें, धार्मिक गुरु और विद्वान शिरकत करेंगे। जिनमें ख्यात अर्थ शास्त्री ज्याँ द्रेज, वरिष्ठ पत्रकार प्रशांत टंडन, आदिवासी एकता परिषद के महासचिव अशोक चौधरी,जमीयत उल्मा हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी, जमायत हिंद के प्रमुख सैयद सआदत उल्लाह हुसैनी जमीयत अहले हदीस हिंद के प्रमुख मौलाना असगर अली इमाम सल्फी और रांची शहर क़ाज़ी मौलाना तौफीक अहमद क़ादरी के अलावा कई राष्ट्रीय और स्थानीय वक्ताओं के नाम शामिल हैं। इसे भी जोड़ लिया जाए। मेहरबानी होगी। आयोजन में सहयोग जमात ए इस्लामी, जमीयत उल्मा, जमीयत अहले हदीस, जमात अहले सुन्नत और ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल का रहेगा। आयोजन के कन्वीनर मुफ्ती मो. अनवर क़ासमी क़ाज़ी इमारत शरीया रांची ने बताया कि हमारा देश भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, विविध संस्कृति, भारतीय संविधान का मुख्य आधार और आत्मा है।समान अवसर शांति सुरक्षा प्रदान करता है। हमारा देश सद्भाव,भाईचारा,आस्था और विचार की आजादी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सामाजिक और आर्थिक न्याय सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा का प्रतिक है। हमारा देश सद्भाव, भाईचारा, आस्था और विचार की आजादी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सामाजिक और आर्थिक न्याय सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा का प्रतिक है। आइए हम एक शांतिपूर्ण सुरक्षित , समृद्ध और न्यायपूर्ण भारत राष्ट्र का निर्माण करते हैं।

## ईद मिलाद-उन-नबी आज, शांति समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** 28 सितंबर को जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस ए मोहम्मदी पुरे शान ओ शौकत के साथ रांची शहर के विभिन्न गली मोहल्लों से निकाला जाएगा।

जुलूस में किसी तरह से विधि व्यवस्था ना बिगड़े सब कुछ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। इसलिए वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के निर्देश पर रांची जिला के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के थाना अंतर्गत थाना प्रभारी की उपस्थिति में थाना अंतर्गत के सामाजिक संगठन और बुद्धिजीवी में पत्रकारों के साथ शांति समिति की बैठक की गई ।

इसी के अंतर्गत लोअर बाजार थाना में भी शांति समिति की बैठक की गई। इस मौके पर थाना क्षेत्र के कई सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक, पार्टियों एवं बुद्धिजीवी, मौलाना शामिल थे। लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद, एएसआई सुमन तिग्गा, शशि शेखर पांडेय, धर्मवीर भगत, विनय साव, रितुराज सिंह मुंशी सहित मुख्य रूप से डॉक्टर मौलाना डा ताजुद्दीन, अकील उर रहमान , अजय सिंह, जितेंद्र गुप्ता, परवेज कुरैशी, सजाद, परवेज,सरवर अली,मो शकील, भास्कर वर्मा, गुड्डु राजा,एसके बजरंग, तनवीर, शम्सु खान, कल्लू , अब्दुल खालिक, मो रज्जाक आदि शामिल थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि अपने अपने गली मुहल्लों से निर्धारित मार्ग से ही जुलूस ए मोहम्मदी समय पर निकाले ताकि 11 बजे तक कर्बला चौक पहुंचे और एक बजे एकरा मस्जिद और फिर डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा दरगाह में पहुंच कर तकरीर होगी और असर बाद नमाज जुलूस ए मोहम्मदी का सलातो अस्सलाम के साथ समापन हो जायेगा।




## बाइक सवार अपराधियों नेमारी गोली, नाजुक

**प्रभात मंत्र संवादाता**

**रांची।** मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर बूरी तरह से घायल कर दिया है। बताया जा रहा है कि गोली सिर और आंख में मारी गई । खबर लिखे जाने तक स्थिति गंभीर बनी हुई है। यह घटना पंडरा ओपी क्षेत्र के एलएन मिश्रा कॉलोनी के पास की है। जहां बाइक सवार अपराधियों ने मणि सिंह नामक युवक को गोली मारी है। आनन-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा मणि सिंह को रिम्स भेजा गया है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।



वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है। मणि सिंह को किस वजह से अपराधियों ने गोली मारी है, अब तक इसके पीछे की वजह स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बताया गया कि घायल युवक रांची के अपर बाजार स्थित एक प्रतिष्ठान में काम करता है। एलएन मिश्रा कॉलोनी स्थित अपने घर के बाहर वह खड़ा था, तभी अज्ञात अपराधियों ने उसपर फायरिंग कर दी।

इस फायरिंग में युवक के एक आंख में गोली लग गई। फायरिंग करने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। वहीं फायरिंग की आवाज सुनकर स्थानीय लोग पर वहां पहुंचे और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। इस संबंध में पंडरा ओपी और सिटी एसपी दोनों से फोन पर जानकारी लेनी चाहिए लेकिन बात नहीं हो सकी।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## पिपरवार के कल्याणपुर मे आठ अक्टूबर से तीन दिवसीय जितिया मेला का होगा आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर सरना क्लब के प्रांगण मे बुधवार को जितिया जतरा मेला समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता फूलदेव टाना भगत और संचालन कयुम अंसारी ने किया।इस बैठक में आगामी 8 अक्टूबर से लेकर 10 अक्टूबर तक कल्याणपुर में तीन दिवसीय ऐतिहासिक जितिया जतरा मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।बैठक मे मेला को सफल बनाने के लिए संचालन सह शांति समिति का गठन किया गया।सचांलन समिति मे अध्यक्ष फूलदेव टाना भगत,उपाध्यक्ष निर्मल उरांव,सचिव बालेश्वर उरांव, उप सचिव बालकन्त उरांव, कोषाध्यक्ष मनेश्वर भगत,उप कोषाध्यक्ष अरूण उरांव को बनाया गया।वही टंडवा प्रमुख रीना कुमारी,फूलचन्द टाना भगत,अलेकजेण्डर तिग्गा,धनेश्वर गंझू,कयुम अंसारी,नागेश्वर महतो,रमेश मुंडा,शिवशंकर साव,बिनोद पासवान,पंकज दास,कासिम उर्फ मुन्ना को संरक्षक बनाया गया।वही कई लोगो को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।वही शांति समिति मे अध्यक्ष टिकेश्वर महतो, उपाध्यक्ष सावित्री टाना भगत,बहेरा मुखिया रेखा देवी,पसंस बंसती देवी,छोटु गंझु,सचिव गौरी देवी,सह सचिव अंगद महतो,सुरेश करमाली,मधुलता देवी, इदरीश अंसारी,दिनेश टाना भगत,अनिमा कुजुर को बनाया गया।वहीं कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

## प्रभावित प्रतिरोध मंच कल करेगा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खलारी :** सीसीएल एनके एरिया प्रबंधन के द्वारा रैयतो के नौकरी, मुआवजा और उनके रोजगार पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है. प्रबंधन के नकारात्मक रवैया के कारण क्षेत्र में बेरोजगारी भी बढ़ रही है जिसके विरोध में प्रभावित प्रतिरोध मंच 29 सितंबर को डकरा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव करेगा . जिसके बाद आगे की रणनीति तैयार कर चुरी परियोजन का कामकाज पूरी तरह से मांग पूरी नहीं होने तक अनिश्चितकाल के लिये बंद कराया जाएगा. उक्त बातें प्रभावित प्रतिरोध मंच के अध्यक्ष नागेश्वर महतो ने राय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा. इस बैठक का संचालन अशोक महतो और संचालन दीपक महतो ने किया. बैठक मे राय, बमने, दरहाटांड, धवैया टांड, मनहु टांड, चुरी,सुभाष नगर के सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए . बैठक में मंच के संरक्षक सुनील कुमार सिंह ने कहा कि प्रबंधन चुरी के रैयतो को पिछले कई सालों से नौकरी के नाम पर केवल आश्वासन देते आ रहा है. जिसके कारण रैयतों को कई परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है. हर काम के लिए कार्यालय मे दौड़ाया जा रहा है. वही लगातार रोड सेल में कोयले के आवंटन को कम किया जा रहा है जिसके कारण रोजगार पर बुरा असर पड़ रहा है.प्रबंधन को पूर्व मे ही 26 सूत्री मांग पत्र दिया गया है. मांग पत्र दिए जाने के कई दिन बीत जाने पर भी प्रबंधन के द्वारा मांगों पर कोई पहल नहीं की गई है. जिसको लेकर 29 सितंबर को महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया जाएगा.इस बैठक में अशोक महतो, मनोज महतो, राजेश महतो, सोनू पांडे,दुर्गा महतो, दीपक महतो, अजय सिंह, भोला, रामप्रताप, इंटेक्स मद्रासी, शंकर महतो, शोएब , सुधीर महतो,मनीष महतो ,रामावतार राम, राजेश सिंह, सुरेश महतो, संजय महतो, शिवप्रसाद चौहान, बबन चौहान, सतीश चौबे, अनुज चौहान, निकेश चंद्रवंशी, राहुल कुमार, गुड्डू प्रसाद, रामफल पासवान, कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे.

## कोयलांचल में आज निकाला जाएगा जुलूस ए मोहम्मदी

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में ईद मिलाद उन नबी के मौके पर आज जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाएगा,जिसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।जानकारी के अनुसार ईद मिलाद उन नबी के मौके पर बचरा,राय, पुरानीराय,कल्याणपुर न्यूमंगरदाहा और बहेरा में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।वही सुबह में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाएगा।बचरा में सुबह 7 बजे जुलूस निकाला जाएगा,जो पूरे इलाके का भ्रमण करेगा। वही रात्रि में जलसा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य जगहों में भी सुबह में जुलूस ऐ मोहम्मदी निकाला जाएगा। बचरा अंजुमन के सदर इस्लाम अंसारी,राय अंजुमन के सदर जुल्फिकार अली और कल्याणपुर अंजुमन के सदर इदरीस अंसारी ने क्षेत्र के लोगों से जुलूस में शामिल होने की अपील की है।

## पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में बुधवार को स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस पेंटिंग प्रतियोगिता में स्कूल के कक्षा तीन से लेकर कक्षा सात तक के कुल 60 बच्चों ने भाग लिया।स्वच्छता ही सेवा है और कचरा मुक्त भारत विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाकर उसकी प्रदर्शनी लगाया।स्कूल के शिक्षक एसके पांडेय की देख रेख में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## बालक वर्ग मे लोहरसा और बालिका मे चेलंगदाग ने खिताब पर जमाया कब्जा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोयलांचल क्षेत्र के निकट पाताल पंचायत के लोहरसा में चल रहे मूरत गंझू स्मारक बालक/बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक समापन किया गया।फाइनल मैच बालक वर्ग मे लोहरसा और गाली टीम के बीच खेला गया,जिसमे लोहरसा पेनाल्टी शूट आउट मे 4 -3 से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया।वही बालिका वर्ग में चेलंगदाग और लोहरसा के बीच मैच खेला गया,जिसमे चेलंगदाग 1-0 जीत दर्ज कर विजेता बनी।समापन समारोह के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।समापन के अवसर पर मेला सह रंगारंग नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया।जिसका उदघाटन रौशनलाल चौधरी ने फीता काटकर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोशन लाल चौधरी ने कहा कि पार्टी ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों के मनोबल बढ़ाने और खेल के क्षेत्र में उन्हें हर संभव मदद करने का काम कर रहा है।इस तरह के आयोजन की प्रशंसा करते हुए उन्होंने सभी खिलाड़ियों से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करने की अपील की

## कोयलांचल के राय मे हुई प्रभावित प्रतिरोध मंच की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :**कोयलांचल क्षेत्र के राय में प्रभावित प्रतिरोध मंच की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता अशोक महतो और संचालन दीपक महतो ने किया।बैठक मे राय,बमने, दरहाटांड,धवैयाटांड,मनहु टांड,चुरी,सुभाष नगर के सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए।बैठक मे क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही 29 सितंबर को एनके महाप्रबंधक कार्यालय घेराव कार्यक्रम को सफल बनाते हुए अधिक से अधिक संख्या मे ग्रामीण शामिल होने का निर्णय लिया गया।मंच के अध्यक्ष नागेश्वर महतो ने कहा कि सीसीएल एनके एरिया प्रबंधन के द्वारा रैयतो के नौकरी,मुआवजा और उनके रोजगार पर कोई ध्यान नहीं दे रही है।प्रबंधन के नकारात्मक रवैया के कारण क्षेत्र में बेरोजगारी भी बढ़ रही है, जिसके विरोध में प्रभावित प्रतिरोध मंच 29 सितंबर को डकरा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव करेगा।जिसके बाद आगे की आंदोलन के लिए रणनीति तैयार किया जाएगा।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श संपन्न

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** किशोर न्याय बोर्ड खूंटी के सदस्य सुजीत बरन गोस्वामी ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परामर्श में सम्मिलित होकर आने के बाद मीडिया को दी जानकारी। किशोर न्याय एवं बाल कल्याण समिति, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय बार्षिक हितधारक परामर्श, (यूनिसेफ द्वारा समर्थित) विधि विवादित बच्चे, रोकथाम, पुनर्स्थापनात्मक न्याय, परिवर्तन और हिरासत में रखने के विकल्प विषय पर शनिवार एवं रविवार को गहन मंथन किया गया। सर्वोच्च न्यायालय के सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रीलंका के साथ देश के सभी राज्यों के चयनित प्रतिनिधि गण शामिल हुए। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश बी भी नगरत्न, न्यायाधीश एस रवींद्र भट्ट, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी, हृढ्ढष्टश्वस्न के प्रतिनिधि सिंथिया मैक कॉफ़े सहित देश के कई हस्तियों ने अपने विचार व्यक्त किया। दो दिनों के महामंथन में देश विदेश के विद्वान न्यायिक अधिकारी, वाल अधिकार कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों ने भाग लिया।

## शपथ पत्र

मैं सुगिया देवी पती किशुनचंद्र पंडित, ग्राम - झरहा, पो - सबलपुर, थाना -सरिया, जिला - गिरिडीह शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ की मेरी उम्र लगभग 48वर्ष है, मेरा आधार कार्ड संख्या 338825895670 मे नाम सुगिया देवी, पती - किशुनचंद्र पंडित एवम भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी संख्या -01-542662686 और पॉलिसी संख्या 02 - 542514437 मे नाम राधा देवी पती किशुन पंडित दर्ज है जो दोनों नाम सत्य है, सुगिया देवी, पती - किशुनचंद्र पंडित और राधा देवी पती - किशुन पंडित दोनों एक ही महिला का नाम है जो स्वयं मै ही हूँ, यह शपथ मै अपने दोनों नामों की पुष्टि करने के सम्बन्ध मे कर रही हूँ। मैं सुगिया देवी शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ की उपरोक्त लिखित सारी बाते मेरी जानकारी मे सत्य एवम दुरुस्त है।

## शपथ पत्र

मैं खाजोमुद्दीन अंसारी, पिता - स्वर्गीय रियाजुद्दीन अंसारी, साकिन - डोरियो, पो - औरा, थाना - बगोदर, जिला - गिरिडीह के निवासी हूँ शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ की मेरा उम्र लगभग 50 वर्ष है, मेरा आधार कार्ड संख्या - 206883169172 पैन कार्ड संख्या -BQGPA8939P बैंक ऑफ़ इंडिया खाता संख्या - 579210110024046 मे मेरा नाम खाजोमुद्दीन अंसारी, पिता - रियाजुद्दीन अंसारी दर्ज है, लेकिन भारतीय जीवन बीमा के पॉलिसी संख्या - 547648545 मे पिता का नाम राजू मियां ( rajoo miyan )दर्ज है। रियाजुद्दीन अंसारी और राजू मियां दोनों नामों के एक ही व्यक्ति थे जो मेरे पिता थे। यह शपथ पत्र मैं अपने पिता के दोनों नामों के लिये कर रहा हूँ। मैं खाजोमुद्दीन अंसारी शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ की उपरोक्त लिखित सारी बाते मेरे जानकारी मे सही, सत्य व दुरुस्त है।

## आजसू ने जन संपर्क अभियान चलाया गया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज आजसू पार्टी का जरगा में केंद्रीय महाधिवेशन की तैयारी को लेकर जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाया गया । आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने गाँव - गाँव जाकर आजसू पार्टी की नीति और सिद्धान्तों को बताते हुए लोगों को मोरहाबादी मैदान में 1 अक्टूबर को जाने का आह्वान किया ।जिसमें जरगा,पैका,बोंगाईबेड़ा,सिरपा, च तरा, गंगाघाट आदि जगहों पर किया दौरा किया गया। मौके पर झारखंड आन्दोलनकरी आजसू पार्टी जिला वरीय उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी, संजय महतो,गोपाल महतो,साबित देवी,अगमलाल मुंडा, जयमसी तिर्की, रवि मुंडा,प्रदीप महतो,रेलवा महतो,लखीराम महतो,काशीनाथ महतो,सूदन देवी,सुलो देवी, इत्यादि तमाम लोग उपस्थित थे।

## एक दिवसीय ई बात-इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग जागरूकता एवं प्रशिक्षण संपन्न

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में एक दिवसीय ढ्ढ ई - बात इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन भारतीय रिज़र्व बैंक पटना के द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम मे 70 रुडसेट संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों और कस्तूरबा गांधी स्कूल के छात्राओं ने भी भाग लिया । भारतीय रिज़र्व बैंक पटना के उपमहाप्रबंधक श्री मोनाजिर आरफीन, प्रबंधक कनक अग्रवाल, शोम्या शेखर और एल डी एम श्रीकांत कुमार उपस्थित रहे। उपमहाप्रबंधक ने डिजिटल बैंकिंग के बारे में बहुत सारी जानकारी एब फ्रॉड से बचने के लिए भी विस्तार से जानकारी दिए। रूडसेट संस्थान के पूर्व प्रशिक्षणार्थी और प्रशिक्षण ले रहे मोबाइल रिपेयरिंग बैच के प्रशिक्षणार्थियों के साथ क्विज प्रतियोगिता किया गया। इस प्रतियोगिता में विजेयता प्रशिक्षणार्थी को उपहार भी दिया गया।

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने काफिला रोक घायल की मदद की

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना गेट समीप बुधवार को घायल मोटरसाईकिल सवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपना काफिला रोक कर ईलाज के लिए स्वास्थ्य केन्द्र भेजवाया। मंत्री बन्ना गुप्ता के लोहरदगा जाने के क्रम में घायल व्यक्ति पर नजर पड़ी उन्होने रांची एसपी को फोन करके संबंधित थाना को घटना स्थल पहुंचने का निर्देश दिया साथ ही सिविल सर्जन रांची को बेहतर ईलाज कराने का निर्देश दिया। बेड़ो थाना चैक के समीप ट्रक न0 सीजी 12 एआर 7518 ने मोटरसाईकिल सवार को चपेट में ले लिए जिससे मोटरसाईकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मोटरसाईकिल सवार सुकुल लोहरा 60 वर्ष पिता जतरू लोहरा के बांया पैर और बांया हाथ में ट्रक का चक्का चढ़ गया। जिससे हाथ पैर की हड्डी चुर हो गया। वहीं मोटरसाईकिल में सवार दूसरे व्यक्ति राजु दास 28 वर्ष पिता शंकर दास गांव महरू निवासी भी घायल हो गये। घायलों को थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने हाईवा पेट्रोलिंग के मदद से उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र बेड़ो भेजवाया।

## विधायक ने आयुष्मान अस्पताल का किया उद्घाटन

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):**सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार के दिन स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने बुंडू चौक के समीप आयुष्मान अस्पताल का फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा की अस्पताल के खुल जाने से गरीब तथा सुदूर क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी अब उन्हें इलाज हेतु सिल्ली क्षेत्र से बाहर कम ही जाना पड़ेगा।बेहतर स्वास्थ्य को लेकर सिल्ली काफी आगे बढ़ रहा है। बेहतर इलाज हेतु पूरे सिल्ली विधानसभा में बहुत सारी योजनाएं निकट भविष्य में देखने को मिलेगी। अस्पताल के एग्जीक्यूटिव निदेशक टिकेश्वर प्रसाद कुशवाहा एवं मैनेजिंग निदेशक दिलजान अंसारी ने बताया कि यह अस्पताल सारी सुख सुविधाओं से लैस है। यह अस्पताल तीन मंजिला है तथा यहां वर्तमान में 16 बेड की सुगम व्यवस्था की गई है। अस्पताल में फिलहाल 11 डॉक्टर की टीम चिकित्सा हेतु 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। उद्घाटन के शुभ अवसर पर बहुत सारी जांच गरीब व्यक्तियों के लिए लगभग एक सप्ताह तक निशुल्क किया जाएगा।

## अनगड़ा के जोन्हा में करम मिलन समारोह आयोजित

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करम मिलन समारोह 2023 व रंगारंग आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन महुआ ढीपा डहुवा रोड जोन्हा अनगड़ा में किया गया । कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक जयराम महली , कृष्णा मुंडा जोन्हा मुखिया अध्यक्ष विकास ठाकुर सचिव दिलीप अहीर एवं सदस्य इंद्रनाथ महली बबलू मिर्धा धीरेन मुंडा अमर सिंह मुंडा दिलेश्वर लोहरा सुरेश पातर विरसा उरांव बालो अहीर हरीष उरांव । मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप रहें , अपने सम्बोधन में बताया जिस प्रकार से करमा सात समुन्दर पार चला गया जिससे धरमा मनाकर लाता है और खुशहाली का आगमन हुआ , प्रत्येक गांव खुशहाल रहे इसके लिये करम आता है झारखंडी समुदाय प्राकृतिक को भी बचाता है , पहान भी पहाड़ नदी नाले का पूजा किया । झारखंड के लोग पहले न तो इंग्लिश न तो अन्य भाषा जानते थे लेकिन अपने मातृ भाषा मजबूत था इसलिए कोई शासन नहीं कर पाया। कहीं भी जाय अपना भाषा को न छोड़े , आपका भाषा व सांस्कृतिक महान है । विशिष्ट अतिथि डॉ राकेश किरण महतो रहें ।

## गेतलसूद डैम से 10 क्विंटल मछली की चोरी

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गांधी ग्राम स्वर्णरिखा डैम स्थित मछली केज से अज्ञात चोरों ने 10 क्विंटल मछली की चोरी कर लिया अज्ञात चोरों की पहचान अभी तक नही हो पाई है चोरों ने बीते रात को चोरी को अंजाम दिया इस केज को युवा जाग्रति समूह गांधी ग्राम बीते ढेड़ सालों से सफल रूप से संचालित कर रही है केज पर कुल 8 शेल है जिसमें 1 शेल पर बड़े - बड़े मछलियों को छांट कर संग्रहित किया गया था चोरों ने छांटे हुए मछलियों को निशाना बनाया चोरी की सूचना समूह को मिलने पर केज के तमाम सदस्यों ने केज का निरीक्षण किया उन्होंने देखा की जाली को खोलकर मछली चोरी किया है अर्थात् चोरों ने केज को तोड़ फाड़ भी किया है सदस्यों ने निर्णय लिया कि अब निरंतर केज की देख रेख किया जाएगा रात में पहरेदारी भी किया जाएगा साथ ही सीसी टीवी कैमरे से निगरानी रखी जाएगी । समूह के अध्यक्ष सन्तोष कुमार ने बताया कि चारों को पकड़ाने का प्रयास अपने स्तर से किया जा रहा है रांची ध्रुवा , सिकिदिरी , ओरमांझी , अनगड़ा के तमाम बडें मछली व्यापारियों से सम्पर्क किया जा रहा है।

## तमाड़ खुंटी रोड़ के खुदीमाड़ी बारुहातु के बीच ट्रेलर पलटी

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र के तमाड़ खुंटी रोड़ पर एक ट्रेलर पलटी वहीं इस दुर्घटना से चालक बाल बाल बच निकला। जानकारी के मुताबिक बिहार के मुजफ्फरपुर से चालक संजित कुमार ह्म्0 ॥च- 8978 रजिस्ट्रेशन नंबर की एक ट्रेलर वाहन को लेकर टाटा से भारी लोहे की पत्ती का गोला लादकर तमाड़ खुंटी रोड़ होते हुए पुणे जा रहे था तभी बुधवार के दोपहर बारह बजे के आसपास तमाड़ खूंटी रोड के बारुहातु और खुदीमाड़ी के बीच रेलिंग पुलिया मे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे वाहन का अगला भाग रेंलिंग के बीचो बीच फंस गया और पिछला भाग रोड के नीचे खाई मे गिर गया और इस तरह से वाहन दो भागों में विभक्त हो गया। जैसे ही ट्रेलर पलटी वाहन में मौजूद खलासी मौके पर से जंगल के रास्ते से फरार हो गया। इस दौरान सड़क में चलने वाला एक राहगीर ने तुरंत दुर्घटना की सुचना स्थानीय थाना प्रभारी को दी। मौके पर अड़की थाना प्रभारी मोहम्मद इकबाल हुसैन सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल व्यक्ति चालक को उठाकर अड़की स्थित कल्याण अस्पताल लाया गया जहां चालक का ईलाज किया गया बताते चलें की दुर्घटना से चालक के सिर में चोट आई लगी है लेकिन वो खतरे से बाहर है।इधर पुलिस अग्रतर कारवाई में जूटी है।

## तमाड़ में पोषण दिवस मनाया गया, एसडीएम पहुंचे

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):**रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड में राष्टीय पोषण माह में सुपोषित भारत,सक्षम भारत, सशक्त भारत के तहत बुधवार को प्रखंड बाल विकास परियोजना के तहत पोषण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बुंडू अनुमण्डल पदाधिकारी अजय साव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में तमाड़ अंचलाधिकारी उपस्थित थे। इस मोके पर आंगनबाड़ी सेविकाओ व्दारा गोद भराई, मुहजुठी कार्यक्रम किया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार का स्टॉल लगाया गया। स्टॉल में कच्चा, पक्का भोजन मौसमी फल, हरि साग सब्जी, जंगली जड़ीबूटी लगाया गया था। उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा सेविका गांव की रीड होती है। उन्हें के सहयोग से अभी हर तरह के कार्य कराए जा रहे हैं । गांव में कुपोषित बच्चों सहित गर्भवती महिलाओं को देखरेख करना आंगनबाड़ी सेविकाओं का ही काम है ।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**

**समग्र शिक्षा**

विज्ञापन संख्या:–……………………….

**झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों में शिक्षिकाओं के चयन हेतु आवश्यक सूचना**

1. राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक 3060 दिनांक 03.08.2023 के आलोक में कोडरमा जिलान्तर्गत संचालित **02 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय** (डोमचाँच एवं चन्दवारा) में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी **महिला अभ्यर्थियों** से निम्नांकित शर्तों के अधीन शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 20.10.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा, समग्र शिक्षा कार्यालय, समाहरणालय परिसर, राँची पटना रोड, कोडरमा में आमंत्रित किए जाते हैं :–

| Sl. No. | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| | कक्षा 06 से कक्षा 08 | | | | | | | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा (हिन्दी/अंग्रेजी) | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – गणित | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – सा0 विज्ञान | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 5 | पूर्णकालिक शारीरिक शिक्षिका (महिला) | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| | कुल | 10 | 5 | 5 | 0 | 0 | 0 | 10 |
| | कक्षा 09 से कक्षा 12 | | | | | | | |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी ) | 4 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 4 |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान (भौतिकी+गणित) | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 8 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान (रसायन विज्ञान+जीव विज्ञान) | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 9 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – सामाजिक विज्ञान | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 10 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – अर्थशास्त्र | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| | कुल | 12 | 6 | 6 | 0 | 0 | 0 | 12 |

2. उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पदनाम से आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा में अनिवार्य रूप से दिनांक 20.10.2023 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे । साधारण डाक से भेजे गए आवेदन/हाथो–हाथ दिए गए आवेदन/आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय के उपरान्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे तथा इसकी जबावदेही विभाग की नहीं होगी।

3. चयन हेतु अहर्ता एवं निर्धारित परिलब्धि –

| क्र. सं. | पदनाम | वांछित अहर्ता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | भाषा शिक्षिका (हिन्दी/अंग्रेजी) | 1. **शैक्षणिक अहर्ता** :– किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक शिक्षिका यथा क्रमांक 1 से 10 (कक्षा 6 से 8 हेतु 5 पद एवं कक्षा 9 से 12 हेतु 5 पद) पर अंकित पदों हेतु आवेदन किया जा रहा हो) में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक की अहर्ता अनिवार्य है। अनुसूचित जाति/जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यर्थियों को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>2. **प्रशैक्षणिक अहर्ता** :– क्र.सं. 06 से 10 हेतु अनिवार्य रूप से मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी. एड. तथा क्र.सं. 01 से 04 हेतु मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी.एड अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता। शारीरिक शिक्षिका के लिये Bachelor in Physical Education/ Degree in physical education अनिवार्य होगा।<br>3. **शिक्षक पात्रता परीक्षा** :– राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अधीन झारखण्ड सरकार द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 के लिए आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार द्वारा TET की वैधता आजीवन मान्य किया गया है। शारीरिक शिक्षिका एवं कक्षा 09 से 12 हेतु TET अनिवार्य नहीं है। | 1. शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 15,840/– प्रतिमाह देय होगी। 03 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने पर नियत प्रतिमाह परिलब्धि में 50 प्रतिशत की वृद्धि देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 2 | गणित शिक्षिका | | |
| 3 | विज्ञान शिक्षिका | | |
| 4 | सामाजिक विज्ञान शिक्षिका | | |
| 5 | शिक्षिका – शारीरिक शिक्षा | | |

**चयन संबंधी दिशा–निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्तें निम्नवत हैं –**

1. चयन हेतु सिर्फ महिला अभ्यर्थी ही योग्य माने जायेंगे । पुरूष अभ्यर्थियों का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. चयनित होने वाले शिक्षिका एवं शिक्षकेत्तर कर्मी की सेवा अनुबंध के आधार पर प्रथमतया एक वर्ष के लिए ली जाएगी तथा कार्य संतोषप्रद होने की स्थिति में एक–एक वर्ष के लिए अवधि विस्तारित किया जा सकेगा । इस पर पूर्ण रूपेण विभाग का अंतिम निर्णय मान्य होगा।
3. सभी पदों के चयन में जिला स्तरीय आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा।
4. आयु सीमा :–
   i. चयन हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 तथा अधिकत्तम उम्र 38 वर्ष होगी परन्तु उच्चतम उम्र में कार्मिक, प्रशासनिक एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक संख्या 29 दिनांक 04.01.2021 झारखण्ड सरकार के आलोक में निम्नवत् होगी :–

| Sl.No. | Category | Maximum age limit |
|---|---|---|
| 1 | Female (UR/EWS/BC-I/BC-II) | 38 |
| 2 | SC/ ST (Male and Female) | 40 |
| 3 | Person (Female) with bench mark disability (PwBD) | A relaxation of 10 years in their respective category. |

   ii. भूतपूर्व सैनिको (Ex-Servicemen) को अपनी कोटि में 05 वर्ष तक उपरोक्त अधिकत्तम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।
   iii. उम्र की गणना आवेदन करने की तिथि/वर्ष 01.06.2023 के आधार पर की जायेगी।
5. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में कार्यरत पूर्णकालिक/ अंशकालिक शिक्षिकाओं को राज्य कार्यकारिणी समिति की 52वीं एवं 64वीं बैठक में पारित निर्णय के आलोक में इन कर्मियों के एक वर्ष के कार्यकाल के विरूद्ध 01 अंक के आधार पर कुल कार्यकाल की गणना कर परीक्षा में प्राप्त अंक में अतिरिक्त अंक जोड़े जाने पर सहमति प्रदान की गई है। साथ ही निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में न्यूनतम शैक्षणिक में 5 प्रतिशत की सीमा तक छुट, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले को दी जाएगी।
6. **आवेदन** :– सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 20.10.2023 के संध्या 05:00 बजे तक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा ।
7. प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्तें, अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक वेबसाईट **"https://www.koderma.nic.in"** पर उपलब्ध है । चयन से संबंधित सभी दिशा–निदेश उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे तथा अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकारी हेतु वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे । उपरोक्त जानकारी संबंधित जिलों के NIC के अधिकारिक वेबसाईट पर भी अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी।
8. **आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अनुलग्नक** :–
   i. 23 X 10 से.मी. का स्वःपता लिखा हुआ दो लिफाफा ।
   ii. सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य स्वःअभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छाया प्रति संलग्न की जाए ।
   iii. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र (झारखण्ड राज्य के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) स्वःअभिप्रमाणित छाया प्रति।
   iv. झारखण्ड राज्य के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत नियोजन हेतु आवासीय प्रमाण पत्र की स्वःअभिप्रमाणित छाया प्रति।
9. झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है, अतः चयनित अभ्यर्थी को विद्यालय में रहना अनिवार्य होगा ।
10. अभ्यर्थियों का चयन संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का इस हेतु निर्णय अंतिम माना जाएगा।
11. अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया किसी भी समय स्थगित/रद्द/परिवर्तन/शिथिल करने का अधिकार जिले के उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना को सुरक्षित रहेगा।
12. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से आवेदन के लिफाफा के ऊपर लाल रंग से मोटे अक्षर में आवेदित पद का नाम/विषय एवं कोटि अंकित करना होगा। अन्यथा आवेदन अस्वीकार करने की स्थिति में वे स्वयं जवाबदेह होंगे।
13. अपूर्ण/अस्पष्ट/ अहस्ताक्षरित तथा वांछित प्रमाण–पत्र नहीं रहने की स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–**
**जिला कार्यक्रम पदाधिकारी.**
**समग्र शिक्षा, कोडरमा**

**उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,**
**समग्र शिक्षा, कोडरमा**

**PR 307834 Jharkhand Education Project Council(23-24)#D**

## बीएनएमएच का वर्ल्ड हार्ट डे पर वाकाथन कल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वर्ल्ड हार्ट डे के उपलक्ष पर ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल (बीएनएमएच) द्वारा 29 सितंबर को जमशेदपुर वासियों के लिए एक मेगा वाकाथन आयोजित करेगा। वाकाथन में कारपोरेट जगत, मीडिया जगत, प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान, हेल्थ केयर प्रोफेशनल, प्रतिष्ठित क्लब एवं समाज के लोग शामिल होंगे। वाकाथन जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के पास मोदी पार्क से सुबह 6.30 बजे शुरू होगा। जो स्ट्रेट माइल रोड से होते हुए साकची मेन गोल चक्कर और फिर जुबली पार्क रोड से होकर मोदी पार्क पर समाप्त होगा। यह करीब 2 किलोमीटर का वॉक होगा। वाकाथन की शुरुआत जाने-माने समाज सुधारक बेली बोधन वाला, प्रसिद्ध कार्डियक सर्जन डॉ परवेज आलम एवं हृदय विशेषज्ञों की टीम आसमान में गुब्बरों का गुच्छ उड़ा कर करेंगे। फैसिलिटी डायरेक्टर, विनीत राज ने कहा कि हम सभी उम्र के लोगों को वाकाथन में भाग लेने के लिए अपील करते हैं। डॉ परवेज आलम कहते हैं कि भारत में हृदय रोग तेजी से बढ़ रहा है। हमारे देश में हर 33 सेकंड में एक दिल का दौरा एक जीवन लेता है। इस वाकाथन के माध्यम से लोगों के बीच में पैदल चलने ( वाक) को लेकर जागरूकता पैदा करना है ताकि दिल की बीमारियों की रोकथाम की जा सके।

## बिष्टुपुर राम मंदिर में महासर माता का वार्षिक उत्सव आज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिष्टुपुर स्थित राम मंदिर के एसी हॉल में कुलदेवी महासर माता का द्वितीय वार्षिक उत्सव वृहस्पतिवार 28 सितंबर (चतुर्दशी) को आयोजित होगा। श्री महासर माता परिवार जमशेदपुर द्वारा आयोजित इस धार्मिक उत्सव में कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिला से श्रद्धालु शामिल होंगें। इस संबंध में संगीता मित्तल और दीपक भालोटिया ने बताया कि आमंत्रित स्थानीय कलाकार रोहित गुलाटी, पूजा झा सहित राउरकेला की स्वर्ण रेखा माता के चरणों में भजनों की अमृत वर्षा कर भक्तों को झूमायेंगें।

## संभावित समावेशन को लेकर भारतीय बाजार में मची हुई है हलचल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज से 10 साल पहले, भारत को भुगतान संतुलन के सबसे खराब संकटों में से एक का सामना करना पड़ा, जिसके कारण इसकी मुद्रा में भारी गिरावट आई और इस पर फ्रैगाइल फाइव राष्ट्र के रूप में लेबल लगा दिया गया। 2023 तक तेजी से आगे बढ़ते हुए, क्रमिक नीतिगत सुधारों की एक श्रृंखला ने भारत को बाजार वित्त की दुनिया में अपने वैश्विक दबदबे का विस्तार करने और वैश्विक वित्तीय प्रणाली में एकीकृत होने में सक्षम बनाया है। जेपी मॉर्गन द्वारा चुनिंदा भारतीय सरकारी प्रतिभूतियों को अपने उभरते बाजार सूचकांकों में शामिल करने की हुई घोषणा भारतीय बांड बाजारों के लिए एक भौतिक घटना है। ऐतिहासिक रूप से, भारतीय बाज़ारों में विदेशी निवेशकों की भागीदारी धीमी और वस्तुतः नगण्य रही है। सुझाए गए समावेशन से अगले 18 महीनों में 25 - 30 बिलियन अमेरिकी डॉलर (2.5 लाख करोड़ रुपये) प्राप्त हो सकते हैं। सूचकांक समीक्षा के अनुसार, 23 बांड सूचकांक पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, जिनका संयुक्त अनुमानित मूल्य लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये/330 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।

## बारिश से अनाथ बच्चों का घर गिरा, सरकारी मदद दिलाने के लिए पहुंचे विजय गागराई



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लगातार बारिश के कारण सोमवार देर रात को चक्रधरपुर प्रखंड अंतर्गत कुम्हारलोग गांव में रहने वाले अनाथ बच्चों का घर गिर गया। घटना की सूचना पाकर बुधवार शाम को पीपल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई पीड़ित अनाथ बच्चों से मिलने गांव पहुंचे। श्री गागराई ने फोन पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरजा नंद किस्कु से वार्ता करते हुए वस्तु स्थिति की जानकारी दिए। जिसके बाद प्रभारी बीडीओ गिरजानंद किस्कू प्रखंड की टीम लेकर कुमारलोंग पहुंचे। जहां पर मामले की जानकारी दिए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वय शीतल बागे को आवास बनाने को लेकर प्रक्रिया पुरा करने का निर्देश दिया। वहीं सरकार की ओर से अंबेडकर आवास बनाने की बात कही.

## पटमदा स्कूल का जर्जर कमरा गिरा, नया भवन बनवाने की मांग



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के प्लस टू आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा जर्जर हो चुके दो कमरे भवन दो दिन पहले ही ध्वस्त होकर गिर गई। जिस दिन यह घटना घटी संयोग से उस दिन स्कूल बंद था अन्यथा कोई बड़ी घटना घट सकती थी। अभिभावकों से जानकारी मिलने के बाद बुधवार को भाजपा नेता विमल बैठा स्कूल पहुंचे और शिक्षकों से मामलें की जानकारी ली। विमल बैठा ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन समिति के बुलावे पर इसके पहले भी स्कूल पहूंचकर जर्जर भवन का जायजा ले चुके थे। उस समय शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों से मिलकर जर्जर भवन को तोड़ने के लिए मांग की गई थी। लेकिन शिक्षा विभाग ने न तो जर्जर भवन को तोड़वाया और न ही तोड़ने के लिए आदेश जारी किया। उन्होंने शिक्षा विभाग से जल्द ही नया भवन निर्माण की मांग की है।

## टेल्को पुलिस ने भाजपा नेता को भेजा 107 का नोटिस, अंकित ने की मामले की जांच की मांग

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टेल्को पुलिस के कारनामे की वजह से झारखंड पुलिस की कार्य संस्कृति पर तरह तरह के सवाल उठने लगे हैं। नया मामला सामने आया है जिसमें टेल्को पुलिस ने भाजपा नेता को उन्मादी बताकर 107 का नोटिस भेजा है। पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में बारीनगर के कुछ गौ तस्करों और कसाईयों के साथ साथ भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता अंकित आनंद को भी अभियुक्त बनाकर नोटिस भेजा है। टेल्को थाना के एक रिपोर्ट के आलोक में अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालय ने मिस केस संख्या 221/2023 के आलोक में उक्त नोटिस जारी किया है। बुधवार सुबह 10:10 बजे टेल्को थाना ने भाजपा नेता को उनके आवासीय कार्यालय में नोटिस सौंपी गई है जिसमें बुधवार को ही सुबह 10:30 बजे एसडीएम कोर्ट में उपस्थित होने को कहा गया है। इस नोटिस की प्रासंगिकता को चुनौती देते हुए भाजपा नेता अंकित आनंद ने जाँच की माँग उठाई है। ट्वीट के मार्फ़त उन्होंने झारखंड सरकार के डीजीपी सहित जमशेदपुर एसएसपी से संज्ञान लेकर मामले में जाँच कमिटी गठन का अनुरोध किया है। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव को इस मामले की जानकारी देते हुए लिखा है की पुलिस प्रताड़ना और षड्यंत्र से आहत हूँ। जाँच पूर्ण होने तक भाजपा नेता ने अपनी प्राथमिक सदस्यता को होल्ड पर रखने का आग्रह पार्टी के आला नेताओं से किया है। कहा की मैं नहीं चाहता की आरोपों की वजह से विपक्षी पार्टियां भाजपा को इस मुद्दे पर घेरे।

# नक्सलवाद से लगभग मुक्त हो चुका है सरायकेला-खरसावां : डीआईजी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कोल्हान डीआईजी अजय लिंडा द्वारा बुधवार को कांड्रा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम डीआईजी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। करीब घंटे भर चले इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने लंबित कांडों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी संतोषप्रद पाया गया। इस मौके पर पत्रकार वार्ता के दौरान डीआईजी ने कहा कि सरायकेला-खरसावां जिले में नक्सलवाद का लगभग खात्मा हो चुका है। बीते छह माह में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा लगभग सभी हार्डकोर नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इससे नक्सली गतिविधियां अब पूरी तरह खत्म हो चली है। जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्ग पर लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं पर कोल्हान डीआईजी ने चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि जिला पुलिस को निर्देशित किया गया है कि सड़क पर ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा जागरूकता चलाई जाए और बड़े वाहनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जाए। बताया कि जल्द ही एक्शन प्लान तैयार कर बड़े वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने का भी प्रयास किया जाएगा। इस दौरान डीआईजी के साथ पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार, मुख्यालय डीएसपी चंदन वत्स, कांड्रा थाना प्रभारी पास्कल टोप्पो भी मौजूद रहे।



## राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में जिले के तीन खिलाड़ी का हुआ चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरूलडीह :** राज्य स्तरीय खेलो झारखंड योगासन प्रतियोगिता में सरायकेला जिला के तीन बच्चों का चयन हुआ। खेलगांव के बिरसा मुंडा स्टेडियम में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में सरायकेला जिला के कुल 9 प्रतिभागियों ने जिला का प्रतिनिधित्व किए। जिसमें से अंडर 14 बालक वर्ग प्रवीण कुमार महतो (मध्य विद्याल पांड्रा, कुकड़ु), अंडर 14 बालिका वर्ग मामनी महतो (मध्य विद्यालय पांड्रा, कुकड़ू) अंडर 19 बालिका वर्ग गुड़िया भगत (एस एस+2 हाई स्कूल चांडिल) का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ। यह जानकारी जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सिकंदर महतो ने दी. इस उपलब्धि पर डीसी रविशंकर शुक्ला, डीईओ जितेंद्र सिन्हा व डीएसई चार्ल्स हेंब्रम समेत अन्य ने हर्ष व्यक्त किया है। खिलाडियों के साथ कोच आनंद महतो, प्रेमाशीष महतो, स्कॉट शिक्षक गणेश कालिंदी, राजकुमार महतो, शिक्षिका लक्ष्मी महतो, डॉक्टर गोबिंद चंद्र महतो आदि मौके पर उपस्थित थे।

## जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित

# सक्रिय लैंपस की संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सहकारी आंदोलन को मजबूती प्रदान करने एवं उसकी जमीनी स्तर पर पहुंच बनाने हेतु गठित जिला सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी) की बैठक उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई । जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 228 लैंपस में से कुल 129 लैम्पसों को सहकारी बैंक से सम्बद्ध किया जा चुका है, शेष 99 लैम्पसों को सहकारी बैंक से संबद्धता प्राप्त की कार्यवाही प्रगतिरत है । जिले में लैंपस को प्रज्ञा केन्द्र (सीएससी) के रूप में कार्य संबंधी 48 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसपर समिति ने सहमति प्रदान की । वहीं लैम्पसों के कम्प्यूटरीकरण हेतु 52 लैम्पस का चयन किया गया है, सदस्यों को नाबार्ड प्रशिक्षण देगी । सहकारिता पदाधिकारी ने समिति को जानकारी दी कि जिला स्तरीय संघ के रूप में सिद्धो कान्हू कृषि एवं वनोपज सहकारी संघ लि. का निबंधन वर्ष 2021 में किया गया है जिसमें अबतक सदस्य लैंपस के रूप में 20 लैंपस जुड़े हैं । 228 में से मात्र 40 लैंपस के जिले में सक्रिय रहने पर उप विकास आयुक्त ने अप्रसन्नता जताते हुए सहकारिता पदाधिकारी को सभी लैंपस को सक्रिय करने के निर्देश दिए । बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी दीपू कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिंदी, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्री विजय प्रताप तिर्की, जिला मत्स्य पदाधिकारी अल्का पन्ना, जिला उद्यान पदाधिकारी, एलडीएम व अन्य उपस्थित थे।



# डीलर द्वारा कम राशन देने के खिलाफ लाभुकों ने किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला- खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के आदारडीह गांव में बुधवार को आदारडीह के ग्रामीणों ने राशन डीलर द्वारा कम राशन देने के खिलाफ राशन डीलर के घर में प्रदर्शन किया। वहीं दो महीने का अनाज के बदले डीलर द्वारा एक महीने का ही राशन दिया जा रहा है, जिससे कार्डधारी कम राशन लेने से इंकार कर दिया। डीलर के आनाकानी करने पर गांव के करीब तीन सौ महिला पुरुष ने डीलर के घर पर प्रदर्शन कर दो महीने का राशन देने का मांग किया। वहीं ईचागढ़ प्रखंड के उपप्रमुख दीपक कुमार साव ने कहा कि लोगों से लगातार शिकायत मिल रही थी ,कि अगस्त एवं सितंबर दो माह का राशन डीलर नहीं दे रहा है जबकि दो महीने का अंगूठा लगाकर रसीद निकाल दिया था। उपप्रमुख ने कहा कि एमओ तथा ईचागढ़ बीडीओ से इस मामले पर बात भी किया है। उन्होंने कहा कि आश्वासन मिला है जल्द ही डीलर द्वारा राशन का भुगतान किया जाएगा। ग्रामीणों ने इस मामले को लिखित शिकायत भी किया। एमओ ने तीन दिन के अंदर डीलर को राशन देने का निर्देश दिया।



## तैलिक साहू महासभा का श्याम नगर क्षेत्रीय कमिटी गठित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में मानगो श्याम नगर मैदान में मिलन समारोह सह चिंतन शिविर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें राजेश साव को श्याम नगर क्षेत्रीय अध्यक्ष, मुकेश साव को महासचिव एवं अदित साव को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्र के प्रभारी गणेश साव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश कुमार, भोला प्रसाद, संजय साहू, अशोक साहू, सत्यदेव प्रसाद, संतोष गुप्ता, उमेश साव, गौतम साहू,को फूलों गुलदस्ता एवं माला पहनकर स्वागत किया।

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए जिला पार्षद ने किया जागरूक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत बिड़रा ग्राम संसद भवन में बुधवार को जेएसएलपीएस की ओर से एक बैठक आयोजित कर महिला समूहों से जुड़े महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पटमदा प्रखंड के खेडुआ, लावा, महुलबना, पटमदा व बिडरा पंचायत के दर्जनों महिला समूहों से जुड़े महिलाएं शामिल हुई। इस दौरान मुख्य रूप से जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, प्रदीप बेसरा, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू व बैंक के प्रतिनिधिगण मौजूद थे। जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने महिलाओं को स्वावलंबी बनने के लिए कहा कि आप लोग बैंक से ऋण लेकर व्यवसाय शुरू करें और समय पर बैंक का ऋण चुकता कर दें। इसमें अपनी रोजगार भी बढ़ेगा और बैंक के साथ एक बेहतर संबंध भी स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार भी महिलाओं को स्वनिर्भर बनाने के लिए कई तरह के योजनाएं लागू किया है। उसका भी लाभ उठाने के लिए एक दूसरे को सहयोग करें। इस दौरान जेएसएलपीएस के कई पदाधिकारी मौजूद थे।



## ईद मिलादुन्नबी पर आज शहर में रहेंगी नो एंट्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ईद मिलादुन्नबी को लेकर गुरुवार को शहर में नो एंट्री रहेगी। यह नो एंट्री मानगो समेत शहर के विभिन्न इलाकों में रहेगी। इस दौरान सुबह 6:00 बजे से रात 11:00 बजे तक शहर में भारी वाहनों का परिचालन पूरी तरह वर्जित रहेगा। यानी बड़े व्यावसायिक वाहनों के आवागमन पर पाबंदी रहेगी। यात्री बसों को इससे छूट दी गई है। यात्री बसें मानगो बस स्टैंड से आवागमन कर सकेंगी। इस संबंध में बुधवार को डीसी, एसएसपी और डीएसपी ट्रैफिक का संयुक्त आदेश जारी कर दिया गया है।

# गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय में पोषण माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय में पोषण माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीओ सह बीडीओ गिरेन्द्र टूटी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पोषण माह का प्राथमिक उद्देश्य उन प्रथाओं को बढ़ावा देना है जो बीमारियों और कुपोषण की समस्या का समाधान कर व्यक्तियों के स्वास्थ्य, कल्याण तथा प्रतिरक्षा में सुधार करती है। उन्होंने उपस्थित कर्मियों से पूरे माह तक चलने वाले इस कार्यक्रम को सफल बनाने को कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीडीपीओ ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 1 सितंबर से 30 सितंबर पोषण माह का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम को स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ प्रमिला कुमारी ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख अनिता बेसरा, ज़िप सदस्य पिंकी मण्डल, शम्भू मण्डल, पंसस अमरेश गोस्वामी समेत सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाएं उपस्थिति थी।



## सुधीर कुमार पप्पू को अधिवक्ताओं ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कोल्हान गौरव सम्मान से अलंकृत अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू को जमशेदपुर बार एसोसियेशन और ऑल इंडिया लॉयर्स काउंसिल के अधिवक्ताओं ने सम्मानित किया। अधिवक्ताओं की ओर से पूर्व लोक अभियोजक पी एन गोप, पूर्व लोक अभियोजक सुशील जायसवाल, पूर्व लोक अभियोजक जगत विजय सिंह ने शॉल ओढ़ाया। एसोसियेशन के निवर्तमान अध्यक्ष अधिवक्ता आरएन दास एवं सचिव मोहम्मद कासिम, बबीता जैन ने गुलदस्ता भेंट किया। संस्था ऑल इंडिया लॉयर्स काउंसिल के प्रदेश सचिव गुड्डू हैदर एवं जिला अध्यक्ष मणि भूषण कुमार, रीना सिंह, राहुल कुमार, कुलविंदर सिंह, जाहिद इकबाल, विजय सिंह, दिनेश यादव, ने माला पहनाकर सम्मानित किया। पूर्व लोक अभियोजन पीएन गोप के अनुसार भारतीय संविधान की मूल भावना के अनुसार अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू कार्य करते है। शोषित वंचित समाज के लिए हर संभव मदद करते हैं। इस मौके पर नोटरी ओम प्रकाश, एसोसियेशन के निवर्तमान पदाधिकारी अधिवक्ता अजय सिंह राठौर, वरीय अधिवक्ता बीजी डे, दिनेश पांडेय, पंकज सिन्हा, रास बिहारी, अनवर हुसैन सहित सैकड़ों अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई तथा स्थानीय दैनिक समाचार पत्र के प्रति आभार जताया।



# महिला बैंक कर्मी से दिनदहाड़े 40 हजार कैश व स्कूटी की छिनतई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर थाना क्षेत्र की रुंगसाई से मंडलसाई जाने वाले रास्ते में बुधवार को दिनदहाड़े बंधन बैंक की एक महिलाकर्मी शिखा प्रजापति से छिनतई की घटना हुई। दो नेकाबपोश बदमाशों ने पिस्तौल का भय दिखाकर महिला बैंककर्मी से 40 हजार रुपए और स्कूटी छीन कर फरार हो गए। बंधन बैंक के मैनेजर दिवाकर कुमार ने लुट की घटना की जानकारी देते हुए बताया कि चक्रधरपुर के बंधन बैंक में काम करने वाली महिला



शिखा प्रजापति चक्रधरपुर के टोंकाटोला व रुंगसाई से महिला समूह के पैसे इकट्ठा कर चक्रधरपुर के लोकनाथनगर स्थित अपने कार्यालय जा रही थी। इसी दौरान दो युवक मुंह में काला कपड़ा बांधे हुए इन्हें जबरदस्ती रोककर उनके पर्स एवं स्कूटी का चाबी छीन कर महिला को धक्का देकर पिस्तौल दिखाकर डराने लगे और मौका पाकर दोनों नेकाबपोश लुटेरे स्कूटी में सवार होकर फरार हो गए। इस संबंध में महिला ने चक्रधरपुर थाना में मामला दर्ज कराया है।इधर चक्रधरपुर थाना में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

**दो नेकाबपोश बदमाशों ने पिस्तौल का भय दिखाकर महिला बैंककर्मी से 40 हजार रुपए और स्कूटी छीन कर फरार हो गए।**

## पीएलवी ने ग्रामीण महिलाओं को किया जागरूक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के पीएलवी कार्तिक गोप ने ग्रामीण महिलाओं को अपने कानुनी अधिकार के संबंध में जागरूक किया। नालसा तथा झालसा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला तथा अनुमण्डीय विधिक सेवा समिति चाण्डील की और से पीएलवी कार्तिक गोप ने रानीडीह गाँव में महिलाओं के प्रति हो रहे बलात्कार, बाल मजदुर ,डायन, दहेज प्रथा से संबंधित अभियान के तहत जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि लगातार 100 दिनों तक ये जागरूकता अभियान चलाया जायेगा मौके पर खुदु गोप, अजय मुर्मु, नगेन्द्र नाथ माझी, अरुण गोप, भंजन , साधु,आदि काभी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

संपादकीय

# नारी सशक्तिकरण की मानसिकता नहीं, श्रेय लूटने की होड़

देश की राजनीति की दिशा बदलने वाला बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण विधेयक 'नारी शक्ति वंदन' को लेकर संसद में जिस तरह की बहस हुई और इस विधेयक का श्रेय लेने की होड़ मची, उससे राजनीतिक दलों की मानसिकता सामने आ गई। कांग्रेस कह रही है कि महिलाओं को आरक्षण देने का यह सपना राजीव गांधी का था। वहीं, तृणमूल कांग्रेस की ओर से दावा किया जा रहा है कि ममता बनर्जी इस विधेयक की 'मां' हैं। सबसे हैरत की बात यह देखने को मिली कि जिन राजनीतिक दलों ने कभी खुलकर महिला आरक्षण विधेयक का विरोध किया और महिलाओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणियां की, वे भी दाएं–बाएं से मोदी सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय का श्रेय लूटने की कोशिश करते दिखे। दरअसल ये राजनीतिक दल यह कतई नहीं चाहते कि देश की मातृशक्ति को संसदीय व्यवस्था में अधिक हिस्सेदारी देने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार को मिले। इसलिए वे किसी न किसी प्रकार यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं, इस ऐतिहासिक विधेयक का श्रेय उनको मिले, निर्णय करनेवाली मोदी सरकार को नहीं। उन्हें यह डर है कि इस ऐतिहासिक विधेयक के संसद से पास होने पर महिलाओं का झुकाव मोदी सरकार की ओर और अधिक बढ़ जायेगा। जिसका सीधा असर आगामी लोकसभा के चुनाव में दिखेगा। भाजपा और उसके गठबंधन को महिलाओं का एकतरफा समर्थन मिलेगा। यह बात सही है कि महिला विधेयक को लेकर पहले भी प्रयत्न हुए हैं। लेकिन वे प्रयत्न या तो आधे–अधूरे मन से किए गए या फिर तैयारी आधी–अधूरी थी। 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी की एनडीए सरकार ने विधेयक को लोकसभा में पेश किया था। विधेयक को जब पेश किया गया था तो आरजेडी के सांसद ने सभापति से छीनकर इसे फाड़ दिया था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भी किस प्रकार की अभद्रता की थी, उसका उल्लेख भी बुधवार को बहस के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने किया। आज महिला आरक्षण विधेयक का श्रेय छीनने को कोशिश करनेवाले राजनीतिक दलों/नेताओं के विरोध के कारण अटल सरकार इतिहास रचने से चूक गई। बाद में अटल सरकार अप्रैल 1999 में गिर गई थी। इसी के साथ विधेयक प्रक्रिया से बाहर हो गया। दिसंबर 1999, 2002 और 2003 में इसे दोबारा पेश किया गया। लेकिन, हर बार हश्र वही रहा। 2008 में मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल में यह थोड़ा आगे बढ़ा। लेकिन, वांछित परिणाम तब भी नहीं मिला। कांग्रेस ने इसे लोकसभा के सामने ही नहीं रखा। महिला आरक्षण के लिए पहला प्रयास 12 दिसंबर, 1996 में हुआ। तब एचडी देवेगौड़ा के नेतृत्व वाली यूनाइटेड फ्रंट की सरकार ने लोकसभा में इस आशय का विधेयक प्रस्तुत किया था। विधेयक में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही गई थी। ये सीटें रोटेशन आधार पर दी जानी थीं। लेकिन, 13 दलों के गठबंधन के कुछ घटक दल इसे लेकर तैयार नहीं हुए। लेकिन, मोदी सरकार जिस तैयारी के साथ महिला आरक्षण विधेयक को लेकर आई तो इसके पास होने पर किसी को संदेह नहीं था। इसलिए विरोध की राह छोड़कर विपक्षी दलों ने श्रेय लूटने का रास्ता अपनाया। मजेदार बात है कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने संसद में अपने भाषण के दौरान इसे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का सपना बताया। कितनी रोचक स्थिति है कि कांग्रेस इतने वर्षों में राजीव गांधी के सपने को पूरा नहीं कर पाई। राजीव गांधी का सपना भी प्रधानमंत्री मोदी पूरा कर रहे हैं। कांग्रेस को तो प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव लेकर आना चाहिए। मोदी सरकार की इस पहल का दूरगामी प्रभाव भारतीय राजनीति और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पड़ेगा। महिला सशक्तिकरण और देश के विकास में महिलाओं की भूमिका की दिशा में भी एक बड़ी छलांग भारत लगाएगा। अच्छा होता यदि श्रेय लूटने की होड़ की अपेक्षा सभी विपक्षी दल प्रधानमंत्री मोदी और सरकार की सराहना करते। बड़ा दिल दिखाकर वे जनता की सहानुभूति भी प्राप्त कर सकते थे। परंतु मोदी विरोध की राजनीति के कारण विपक्ष अवसर शानदार अवसरों पर चूक जाता है।

महिला आरक्षण विधेयक 'नारी शक्ति वंदन' को लेकर संसद में जिस तरह की बहस हुई और इस विधेयक का श्रेय लेने की होड़ मची, उससे राजनीतिक दलों की मानसिकता सामने आ गई। कांग्रेस कह रही है कि महिलाओं को आरक्षण देने का यह सपना राजीव गांधी का था। वहीं, तृणमूल कांग्रेस की ओर से दावा किया जा रहा है कि ममता बनर्जी इस विधेयक की 'मां' हैं। सबसे हैरत की बात यह देखने को मिली कि जिन राजनीतिक दलों ने कभी खुलकर महिला आरक्षण विधेयक का विरोध किया और महिलाओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणियां की, वे भी दाएं–बाएं से मोदी सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय का श्रेय लूटने की कोशिश करते दिखे। दरअसल ये राजनीतिक दल यह कतई नहीं चाहते कि देश की मातृशक्ति को संसदीय व्यवस्था में अधिक हिस्सेदारी देने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार को मिले। इसलिए वे किसी न किसी प्रकार यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं, इस ऐतिहासिक विधेयक का श्रेय उनको मिले, निर्णय करनेवाली मोदी सरकार को नहीं। उन्हें यह डर है कि इस ऐतिहासिक विधेयक के संसद से पास होने पर महिलाओं का झुकाव मोदी सरकार की ओर और अधिक बढ़ जायेगा। जिसका सीधा असर आगामी लोकसभा के चुनाव में दिखेगा। भाजपा और उसके गठबंधन को महिलाओं का एकतरफा समर्थन मिलेगा। यह बात सही है कि महिला विधेयक को लेकर पहले भी प्रयत्न हुए हैं।

## कुछ अलग

# श्रेय लूटने की लड़ाई

नए संसद भवन में कामकाज की इससे बेहतर शुरुआत और क्या हो सकती थी कि दोनों सदनों ने भारी बहुमत से उस ऐतिहासिक महिला आरक्षण बिल को पारित कर दिया, जो पिछले 27 वर्षों से अटका पड़ा था। हालांकि भारतीय लोकतंत्र की खासियत कहिए कि आजादी के तीन दशक भी नहीं हुए थे जब देश को पहली महिला प्रधानमंत्री मिल गई थीं। अमेरिका को भले ही पहली महिला राष्ट्रपति अब तक न मिली हो, भारत इस मामले में भी रेकॉर्ड बना चुका है। चुनावी राजनीति में भागीदारी का जहां तक सवाल है तो बतौर नागरिक और वोटर देश की आम महिलाओं ने उस मोर्चे पर भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। 2019 लोकसभा चुनावों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा दर्ज की गई। मगर जहां तक चुनाव लड़कर लोकसभा और विधानसभाओं में पहुंचने का मामला है, तो वहां महिलाओं का प्रतिशत चिंताजनक रूप से कम रहा है। आज जब लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर है, तब भी यह कुल सदस्य संख्या के 15 फीसदी से कम ही है। अच्छी बात यह रही कि हमारे राजनीतिक नेतृत्व ने इस स्थिति से उपजी चुनौतियों को महसूस करते हुए इस दिशा में प्रयास काफी पहले से शुरू कर दिए थे। अस्सी के दशक में जब राजीव गांधी सरकार पंचायती चुनावों में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण का विधेयक लेकर आई तो इसके पीछे भी सोच यही थी कि स्थानीय स्तर पर तैयार महिला नेतृत्व आगे चलकर विधानसभाओं और लोकसभा चुनावों में समर्थ महिला प्रत्याशियों की कमी दूर करेगा। फिर नब्बे के दशक के मध्य में बाकायदा लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण वाला बिल पेश कर दिया गया। उसके बाद बार-बार के प्रयास भी अगर इस विधेयक को कानून में तब्दील करने के लिहाज से नाकाफी साबित हुए तो उसके पीछे तमाम दलों के अंदर पुरुष सोच के वर्चस्व की भूमिका थी। बहरहाल, नए संसद भवन में जिस तरह से पक्ष-विपक्ष के तमाम दल इस बिल के पक्ष में खड़े दिखे, वह पिछले तीन दशकों में समाज में आए बदलावों और राजनीतिक दलों के अंदर आए उन बदलावों के एहसास का परिचायक है।

### विभिन्न रणनीतिक पहलों एवं अभिनव कार्यक्रमों के माध्यम से, सरकार का उद्देश्य हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाना है

# सामाजिक परिवर्तन और उद्यमिता को प्रोत्साहन

सौरभ गर्ग

उद्यमिता के प्रोत्साहन का यह दृष्टिकोण उस समावेशी विकास के इर्द–गिर्द घूमता है, जहां कोई भी पीछे नहीं छूटे और सभी नागरिकों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, को अवसर समान रूप से सुलभ हों। विभिन्न रणनीतिक पहलों एवं अभिनव कार्यक्रमों के माध्यम से, सरकार का उद्देश्य हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाते और उनकी क्षमता को सामने लाते हुए देश को व्यापक विकास की ओर ले जाना है। वर्ष 2015 में, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने रियायती वित्त प्रदान करके अनुसूचित जातियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु अनुसूचित जातियों के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की।

सामाजिक परिवर्तन के एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उद्यमिता की मान्यता पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उद्यमिता न केवल आर्थिक मूल्य सृजित करती है, बल्कि यह लोगों को अपने अधिकारों का प्रयोग करने तथा पारंपरिक मानदंडों से मुक्त होने के लिए सशक्त भी बनाती है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ एकीकृत करने की दृष्टि से, सरकार ने हाशिए पर रहने वाले एवं कमजोर समुदाय के लोगों के भीतर उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु कई सक्रिय कदम उठाए हैं। उद्यमिता के प्रोत्साहन का यह दृष्टिकोण उस समावेशी विकास के इर्द-गिर्द घूमता है, जहां कोई भी पीछे नहीं छूटे और सभी नागरिकों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, को अवसर समान रूप से सुलभ हों। विभिन्न रणनीतिक पहलों एवं अभिनव कार्यक्रमों के माध्यम से, सरकार का उद्देश्य हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाते और उनकी क्षमता को सामने लाते हुए देश को व्यापक विकास की ओर ले जाना है। वर्ष 2015 में, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने रियायती वित्त प्रदान करके अनुसूचित जातियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु अनुसूचित जातियों के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की। लगभग 726 करोड़ रुपये की मौजूदा निधि के साथ, इस कोष ने सभी उद्योगों में ग्रीन-फील्ड एवं विस्तार परियोजनाओं के लिए 10 लाख रुपये से लेकर 15 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की पेशकश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस वित्तीय सहायता ने उन उभरते उद्यमियों के लिए एक जीवन-रेखा के रूप में काम किया है, जिनके लिए शायद फंडिंग के पारंपरिक मार्गों तक पहुंचना संभव नहीं होता। इस कोष के सबसे उल्लेखनीय पहलुओं में से एक चार प्रतिशत प्रति वर्ष की रियायती ब्याज दर है, जिसे महिला उद्यमियों एवं अनुसूचित जाति वर्ग के दिव्यांग उद्यमियों के लिए घटाकर 3.75 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दिया गया है। ब्याज दरों में यह उल्लेखनीय कमी यह सुनिश्चित करती है कि हाशिए की पृष्ठभूमि से उभरने वाले उद्यमी अपेक्षाकृत अधिक विशेषाधिकार प्राप्त पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाले अपने समकक्षों के साथ समान धरातल पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। आम्बेडकर सोशल इनोवेशन इनक्यूबेशन मिशन (एएसआईआईएम) सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्यम पूंजी (वेंचर कैपिटल) से जुड़ी पहल के हिस्से के रूप में, अनुसूचित जाति समुदाय के




युवाओं के भीतर अभिनव विचारों के विकास एवं प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एएसआईआईएम का 2020 में शुभारंभ किया गया था। कुल 30 लाख रुपये तक की फंडिंग के माध्यम से, एएसआईआईएम ने अनुसूचित जाति समुदाय के छात्रों एवं शोधकर्ताओं द्वारा शुरू की गई प्रौद्योगिकी-उन्मुख परियोजनाओं व स्टार्ट-अप का समर्थन किया है। इस पहल ने उद्यमिता के मोर्चे पर सरकार की ओर से डाले जाने वाले प्रभाव में एक और गतिशील एवं अभिनव आयाम जोड़ा है। इन पहलों का प्रभाव गहरा रहा है। कुल मिलाकर 20 राज्यों में अनुसूचित जाति के उद्यमियों के स्वामित्व वाले 200 उद्यमों को समर्थन देने के लिए 483 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। ये उद्यम विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं और क्षेत्रीय विकास एवं राष्ट्र-निर्माण के व्यापक प्रयास में अहम योगदान दे रहे हैं। इसके अलावा, अनुसूचित जाति समुदाय के पहली पीढ़ी के उद्यमियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करके उनकी सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मार्गदर्शन सत्र की पेशकश करने वाले प्लेटफॉर्म aye-mentor.in की स्थापना की गई है। अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों की असीम क्षमताओं को पहचानते हुए, सरकार ने 2019 में पिछड़े वर्ग के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की। कुल 143 करोड़ रुपये की मौजूदा निधि के साथ, यह कोष पिछड़े वर्ग के उद्यमियों को रियायती वित्तपोषण प्रदान करता है। इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहन मिला है। सभी उद्योगों में ग्रीन-फील्ड एवं विस्तार परियोजनाओं के लिए 20 लाख रुपये से लेकर 15 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की पेशकश करके, हम आर्थिक समावेशिता को बढ़ावा दे रहे हैं। इस कोष ने मैन्यूफैक्चरिंग, सेवाओं एवं कृषि से संबंधित उद्योगों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों के स्वामित्व वाली 29 कंपनियों को 106 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इस वित्तीय सहायता ने अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के बीच विकास एवं समावेशिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2021 में, 'सिल्वर इकोनॉमी' के रूप में जाने जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं भलाई के लिए अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवीएवाई) के तहत 'सेज' (सीनियर एजिंग ग्रोथ इंजन) नाम की पहल शुरू की गई थी। कुल 21.50 करोड़ रुपये की वर्तमान निधि और 106 करोड़ रुपये की इच्छित निधि के साथ, सेज उद्यम कोष (वेंचर फंड) इस क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए बुजुर्गों की बेहतरी के लिए नवीन समाधान पेश करने वाले स्टार्ट-अप का समर्थन करता है। ये पहल हाशिए पर रहने वाले समुदायों की क्षमताओं को सामने लाने और उन्हें अपनी नियति का निर्धारण करने के कार्य में सक्षम बनाने में समर्थ रहे हैं। उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) के माध्यम से वित्तीय सहायता के प्रावधान के परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में 700 करोड़ से अधिक मूल्य की परिसंपत्तिओं का निर्माण हुआ है और इससे 3000 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। हाशिए पर रहने वाले एवं कमजोर समुदायों के 400 से अधिक उद्यमियों ने अपनी उद्यमशीलता संबंधी आकांक्षाओं को सफलतापूर्वक साकार किया है। ये उद्यमी अब "मेक इन इंडिया" पहल में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं और इस प्रकार भारत की आर्थिक विकास एवं समृद्धि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने तथा सामाजिक सशक्तिकरण एवं राष्ट्र-निर्माण के वाहक के रूप में उद्यमिता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) के साथ-साथ सेज उद्यम कोष (वेंचर फंड) जैसी रणनीतिक पहलों के माध्यम से सरकार ने सभी लोगों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, के लिए अवसर सृजित करने का काम जारी रखा है। समावेशी प्रगति का दृष्टिकोण महज एक सपना भर नहीं है, बल्कि यह परिवर्तनकारी पहलों के माध्यम से तैयार की गई एक ऐसी वास्तविकता है जो लोगों को सशक्त बनाती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और राष्ट्र को व्यापक विकास के मार्ग पर अग्रसर करती है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## केंद्रीय महाधिवेशन में रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र से शामिल होंगे सैकड़ों कार्यकर्ता : राजेश महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आगामी 29,30 सितंबर और 1अक्टूबर को रांची स्थित मोराहाबादी मैदान में निर्धारित आजसू पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन में रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र से कार्यकर्ताओं की भागीदारी को लेकर केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार रामगढ़ जिला कार्यालय में नगर परिषद कमिटी की बैठक आयोजित की बैठक में मुख्य रूप नगर परिषद के निर्वतमान अध्यक्ष युगेश बेदिया, विशिष्ट अतिथि निर्वतमान उपाध्यक्ष मनोज महतो उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश महतो व संचालन छात्र संघ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने किया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रामगढ़ नगर परिषद निर्वतमान अध्यक्ष युगेश बेदिया ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व व गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी रामगढ़ विधानसभा विधायक सुनिता चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो के निर्देश पर केंद्रीय महाधिवेशन को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई है। आगामी 29, 30सितंबर और 1 अक्टूबर को रांची मोराहाबादी में निर्धारित तीन दिवसीय महाधिवेशन में रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं नगर परिषद के निर्वतमान उपाध्यक्ष मनोज महतो ने कहा कि महाधिवेशन को सफल बनाने को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।साथ ही उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से महाधिवेशन को लेकर सहयोग राशि हेतु जारी कूपन को कटा कर सहयोग राशी अदा करने की बात कही। वहीं नगर परिषद कमिटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने महाधिवेशन को सफल बनाने में स्वयं की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। रामगढ़ नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि महाधिवेशन को सफल बनाने को लेकर रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्ड के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तत्पर हैं। महाधिवेशन में रामगढ़ नगर परिषद कमिटी की भूमिका उल्लेखनीय रहेगी। पार्टी के सिद्धांतों और महाधिवेशन के उद्देश्य को पूरा करने के लिए रणनीति तय की गई है।बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष भुनेश्वर महतो,अल्पसंख्यक महासभा के नगर परिषद अध्यक्ष सोमू खान, आकाश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।




## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेला का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** गोला प्रखंड के सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में बुधवार कोआयुष्मान भव स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।शिविर में विभिन्न प्रकार के रोगों का जांच कर इलाज किया गया एवं रक्तदान शिविर लगाकर स्वेच्छा से अनेक लोगों ने रक्तदान किया जिनको रक्तदान प्रमाण पत्र दिया गया और टीवी मरीजों के बीच टाटा स्टील फाउंडेशन की तरफ से मासिक फूड पैकेट का वितरण किया गया।700 से अधिक महिला पुरुष ने रुटीन चेकअप जैसे बीपी शुगर हीमोग्लोबिन मलेरिया टाइफाइड टीवी हार्टबीट पल्स रेट इत्यादि का जांच कर स्वास्थ्य लाभ लिया। इसी तरह का मेला का आयोजन कर अगले 30 अक्टूबर 2023 को गोला प्रखंड के आम जनता को स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएगी जिसमें सभी को बढ़ चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया गया है।आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोला प्रमुख गीता देवी उप प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा जिला पार्षद सरस्वती कुमारी सिविल सर्जन रामगढ़ डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद चिकित्सा प्रभारी मोहम्मद शमीम बीपीओ विनय कुमार ललन कुमार एवं प्रखंड में कार्यरत सभी डॉक्टर स्वास्थ्य कर्मी सहिया दीदी एवं हजारों ग्रामीण उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की जिसके उपरांत उन्होंने वर्तमान में प्राकृतिक आपदाओं जैसे वज्रपात, अतिवृष्टि से मकान क्षति, जंगली जानवरों से झड़प, सड़क दुर्घटना में मृत्यु सहित अन्य आपदाओं में अस्वाभाविक रूप से मृत्यु होने के उपरांत आश्रितों/पीड़ितों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त सूची पर उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए आश्रितों एवं पीड़ितों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## होसिर में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिददी :** होसिर मां दुर्गा मंडप के प्रांगण में बुधवार को श्री श्री दुर्गा पूजा समिति होसिर के द्वारा दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक रखी गई। इसकी अध्यक्षता हीरालाल महतो व संचालन नागेश्वर पटेल ने किया। ग्रामीण भक्तों ने हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी पूजा धुमधाम के साथ मनाने के लिए अपने विचार रखें। इसके पश्चात नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नागेश्वर पटेल, उपाध्याय गोविंद महतो, सचिव हीरालाल महतो, उप सचिव गोल्डी साव, कोषाध्यक्ष दीपक महतो, संरक्षक पूर्व मुखिया प्रमोद महतो , संयोजक पंचायत समिति सदस्य गणेश महतो को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य रामप्रवेश ठाकुर, सुरेंद्र महतो, कृपा शरण महतो, कुलदीप महतो, रंजीत ठाकुर, गंगाधर महतो, सकलदीप महतो, सुभाष , विजय तुरी, दीपेंद्र महतो, महेश साव, आनंद ठाकुर, हीरो महतो, जितेंद्र साव, बालेश्वर महतो, वासुदेव चौधरी, योगेश कुमार प्रसाद, घटक महतो, अमित कुमार, रंजन ठाकुर, भुनेश्वर महतो, करजू महतो, महेंद्र महतो, राहुल कुमार, संतोष चौधरी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 के द्वारा सिउर कंडेर में चलाया गया स्वच्छता अभियान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 के द्वारा पतरातू प्रखंड के सिउर कंडेर गांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने पंचायत भवन परिसर के अगल-बगल का जगह जो पूरी तरह से घास-पात से घिरा हुआ था उसकी सफाई किया गया एवं गांव का भ्रमण किया गांव भ्रमण के दौरान स्वयंसेवकों के द्वारा नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। जिस एक सामाजिक जागरुकता और चेतना का संदेश लोगों के बीच गया साथ में गांव वालों से वार्तालाप हुई और सभी स्वयंसेवकों के साथ प्रोग्राम पदाधिकारी कामना राय ने उन सब से उनकी परिस्थितियों के बारे में जानने की कोशिश की और साथ में उन्हें जागरूक भी किया कि वह अधिक से अधिक अपने बच्चों को शिक्षित करने का काम करें शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजा कुमार, मुकेश कुमार,पम्मी कुमारी खुशी कुमारी आदि यनय लोग उपस्थित थे।

## लबगा पंचायत की मुखिया हेमा कुमारी के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** पतरातू प्रखंड के लबगा पंचायत की नव निर्वाचित मुखिया हेमा कुमारी के आकस्मिक निधन से पूरा क्षेत्र स्तब्ध और गमगीन हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार वे करमा का पर्व मनाने अपने मायके गई हुई थीं।मंगलवार रात्रि करीब 9־15 के बीच वे अपने पति शिवप्रसाद मुंडा से मोबाइल में बातचीत कर रही थी। फिर अचानक उन्होंने कहा कि पंखा नहीं चल रहा है और वह पंखा को चालू करने के लिए उठी कि अचानक उनके चिल्लाने की आवाज आई पर फिर वह चुप हो गई। जिससे उनके पति शिवप्रसाद मुंडा को किसी अनहोनी की आशंका होने लगी। उन्होंने अपने जेठ साले को फोन किया मगर उनसे उनकी बात नहीं हो पाई। फिर थोड़ी ही देर में उधर से कॉल आया कि हेमा कुमारी को बिजली का करंट लग गया है। आनन फानन में उन्हें सदर अस्पताल हजारीबाग ले जाएगा मगर उन्हें बचाया नहीं जा सका। देर रात्रि उनके शव को लबगा पंचायत के आरसाहा ग्राम लाया गया जो उनका निवास स्थान है। लबगा पंचायत की मुखिया के इस आकस्मिक निधन की सूचना जैसे क्षेत्र में फैली लोगों का हुजूम उनके अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़ा। उनके अंतिम दर्शन करने वाले लोगों की आंखें स्वाभाविक रूप से नम नजर आए। ऐसा हो भी क्यों ना वह सब की चहेती थी।

## स्वर्गीय टेकलाल महतो की 12वीं पुण्यतिथी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के रामगढ़ नगर परिषद मंडल अंतर्गत सांडी पंचायत स्थित जीनियस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आन्दोलन के अग्रणी योद्धा पूर्व सांसद सह पूर्व विधायक स्वर्गीय टेकलाल महतो जी के 12 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रामगढ़ नगर परिषद भाजपा अध्यक्ष मनोज गिरी उपाध्यक्ष संजय शाह युवा मोर्चा प्रदेश समिति सदस्य नीरज झा युवा मोर्चा अध्यक्ष मुकेश ठाकुर नरोत्तम सिंह रामसेवक कुमार विजय गिरी देवेंद्र गिरी तपेश्वर महतो अनुग्रह पंडित लक्ष्मी कुमारी गणमान्य व्यक्ति मौजूद थें।



## हरगडाडीह में पोषण सप्ताह दिवस मनाया गया

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समेकित बाल विकास परियोजना रामगढ़ के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र हरगडाडीह में पोषण माह सप्ताह दिवस मनाया गया जिसमें दर्जनों गर्भवती महिलाओं को सेव नाशपाती केला एवं कई तरह के पौष्टिक फल दिया गया।रजरप्पा आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा उपस्थित महिलाओं को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बताया गया कि महिलाएं गर्भावस्था स्थिति में जच्चा बच्चा का ख्याल रखें तथा शरीर को प्रतिदिन साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें और समय-समय पर जच्चा बच्चा को ठीक रखने के लिए आयरन की गोली एवं टीकाकरण भी करने का आवश्यक बातें बताई गई। जिसमें मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया रेखा देवी, निशा देवी पंचायत समिति सदस्य, अलिका कुमारी, हेमन्ती, राधा, मीना, सविता, गीता, शशि तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## ऑफिसर क्वाटर अरगड्डा से स्कूटी हुई गायब

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ क्षेत्र के अरगड्डा ऑफिसर कॉलोनी सी टाइप में मंगलवार की रात प्रज्ञा कुमारी के घर के बाहर से स्कूटी जेएच 24जे 9677 की चोरी हो गयी। घटना की सूचना प्रज्ञा कुमारी ने रामगढ़ थाना को दी। सूचना के बाद रामगढ़ पुलिस प्रज्ञा कुमारी के घर पहुचकर चोरी के सम्बंध में पूछताछ की। प्रज्ञा कुमारी ने बताया कि मंगलवार की रात वह अपने घर के बाउंड्री के भीतर स्कूटी लॉक करकर रखी थी। बाउंड्री का दरवाजा भी बंद था। बुधवार की सुबह उठी तो देखा बाउंड्री में स्कूटी नही है।

# एसीबी टीम ने कमलेश वर्मा और सीताराम रजक को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

➲दोनों रिश्वतखोरों को एसीबी टीम ने हजारीबाग में करेगी प्रमुखता से पूछ ताछ
➲इन दिनों कार्यालयों ने रिश्वत का शिलशिला चरम पर, बगैर प्रसाद चढ़ाए कोई कार्य नहीं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** गिद्धौर प्रखंड में पदस्थापित पंचायत सेवक कमलेश वर्मा एवं प्रखंड समन्वयक 15 वें वित के सीताराम रजक ने प्रखण्ड के पहरा गाँव के सूरज साव से बतौर रिश्वत के रूप में रूपये की मांग किया गया था। जिसे लेकर पूर्व में हीं सूरज साव ने एसीबी टीम को लिखित जानकारी दिया था। सूरज के जानकारी एंव लिखित शिकायत के आलोक में एसीबी टीम ने पूर्व में सत्यापन कर चुकी थी। एसीबी टीम ने सूरज के साथ गिधौर पहुंचा। जहां सूरज ने मांगी गयी रिश्वत का रुपया जैसे हीं दोनों को दिया की इधर एसीबी टीम ने आरोपी कमलेश और सीताराम को धर दबोचा। साथ हीं दोनों को रिश्वत लेने के जुर्म में गिरफ्तार कर हजारीबाग ले गयी है। बता दें कि इन दिनों छोटे कार्यालयों। से लेकर बड़े कार्यालयों में रिश्वत रूपी प्रसाद खाने और खिलाने का दौर चरम पर है। जिससे आम गरीब लोगों को काम ना के बराबर होता है चुकी दान दक्षिणा रूपी लेने वाले देवता जब तक रूपये की खुशबु नहीं सुंघेगें तब तक किसी तरह का काम होना नदारद है। वहीं यदि विकास रूपी योजनाओं की यदि बात करें तो वगैर प्रसाद का कोई कार्य होना दुर्लभ है। चाहे प्रखण्ड हो या चाहे अंचल हो सभी में रिश्वत लेने वाले लाचार देवता अपने अपने प्रसाद रूपी भोग लगाने के लिए मौजूद हैं। वहीं छोटे कर्मचारियों को मजबूरी भी है कि जब उपरे स्तर के पदाधिकारियों द्वारा यही प्रसाद चढ़ावा के लिए हमेशा टॉर्चर किया जाता है। जिसका नतीजा है कि 100 रूपये विकास के लिए यदि केंद्र या राज्य से चलता है तो धरातल पर महज 15 से 20 रूपये का हीं कार्य होता है। गौर तलब है कि अनियमितता के लिए पत्रकारों द्वारा लाख खबर पर खबर प्रकाशित की जाय परन्तु जेई एईई स्कुटिव इंजीनियर द्वारा कोई जांच पड़ताल नहीं की जाती है। जिसका जीता जागता उदाहरण है कि डीएमएफटी योजनाओं के तहत बनाए जा रहे सड़कों में लूट का छूट बनी हुई है ।यदि सही से जाँच की जाय तो सारा मामला साफ़ हो जाएगा।

## मंत्री सत्यानन्द भोगता एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे हंटरगंज, करमा मिलन समारोह में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मंत्री सत्यानन्द भोगता एक दिवसीय दौरे पर हंटरगंज पहुँचे। इस दौरान मंत्री भोगता हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के जोलडीहा पंचायत के बनियाबांध में आयोजित करमा मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री श्री भोगता के आगमन पर आयोजकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। ततपश्चात मंत्री ने उपस्थित लोगों को लोक संस्कृति के त्योहार करमा पूजा की बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि कर्मा पूजा लोक संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। करमा पर्व झारखंड बिहार उत्तरप्रदेश छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। कोई भी त्योहार को हमसब को मिलजुलकर बिना भेदभाव के मनाना चाहिए। इससे आपसी प्यार और सद्भाव बढ़ता है। उक्त कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, कॉग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमोद दुबे, मंत्री प्रतिनिधि भोला प्रसाद गुप्ता, जिलापरिषद सदस्य शांति देवी, राजद प्रदेश सचिव भोली साहू, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, मुखिया सोनिया देवी, सविता पांडेय, राकेश सिंह, कमल गुप्ता समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## सिमरिया विधायक के प्रयास से टंडवा में बस स्टैंड का होगा विकास



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास के अथक प्रयास के बाद टंडवा में बस स्टैंड का विकास कार्य किया जाएगा। सिमरिया विधायक के द्वारा सीसीएल से टंडवा में यात्रियों के परेशानी को देखते हुए अंबेडकर चौक के नजदीक बस स्टैंड का विकास करने का मांग किया गया था। जिस पर आम्रपाली चंद्रगुप्त सीसीएल के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए 20 लाख 8 हजार के लागत से बस स्टैंड का विकास करने का निविदा निकाली गई है।जिसमे संवेदक को 1 महीने के अंदर कार्य को संपन्न करना है।कार्य में 9619 एमक्यू मिट्टी भरकर बस स्टैंड का विकास करना है। जहां बसों का ठहराव होगा। काफी लंबे समय से टंडवा में बस स्टैंड नहीं होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विधायक किशुन कुमार दास के इस पहल से टंडवा बाजार के लोगो को भी जाम से मुक्ति मिलेगी और राहगीरों को सुविधा होगी।

## बुथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने किया बैठक




**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखणड के भारतीय जनता पार्टी मंडल पदाधिकारी एवं पंचायत संयोजक की बैठक बुधवार को हुई। बैठक बटेश्वर शिव मंदिर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार एवं संचालन महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक में प्रभारी अक्षयवट पांडेय एवं विजय दांगी ने सभी पदाधिकारी और संयोजक से बुथ सशक्तिकरण को लेकर मजबूती से लगने की बात कही।ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में पार्टी को अधिक से अधिक लाभ मिले। इस अवसर पर निरंजन राम को उपाध्यक्ष और बब्लू गुप्ता को मंत्री मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अशोक गुप्ता, प्रीतम यादव, कविता देवी, संतोष दांगी, विकास पांडेय, चमारी दांगी, रामलखन रजक, राजेश साव, यशवंत दांगी, नोमन साव थे।

# लूट की योजना बनाते तीन अपराधी गिरफ्तार

## पिस्टल, गोली, मोबाइल व कार बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना की 26 सितंबर को समय पाँच बजे चार -पांच की संख्या में अपराधियों ने गोनिया पूल के पास लुट की योजना बना रहे थे। एसपी के निर्देशानुसार बरियातू थाना स्तर से टीम का गठन करते हुए वाहन चेकिंग की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के क्रम में भागते हुए तीन अपराधियों को बरियातू थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। समाहरणालय स्थित पुलिस सभागार में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा ने बताया की गिरफ्तार अपराधियों मे रवि कुमार नायक अम्बेदकर नगर चुटिया थाना चुटिया जिला राँची,गोविन्द राम वर्मा ढोडाटोली थाना लोहरदगा जिला लोहरदगा, एवम राज वर्मा ढोडाटोली थाना लोहरदगा जिला लोहरदगा शामिल है। इस मामले में बारियातू थाना में डकैती एवं भा0द0वि0 25 (1-बी) (ए)/आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया की काण्ड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। उपरोक्त लोगो के पास से बरामद सामग्रियों मे एक पिस्टल, पाँच चक्र गोली, तीन एन्ड्रोयड मोबाईल, एक कार जिसका रजीस्ट्रेशन संख्या डब्लू बी 74 वी 8571 शामिल है। छापामारी दल में शामिल पुलिस कर्मियों में थाना प्रभारी पु0अ0नि0 मुकेश चौधरी, पु.नि.बिंदेश्वर महतो, पु0अ0नि0 रवि कुमार, धर्मेश प्रसाद लिंबू, सुशील कुमार तिवारी, आरक्षी शंकर तिथू, व प्रकाश चन्द्र पाठक मौजूद थे।

# सीआरपीएफ ने शहीदों के सम्मान में मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बुधवार को अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। सीआरपीएफ के कमांडेंट मनोज कुमार के निर्देश पर समवाय अधिकारी सुखबीर सिंह मल्लिक के नेतृत्व में देश के वीर वीरांगनाओं, वीर शहीदों के सम्मान में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार,थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह, मुखिया मनोज कुमार साहू उपस्थित रहें। कलश यात्रा सर्वप्रथम स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पहुँची जहाँ बच्चों को पंच प्राण की शपथ दिलाई गयी। वही बच्चों व शिक्षको ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के सपनो को साकार करने को लेकर शपथ लिया।वही अमृत कलश यात्रा थाना परिसर से स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, मेन चौक, बेल चौक, दुर्गा मंडप होते हुवे पुनः कैम्प के पास समापन हो गयी। वही भक्ति गानों व भारत माता की जय व वन्दे मातरम के नारों से सम्पूर्ण कुन्दा गूंज उठा। शहीदों के सम्मान में बड़े, बच्चे, बुजुर्ग व महिलाओं ने सभी बढ़ चढ़कर भाग लिया और अमृत वाटिका के लिए मिट्टी एकत्रित किया।बतादें की शहीद वीरांगनाओं के सम्मान में नई दिल्ली में राष्ट्रीय वार मेमोरियल के पास एक अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है। जिसे लेकर देश भर से मिट्टी एकत्रित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एनवाईसी के विहारी मौर्या व अंजली राज एवं सीआरपीएफ के एसआई रविन्द्र यादव, सुरेंद्र पासवान, शिवनन्द यादव, विनोद कुमार, आरके पांडेय, दिनेश शर्मा, सुमित रंजन आलोक, विष्णु प्रसाद एवं सीआरपीएफ ई 190 बटालियन के समस्त जवान मौजूद रहे।

## कस्तूरबा विद्यालय में 32 बच्चीयों का किया गया सर्दी खांसी बुखार कि जांच दी गई दवाई



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बुधवार को बच्चियों को सर्दी खांसी बुखार का जांच किया गया। जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों द्वारा निशुल्क किया गया। जहां कुल 32 बच्चियों का जांच हुआ।एवं निशुल्क दवाई दी गई। मौके पर अनिल कुमार दांगी एवं बिरेंद्र दांगी स्वास्थ्य कर्मी के साथ विद्यालय के बच्चीयां शिक्षिका उपस्थित थी।

## झोलाछाप डॉक्टर के गलत इंजेक्शन ने ली युवक की जान

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखण्ड के अति सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्र चुंगरू पंचायत के नावाडीह ग्राम में एक झोलाछाप डॉक्टर के गलत इंजेक्शन के कारण स्थानीय निवासी पचपन वर्षीय रामप्रसाद सिंह पिता स्व सुकट सिंह ने मंगलवार को तड़प-तड़प कर अपनी जान गंवा दी है। मिली जानकारी के अनुसार झोलाछाप डॉक्टर मणितोश विश्वास उर्फ बंगाली पिछले दस वर्षो से चुंगरू पंचायत क्षेत्र में सक्रिय है, और वह घर- घर घूमकर इलाज के नाम पर लोगों से पैसे लूटता आ रहा है। इधर स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक रामप्रसाद सिंह को लूज मोशन हो गया था। जिसपर झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा उन्हें एक ग्राम एंटीबैटिक इंजेक्शन दे दिया गया। इंजेक्शन पड़ते ही रामप्रसाद की हालत काफी गंभीर हो गई और उन्होंने आधे घंटे के अंदर ही तड़प-तड़प कर अपनी जान दे दी।

# हाइवा ऑनर एसोसिएशन का अनिश्चितकालीन चक्का जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार हाइवा ऑनर एसोसियेशन के नेतृत्व में बुधवार को बालूमाथ हाई स्कूल के समीप स्थानीय हाइवा मालिकों ने ट्रांसपोर्टिंग का कार्य कर रहे कंपनियों के मनमानी एवं तानाशाही रवैया से तंग आकर बुधवार को अनिश्चित कालीन बंदी का आह्वाहन किया है। हाईवा ओनर एसोसिएशन के मो शाहनवाज ने कहा कि पिछले कुछ दिन पूर्व तुबेद कोल माइंस से कार्य कर रहे डीवीसी कंपनी से स्थानीय हाईवे को प्राथमिकता देने की मांग की गई थी व नहीं माने जाने पर अनिश्चितकालीन चक्का जाम का आह्वान किया गया था इसी के आलोक में यह जाम किया गया ।हाईवा ओनर संघ का कहना है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नही की जाती है तब तक चक्का जाम रहेगा वही ऑनर एसोसिएशन ने परिवहन कार्य में स्थानीय वाहनों को प्राथमिकता दी जाए। बाहरी वाहनों से तुबेद कोलवरी को मुक्त किया जाए। उचित भाड़ा दिया जाए एवं हर वर्ष 20 प्रतिशत महंगाई को देखते हुए भाड़ा में बढ़ोतरी की जाए। भाड़ा समय से भुगतान किया जाए। तुबेद कोलवरी से कुशमाही साइडिंग तक पडने वाले आबादी क्षेत्र में नियमित पानी छिड़काव किया जाय एवं स्पीड ब्रेकर का निर्माण किया जाय जैसे मुख्य मांगे शामिल है।

# डीलर के खिलाफ ग्रामीणों ने किया ब्लॉक का घेराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मनिका :** प्रखंड के सिंजो पंचयात के बाड़ी गाँव के सैकड़ों महिला पुरुष डीलर के मनमानी करने एवं कम राशन देने के खिलाफ प्रखंड कार्यालय में जाकर घेराव किया। ग्रामीणों ने 3 महीना से राशन वितरण में अनियमित्तता का आरोप मिलने स्वयं सहायता समूह के राशन दुकान संचालक कयूम अंसारी पर लगाया है। ग्रामीण अनीता देवी,1 से 2 किलो कम राशन देने का आरोप लगाया।सभी ग्रामीणों ने प्रखंड सभागार में चल रहे 20 सूत्री के क्रियान्वयन कार्य समिति की चलती बैठक मैं बैठक हॉल में घुसकर राशन की मांग करने लगे मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो ने सभी ग्रामीणों को समझा बुझा कर बैठक हॉल से बाहर रहने को कहा वहीं 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने कहा की प्रखंड के हर एक डीलर मात्रा के अनुसार राशन का वितरण नहीं कर रहे हैं यह काफी नींदनिये बात है। राज्य में गठबंधन की सरकार है गरीब गुरबों की सरकार है। राशन वितरण अनीमीतता को लेकर 20 सूत्री प्रदेश उपाध्यक्ष को पत्राचार करेंगे। वहीं बीडीओ वीरेंद्र किन्डो कहा कि राशन वितरण में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कम राशन देने वाले डिलरों को जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# केचकी में पंचायत स्तरीय की गई समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** केचकी पंचायत सचिवालय सभागार में बुधवार को पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह के अध्यक्षता में सभी विभागों की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें पंचायत में चल रहे विकास कार्यो की वर्तमान वस्तु स्थिति और सभी विभागों की समीक्षा बैठक की गई जिसमें पंचायत के सभी विभागों के साथ-साथ प्रखंड से अपने पंचायत क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य योजनाओं की समीक्षा बारी बारी से बैठक में पहुंचे लोगों से जानकारी प्राप्त किया इस दौरान मुख्य रूप से पन्द्रहवें वित्त प्रखंड समन्वय मंजीत कुमार सिंह, पंचायत सचिव सत्येन्द्र प्रसाद सिंह, रोजगार सेवक सत्येंद्र उरांव, पंसस आरती देवी, उप मुखिया, सभी वार्ड सदस्य, राजस्व उप निरीक्षक, हल्का 1, जनसेवक, सीआरपी पंचायत में संचालित सभी विद्यालय के हेडमास्टर, सभी स्वास्थ्य सहिया, सभी आंगनबाड़ी सेविका, सभी जलसहिया, सभी जेएसपीएल से जुड़े सदस्यों, सभी जनवितरण प्रणाली दुकानदार, सभी स्वयंसेवक आवास मित्र, सभी कृषक मित्र, प्रज्ञा केंद्र संचालक राजेश्वर सिंह, विजय प्रसाद, वन समिति पंचायत केचकी के सभी लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड कार्यालय के सभागार में बैठक हुई संपन्न

**मनिका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के सभागार में दिन बुधवार को प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मनिका बीडीओ वीरेंद्र किंडो विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव मनिका स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर दिव्य क्षितिज कुजूर समेत कई विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई एवं प्रखंड क्षेत्र में वर्तमान में राशन कटौती की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं ,जिस पर विशेष रूप से चर्चा की गई तथा प्रखंड क्षेत्र में विकास योजनाओं में तेजी लाने को लेकर भी चर्चा की गई।

## पेड़ गिरने से आवागमन बाधित

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र के महुआडांड़ लोध जलप्रपात मुख्य सड़क मार्ग पर हामी आंगनबाड़ी केंद्र के सामने विशालकाय बरगद पेड़ गिर जाने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गई। इस दौरान लगभग 5 घंटे तक यात्री बसें, सवारी गाड़ियां समेत लोध वॉटरफॉल घूमने आए हुए पर्यटक विशेष रूप से परेशान रहे। वहीं कई पर्यटक बिना लोध वॉटरफॉल घूमे ही वापस लौट गए। यात्री बसों को भी वापस लौटना पड़ा। सड़क पर दो पहिया वाहन भी पार करना मुश्किल हो जाने से प्रखंड मुख्यालय तक आने में दर्जनों गांव के लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। वही ग्रामीणों के द्वारा इस बात की सूचना अधिकारियों को दी गई। जिस पर तत्परता दिखाते हुए प्रभारी वनपाल गुरुदयाल सिंह के द्वारा जेसीबी मंगा कर पेड़ को सड़क से किनारे हटाया गया। वही प्रभारी वनपाल गुरु दयाल सिंह की तत्परता से खुश होकर ग्रामीणों ने धन्यवाद दिया।

# मंत्री सत्यानन्द भोगता प्रथम सांसद बाबूराम नारायण सिंह के पैतृक गांव दंतार का दौरा किया

## चबूतरे का उद्घाटन व करमा पूजा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** सूबे के श्रम नियोजन श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता एक दिवसीय दौरे पर प्रथम सांसद बाबूराम नारायण सिंह ने पैतृक गांव दंतार का दौरा के क्रम में करमा पूजा समिति द्वारा आयोजित करमा मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। दंतार के बुनियादी स्कूल में विधायक मद से निर्मित चबूतरे का विधिवत फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। राजकीय बुनियादी विधालय परिसर में प्रकृति पर्व करमा पूजा के अवसर पर आयोजित करमा मिलन समारोह में शामिल हो कर लोगों को बधाई दिया एवं करम डाल का पूजा अर्चना किया। प्राकृतिक के सजोने के इस पर्व पर हर्ष व्यक्त करते लोगों के साथ मांदर की थाप पर थिरके। मंत्री ने सभी को करमा पूजा की हार्दिक शुभकामनाए एवं बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व हमें संदेश देता है कि प्राकृतिक चीजों को हमेशा सुरक्षित रखने और उसे देख भाल करने की जरूरत है क्योंकि हमारी और हमारे आने वाले पीढ़ियों के लिए हरियाली और पेड़ पौधे वरदान साबित होगा। यह प्राकृत के वस्तुओं से हमारी लगाव को भी दर्शाता है।यह परंपरा सैंकड़ों वर्षो से चला आ रहा है।यह पर्व हम सभी के लिए प्राकृतिक के प्रति सजग और उसकी सुरक्षा का संदेश देता है।इस मौके पर राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष कांग्रेस प्रमोद दुबे, बीडीओ अभिषेक पांडे, हंटरगंज मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, प्रदेश सचिव दीपक साहू, प्रदेश महासचिव भोली साहू, पूर्व नगर अध्यक्ष मंदूर साहू,जिला परिषद सदस्य शांति देवी, कमल गुप्ता, इरफान अंसारी मुमताज अंसारी तमाम के अतिरिक्त सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# 2024 चुनाव प्रक्रिया को लेकर बीडीओ मोनी कुमारी ने बीएलओ के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मोनी कुमारी की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव को लेकर सेकंड पेज के कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को बैठक की गई । यह कार्यक्रम 17 अक्टूबर से 30 नवंबर तक चलाया जाएगा जिसमें सभी ब्लू मतदाताओं के घर-घर जाकर फॉर्म 6, 7, 8 एवं आईटी भरने का काम करेंगे। इस कार्यक्रम में 18 वर्ष से ऊपर आयु के वोटर दिव्यांग मतदाता वृद्ध मतदाता का नाम जोड़ा जाएगा। इसके अलावा इस दौरान कई मतदाताओं के ब्लैक फोटो को हटाकर रंगीन फोटो जोड़ा जाएगा वही सभी मतदाताओं के वोटर कार्ड से आधार नंबर को जोड़ा जाएगा इसके अलावा सभी बूथों पर बिजली पानी की सुविधा रैम की व्यवस्था का सत्यापन करते हुए जल्द ही रिपोर्ट सौंपने को कहा गया वही दूसरी और चुनाव पाठशाला पर भी जोर दिया गया और उन बच्चों को जो 18 वर्ष से कम उम्र के युवा व युवतियां है उन्हे चिन्हित किया जाएगा जिनकी उम्र जल्द ही मतदाता बनने योग्य होगा। और उसे जल्द से जल्द मतदाता सूची में नाम जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर बी एल ओ पर्यवेक्षक राकेश प्रसाद मोहम्मद असलम गौतमी देवी के अलावे सभी बीएलओ उपस्थित रहे।

## बालूमाथ में वज्रपात से दो दर्जन बकरे-बकरियों की मौत

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के चमातू गांव स्तिथ ओजा टोला में बारिश के दौरान वज्रपात होने से दो दर्जन बकरा और बकरियों की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार की देर शाम का है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सभी बकरा बकरिया पास के जंगल में चारा चरने गई थी। ईसी दौरान बारिश के साथ जोरदार वज्रपात हुई और उसकी चपेट में सभी आ गये द्य जिसमें ओजा टोला निवासी नागेश्वर गंझू कि 6, भादे गंझु की 11, महावीर गंझु का पांच तथा ननकू गंझु की दो बकरे बकरियों बताई जा रही है द्य इधर इस घटना के बाद पशुपालकों ने प्रखंड एवं जिला प्रशासन से उचित मुआवजा की गुहार लगाई है।

## वज्रपात से एक बकरी व एक बकरा का हुआ मौत लाभुक ने मुआवजे का किया मांग

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बरियातू पंचायत के मसूरिया गांव में बुधवार को वज्रपात होने से नीमा मासोमात पति स्व रामप्रवेश यादव का एक बकरी व एक बकरा का मौत हो गया। यह महिला अत्यंत गरीब है। एवं बकरी पालन कर अपना आजीविका कर रही थी। बकरी व बकरा का मौत होने से इनके आजीविका में परेशानी हुई है। जिसे लेकर प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की मांग किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय जनतंत्र मोर्चा की कोर कमिटी की बैठक संपन्न

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनतंत्र मोर्चा की कोर कमिटी की बैठक होटल कैनरी इन में सम्पन्न हूआ। बैठक में भाजमों के संरक्षक सरयू राय, केन्दीय अध्यक्ष धमेन्द्र तिवारी सहित रामनारायण शर्मा, आशीष शीतल मुन्डां, शिवाजी सिहं, उदय कुमार सिहं, शिव शंकर मुन्डा, सुबोध श्रीवास्तव, राकेश शर्मा, सुशील सिहँ ,पीएन सिहं, सुयश पाण्डेय, अजय कुमार सिहं,दीपक कुमार , आशीष कुमार, विक्की ठाकुर, त्रिपुरारी कुमार, नीरज कुमार, विशाल दास शामिल हुये बैठक में अगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सांगठनीक निर्णय लिया गया ।साँगठनीक प्रभारिओं के रूप में हजारीबाग कोडरमा चतरा राकेश शर्मा, धनबाद गिरीडीह बोकारो आशीष शीतल मुन्डां, पलामू शत्रुघ्न ओझा, कोल्हान राम नारायण शर्मा को चुना गया। तीन लोकसभा धनबाद, चतरा, पलामू और पैन्तीस विधानसभा झारखण्ड का लड़ने का निर्णय लिया गया। जिला सम्मेलन 20 नवम्बर से शुरू होगा जो जनवरी तक चलेगा। राँची में सभी जिलों को मिलाकर बड़ा निर्णय लिया गया। धनबाद में प्रदेश कार्यसमिति का बृहत सम्मेलन अगामी 11 अक्टूबर कोयला भवन सभागार में होना तय हूआ है। बैठक के बाद संरक्षक सरयू राय , केन्द्रीय अध्यक्ष धमेन्द तिवारी जी, कोर कमिटी पदाधिकारी आशीष शीतल मुन्डा, रामनारायण शर्मा, पीएन सिह, राकेश शर्मा, अभिषेक पाण्डेय, अजय सिहँ समेत अनेक पदाधिकारीओ नें संम्बोधीत किया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद प्रेस बंधुओ से वार्तालाप के दौरान सरयू राय ने कहा कि घर वापसी की कहानी बस एक कहानी ही है। मैं वापस उसे घर में नहीं जा रहा हूं। प्रेस बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनतंत्र मोर्चा जनता जनार्दन की सेवा में सदैव तत्पर हैं, कोर कमेटी की बैठक में विभिन्न बातों पर चर्चा हुआ। भारतीय जनतंत्र मोर्चा लोकसभा के चुनाव में तीन लोकसभा सीटों पर अपना भाग्य आजमाया जाएगा की वही विधायक चुनाव मे 35 सीटो पर चुनाव लड़ा जाएगा।

### टीएसपीसी उग्रवादी संगठन का सक्रिय सदस्य नितेश कुमार मेहता गिरफ्तार

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पुलिस अधीक्षक को 26 सितंबर 2023 को रात्रि लगभग 8ः00 बजे गुप्त सूचना प्राप्त हुई के बड़कागांव थाना अंतर्गत ग्राम देवगढ़ में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के प्रमुख दिवाकर गंजू उर्फ प्रताप जी के घर में एक मीटिंग रखी गई है। मीटिंग में टीएसपीसी एरिया कमांडर पहाड़ी जी उर्फ रामेश्वर महतो, बादल गंझू, मुनेश्वर गंझू उर्फ विक्रम, इरफान उर्फ समीर जी एवं गुरुदेव उर्फ गुरुजी सहित संगठन के अन्य सक्रिय सदस्यों के द्वारा 26 सितंबर 2023 को रात लगभग 10ः00 बजे एकत्रित होकर योजना बनाकर केरेडारी, बड़कागांव, उरीमारी, कटकमदाग आदि क्षेत्रों में कोयला व्यापारियों, बालू व्यवसाईयों एवं विकास कार्य कर रहे ठेकेदारों से लेवी वसूली करने एवं क्षेत्र में दहशत पैदा करने हेतु किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं। इस सूचना पर हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के द्वारा टीम गठित करते हुए बड़कागांव और हजारीबाग पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम देवगढ़ में दिवाकर गंझु उर्फ प्रताप जी के घर पर छापेमारी किया गया। छापेमारी के क्रम में सशस्त्र पुलिस बल के सहयोग से शाकिन चेरी, थाना मयूरहंट, जिला चतरा निवासी नितेश कुमार मेहता पिता धीरेंद्र प्रसाद मेहता को पकड़ा गया। बाकी अन्य अभियुक्त रात्रि एवं जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में हजारीबाग जेल भेज दिया गया। नितेश कुमार की तलाशी लेने पर धमकी एवं लेवी लेने हेतु प्रयोग किए गए काले रंग का एयरटेल कंपनी का राउटर विभिन्न कंपनियों के तीन मोबाइल सिम, बीएसएनएल कंपनी के चार सिम कार्ड बरामद किया गया। गिरफ्तारी नितेश कुमार मेहता बड़कागांव थाना कांड संख्या 33/23 दिनांक 20.1.2023 धारा 341/ 323/ 504/ 385/ 387/ 120 (बी), 34 भा. द. वि, 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी.एल.ए एक्ट के वांछित अप्राथमिक अभियुक्त है। बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा के नितेश की तलाश पुलिस को कई महीने से थी। बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में एसआई अभय कुमार, रामाशीष यादव सहित हजारीबाग एवं बड़कागांव थाना के पुलिस बल के जवान छापेमारी में शामिल थे।

### सदर का प्रयास लाया रंग, बगोदर- हजारीबाग पथ के गड्ढों से जल्द मिलेगा राहत

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर- हजारीबाग पथ जो पूर्व में राष्ट्रीय उच्च पथ (एन.एच.) संख्या- 100 हुआ करता था अब राष्ट्रीय उच्च पथ ( एन.एच.) संख्या-522 हो गया है। इस पथ पर बगोदर से लेकर सिंघानी फोरलेन स्थित गोलंबर चौक सड़क की जर्जर और गड्ढे में तब्दील होने के बाद सदर विधानसभा क्षेत्र के दारू और सदर प्रखंड वासियों के परेशानी और इस पथ में हो रहें लगातार सड़क दुर्घटना को देखते हुए हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने इसे गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को इससे अवगत कराया और अब उनके अथक प्रयासों के बाद राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, हजारीबाग द्वारा इस पथ के जर्जर हालत को तत्काल सुधारते हुए साधारण मरम्मती हेतु टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जल्द ही संभवतः सोमवार से ही इस पथ पर साधारण मरम्मती का कार्य आरंभ हो जायेगा हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, हजारीबाग द्वारा कुल 8 भागों में इस पथ के साधारण मरम्मती कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 से टेंडर किया गया है। जिसके तहत बगोदर से लेकर सदर विधानसभा क्षेत्र के दारु - झुमरा- मेरू - सिलवार होते हुए सिंघानी गोलम्बर चौक तक कुल 34 किमी जर्जर पथों का साधारण मरम्मती कार्य कुल 3 करोड़ 17 लाख रुपए की राशि से किया जायेगा। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की इस पथ का फोरलेन निर्माण कार्य में समय लगेगा उससे पहले तत्काल साधारण मरम्मती कार्य हो जाने से क्षेत्र के लोगों की कठिनाई दूर होगी। उन्होंने यह भी कहा की हम प्रयासरत हैं की इस पथ का पूर्ण व्यापक मरम्मती कार्य भी जल्द हो ।

### बरही शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने को लेकर आगे आए टीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष सह बरही विधानसभा के युवा नेता अरूण साहू ने अपने नेतृत्व में बरही चौक व आसपास में सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान बरही चौक समेत गया रोड, धनबाद रोड में चलाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य बरही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना था। अभियान श्री साहू जी के नेतृत्व में टीएसएस के बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर व मीडिया प्रभारी बबलू साहू ने भाग लिया। मौके पर अरूण साहू ने अभियान को सफल बनाने के लिए संगठन के सदस्यों को एकजुट किया और सेवा भावना से प्रेरित किया। श्री साहू इस सफाई अभियान को पर्यावरण और स्वस्थता के प्रति अपने सजीव आदर्श के रूप में देखते हैं। मौके पर बरही चौक, गया रोड, और धनबाद रोड में पड़े कूड़े कचरे को हटाया गया। बरही के लोग इस पहल की काफी सराहना कर रहे हैं और इसे एक सामाजिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मान रहे हैं। वहीं श्री अरूण साहू ने कहा की पर्यावरण संरक्षण की सख्त जरूरत है, इसे हम सब मिलकर ठीक करेंगे। वहीं बरही को स्वच्छ बनाने की अपील की। बता दे की कई दिनों से बरही चौक व चारों रोड में साफ सफाई नहीं की गई थी, जिससे काफी कचरा जमा हो गए था। बीमारी फैलने की आशंका थी इस और किसी भी जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक प्राधिकारी का ध्यान नहीं था।

## मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बच्चों के बीच बैग, किताब व कॉपी का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत कोरियाड़ीह राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाड़ीह में स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने स्कूली बच्चों के बीच बैग, किताब का वितरण किया गया।

वहीं मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे नियमित साफ-सुथरा ड्रेस एवं बैग, किताब लेकर विद्यालय जरूर आए और शिक्षा ग्रहण करें। शिक्षा से ही समाज को बदला जा सकता है। शिक्षा से ही हम अपने भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

उन्होंने साफ-सफाई पर बल देते हुए बच्चों के बीच में अपनी बात को रखा। विद्यालय में कुल नामांकित बच्चो की संख्या 121हैं। जिसमें सभी बच्चों को बैग, किताब एवं कॉपी वितरित किया गया।

## पीरामल फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला प्रशासन एवं स्थानीय एनजीओ के आपसी सहयोग से अभिसरण को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को होटल कनेरी इन में नीति आयोग की सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में कुल 32 एनजीओ के प्रतिनिधियो ने भाग लिया। कार्यशाला में स्थानीय एनजीओ के आपसी सहयोग से नीति आयोग के सूचकांकों को बेहतर बनाने के लिए तथा इसके द्वारा सतत विकास के गोल को पूरा करने पर विमर्श किया गया। कार्यशाला में जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी के द्वारा जिला के विकास में एनजीओ की भूमिका , शिक्षा, स्वास्थ्य , पोषण , लिवलीहुड आदि क्षेत्रों में और कार्य किए जाने की जरूरतों पर बल दिया गया।

## प्रांतीय मेले में सहभागिता हेतु रवाना हुए विद्यार्थी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा, हजारीबाग से प्रांतीय गणित, विज्ञान एवं संगणक मेला में भाग लेने के लिए बहन विद्या कुमारी, भैया तनय नंदन, भैया परमानंद मोदी ने संरक्षक आचार्य शिव शरण ठाकुर के साथ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग गए।विद्यार्थियों को अध्यक्ष डॉ ब्रज कुमार विश्वकर्मा,सचिव राम बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष हरि शंकर सिंह एवं प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता की मंगल कामना की।

## चौपारण बदलाव संकल्प सभा की आवाज पहुंची चतरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** आगामी 08 अक्टूबर को चौपारण प्रखंड मैदान परिसर में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति द्वारा स्थानीय नीति, नियोजन नीति, खनन नीति, पुनर्वास नीति, निजी कंपनियों में स्थानीय को नौकरी में 75 प्रतिशत आरक्षण एवं स्थानीय नेतृत्व के मसले पर अपनी आवाज को बुलंद करने के लिए बदलाव संकल्प सभा का आयोजन किया जा रहा है।सभा को लेकर संजय मेहता एवं बरही विधानसभा के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर यादव ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। जनसंपर्क के दौरान मंगलवार को चतरा जिले के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत करमा बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया एवं सभा में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को आने का आमत्रंण दिया गया।



चौपारण बदलाव संकल्प महासभा में स्थानीय मुद्दों और क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर आन्दोलनकारी जयराम महतो एवं संजय मेहता शामिल होंगे और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे।

08 अक्टूबर को आयोजित होने वाला चौपारण बदलाव संकल्प सभा ऐतिहासिक होगी।

## विष्णुगढ़ में टेकलाल बाबू की 12वीं पुण्यतिथि मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ में टेकलाल बाबू की 12 वीं पुण्यतिथि पर आज टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज एवं विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज में स्थापित टेकलाल बाबू की आदमकद प्रतिमा पर माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल एवं उनकी धर्मपत्नी ललिता देवी ने पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना कर,माल्यार्पण कर,सपरिवार श्रद्धांजलि अर्पित की।टेकलाल बाबू की पुण्यतिथि तिथि पर विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज एवं टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज परिसर में फलदार पौधे लगाए गए ।इस अवसर पर भाजपा युवा नेता दिनेश कुमार मंडल के प्रयास से टेकलाल महतो की पुण्यतिथि पर टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज में महारक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।रक्तदान शिविर का माण्डू विधायक ने फीता काटकर उद्धघाटन किया। जिसमें 17 यूनिट का रक्तदान किया गया ।इस मौके पर माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि टेकलाल बाबू मेरे पिता के साथ मेरे गुरु भी थे।

## जिला तैलीक समाज ने खिरगांव धर्मशाला में तिरंगा यात्रा को लेकर किया प्रोत्साहन बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला सैनिक समाज में शिरगांव स्थित साहू धर्मशाला में तिरंगा यात्रा को लेकर प्रोत्साहन बैठक किया गया।

बैठक साहू धर्मशाला कमेटी के अध्यक्ष अशोक साव और सचिव चंद्रिका साहू द्वारा आयोजित किया गया था। सचिन ने जिला दैनिक समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद और महासचिव नारायण साहू को आमंत्रित किया गया था।



बैठक में अध्यक्ष ने उपस्थित समाज के महिला पुरुष को 2 अक्टूबर गांधी जयंती को पंच मंदिर में जुटान होने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही पंच मंदिर से कुमार टोली स्थित गांधी स्मारक तक समाज द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली में शामिल होने के लिए भी कहा।

## मतदाता संक्षिप्त पुर्नरीक्षण अभियान के निमित्त जिला प्रशासन की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मतदाता संक्षिप्त पुर्नरीक्षण अभियान-2024 की समीक्षात्मक बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। मौके पर आगामी चुनावों के मद्देनजर स्वस्थ्य मतदाता सूची के निर्माण के अलावे मतदान केन्द्रों में बुनियादी सुविधाओं, मतदाता जागरूकता आदि कार्यो की गहन समीक्षा की गई।

समीक्षा के क्रम में घर-घर सर्वेक्षण अभियान के दौरान बीएलओ के द्वारा संग्रहित आंकड़ों के आधार पर मतदाता सूची तैयारी के लिए आवेदन सृजित करने एवं इसके आलोक में तीव्र गति से प्रक्रिया पूर्ण करने पर बल दिया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता पहचान पत्र में निम्न गुणवत्ता वाले फोटोग्राफ, ब्लैक एण्ड वाईट फोटोग्राफ को रंगीन फोटोग्राफ करने को उच्च प्राथमिकता में रखा गया है। इसके आलोक में बीएलओ को द्वारा चिन्हित किये गये मतदाताओं का फोटोग्राफ अद्यतन करने के लिए समय सीमा एवं शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्ती के लिए सभी स्तर पर समन्वय करने का निर्देश दिया। उन्होंने मृत मतदाताओं को सूची से हटाने के लिए आवश्यक प्रमाण पत्रों के आधार पर जांच करते हुए कार्रवाई करने को कहा। साथ ही मृत्यु प्रमाण पत्रों के निर्गमन में तत्परता के लिए पंचायत सचिवों के साथ समन्वय करने को कहा। उन्होंनें बीएलओ के माध्यम से प्राप्त प्रपत्र-6, 7 एवं 8 पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही सर्वेक्षण के क्रम में प्राप्त आंकड़ों के आलोक में बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक करने एवं मतदाता सूची सर्वेक्षण में प्राप्त आंकड़ों के आधार पर विहित प्रपत्र में फार्म भरवाकर संबंधित कार्यालय में जमा करने के लिए निदेशि किया। ताकि स्वस्थ्य मतदाता सूची के कार्यो को गति दिया जा सके।

बैठक में उपायुक्त ने निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में मतदान केन्द्रों में आधारभूत संरचना को चाक चौबंद करने का निर्देश दिया। वहीं डाकघर के माध्यम से मतदाता पहचान पत्र के वितरण सुनिश्चित कराने के लिए पोस्ट ऑफिस के साथ बैठक कर इसपर गति लाने को कहा। मौके पर मतदाता जागरूकता के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लब एवं चुनाव पाठशाला को सक्रिय करने एवं विभिन्न प्रकार के गतिविधि के माध्यम से आमजनों के बीच मतदाता जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया।

## दिव्यांग साहिल को मिले राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सी पी आई एम, जिला कमेटी हजारीबाग ने उपायुक्त, हजारीबाग को पत्र लिखकर मांग की है की दिव्यांग साहिल शाह को राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार देने के लिए उसके नाम के अनुशंसा कर जिला प्रशासन सरकार को भेजे पत्र. उपायुक्त को लिखे पत्र में सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू, जिला सचिव ईश्वर महतो, लक्ष्मी नारायण सिंह, तपेश्वर राम, विपिन कुमार सिन्हा, सुरेश कुमार दास, किरण देवी ने हस्ताक्षर किए हैं. ज्ञातव्य है कि चौपारण प्रखंड के बच्छई पंचायत अंतर्गत ओबरा गांव की दिव्या कुमारी, सरस्वती कुमारी, सपना कुमारी, पायल कुमारी, प्रेमा कुमारी सहित छह बच्चियां करम पर्व कर के पर्व के दूसरे दिन 26. 9. 2023 की सुबह करम डाल को प्रवाहित करने के लिए गांव के ही बगल से बहने वाली बराकर नदी गई थी. ये बच्चियां नदी में करम डाल को प्रवाहित करने के लिए नदी में उतरी एवं एक दो कदम जैसे आगे बढ़ी अचानक नदी में पानी का बहुत तेज बहाव आ गया जिसके कारण बच्चियां सम्हल नहीं पाई और पानी में डूबने लगी. वहीं पर ग्राम चैय खुर्द, चौपारण निवासी 16 वर्षीय एक हाथ से दिव्यांग बच्चा साहिल शाह मछली मार रहा था. उसकी नजर जैसे ही डूबती हुई बच्चियों पर पड़ा तो वह अपनी जान की प्रवाह किए बिना तुरंत नदी में छलांग लगा दिया और एक-एक करके पायल कुमारी सहित तीन बच्चियों को डूबने से वह बचा लिया. तेज बहाव के कारण तीन बच्चियां दिव्या कुमारी, सरस्वती कुमारी और सपना कुमारी पानी के तेज बहन में बह गई.

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में लगा तीन दिवसीय प्रांतीय गणित, विज्ञान एवं संगणक मेला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय गणित, विज्ञान एवं संगणक मेला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , कुम्हारटोली, में प्रारंभ हुआ द्य प्रेस वार्ता में अजय कुमार तिवारी ,प्रदेश सचिव, विद्या विकास समिति, झारखंड ने कहा -प्रांतीय गणित, विज्ञान एवं संगणक मेला का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक प्रतिभा को विकसित करना है द्यबच्चे नित्य नए-नए खोज एवं अनुसंधान करके गणित, विज्ञान एवं संगणक के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल कर विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र अखिल भारतीय स्तर पर अपना परचम लहराएद्य मेला में पूरे झारखंड प्रांत के आठ विभागों से चयनित भैया-बहन अपने वैज्ञानिक सोच के आधार पर मॉडल की प्रस्तुति करेंगेद्य उनके मॉडलों का मूल्यांकन होगाद्य इसके बाद में क्षेत्रीय एवं अखिल भारतीय प्रतियोगिता में शिरकत करेंगेद्य शिशु ,बाल , किशोर तरुण वर्ग के भैया- बहन मॉडल ,प्रश्नमंच, प्रयोग, पत्र वाचन आदि में भाग लेंगे द्य आज प्रेस वार्ता में अखिलेश कुमार, विभाग निरीक्षक, राजाराम शर्मा क्षेत्रीय विज्ञान प्रमुख ,संजीव कुमार प्रांतीय विज्ञान प्रमुख, विद्यालय समिति के अध्यक्ष श्रद्धानंद सिंह, उपाध्यक्ष प्रोफेसर अरुण कुमार मिश्रा एवं विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्रा उपस्थित थे द्य ध्यातव्य है कि आज संध्या मेला का उद्घाटन इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय कुमार तिवारी, प्रदेश सचिव, विद्या विकास समिति, झारखंड एवं विशिष्ट अतिथि संतोष गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग के द्वारा संपन्न होगा ।

## रांची में आजसू पार्टी के महाअधिवेशन को सफल बनाने के लिए बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** आजसू पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा आगामी 29, 30 सितंबर से 1 अक्टूबर को रांची में आयोजित होने वाले महाअधिवेशन को सफल बनाने को लेकर बड़कागांव आजसू पार्टी आवासीय कार्यालय में एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा व संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। बैठक में प्रखंड के प्रत्येक गांव में ग्राम प्रभारी बनाने एंव राँची महाअधिवेशन को सफल बनाने के लिए विशेष तौर पर चर्चा हुआ।

मौके पर आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड से हजारों कार्यकर्ता राँची के महाअधिवेशन को सफल बनाने के लिए पहुंचे इसके लिए पंचायत प्रभारी अध्यक्ष दिन रात मेहनत कर रहे हैं और यह महाधिवेशन एक ऐतिहासिक होगा। पिछले 15 सालों से बड़कागांव विधानसभा में एक भी विकास की किरणें दिखाई नहीं दे रही है। 2024 में रौशन लाल चौधरी का बड़कागांव विधानसभा से विधायक बनना तय है। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो, सुनीत महतो, फिरोज आलम, सुनील कुमार, दिनेश महतो, वीरेंद्र यादव, रामेश्वर महतो, राजेश महतो, सुनिल कुमार, नन्दकिशोर कुमार, नवेश यादव के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## चुम्बा में मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा सीसीएल के द्वारा हुआ आयोजित

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चुम्बा में बुधवार को मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड अरगड्डा क्षेत्र के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। अवसर पर मेरी माटी मेरा देश के कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक अरगड्डा क्षेत्र के सुधांशु कुमार पांडे के मार्गदर्शन में एसओपी फैयाज उल हक व नोडल अधिकारी रजत कुमार जायसवाल के उपस्थिति में किया गया। कलश लेकर पांच घरों में जाकर चावल व मिट्टी लिया गया। देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को अर्पित अभियान बीते एक सितंबर से 30 अक्टूबर 2023 तक चलाया जा रहा है। मौके पर पुनीता देवी, सनम देवी, किरण देवी, गुड़िया देवी, रेखा देवी, गीता देवी, कांति देवी, लक्ष्मी देवी, ज्योति देवी, कर्मी देवी, बाबा सिकंदर, सुगन राम, रामचंद्र राम, महादेव राम, राजू कुमार दास, वार्ड सदस्य अवधेश कुमार दास आदि कई लोग मौजूद थे।



## बिजली का करेंट लगने से सिरका में एक की मौत, शोक की लहर

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ क्षेत्र के सिरका कोलियरी में बुधवार को बिजली का करेंट लगने से एक बच्चे की मौत हो गयी। बताया जाता है कि सिरका एम पी आई कॉलोनी में बुधवार को लगभग 2 बजे नरसिंह दास का एकलौता पुत्र देवदास अपने घर में खाना खाने जा रहा था इसी बीच एकाएक कूलर में सटने के कारण बिजली का करेंट लग गया और वह अचेत हो गया। अचेत अवस्था मे उसे ईलाज के लिये हॉप अस्पताल ले गया। जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वही सिरका में शोक की लहर है।

## लबगा पंचायत की दिवंगत मुखिया को श्रद्धांजलि देने पहुंचे आजसू के रोशनलाल चैधरी,बंधाया ढाढस

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लबगा पंचायत की दिवंगत मुखिया हेमा कुमारी के आकस्मिक निधन की सूचना पर बुधवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चैधरी ने लबगा पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और साथ ही उन्हें ढाढस बंधाते हुए दिवंगत हेमा कुमारी को श्रद्धांजलि दी। मौके पर रोशन लाल चैधरी ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुःखद है। स्व. हेमा देवी मृदुलभाषी एवं अत्यंत ही प्रतिभाशाली व्यक्तित्व की धनी थीं। उन्होंने कहा कि हेमा कुमारी का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वे समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहती थीं। उनके निधन की सूचना से हर कोई अचंभित और दुःखी है। उनकी कमी को पूरा नही किया जा सकता।



## सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया उदघाटन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 30 मुर्राम कलां के नायक टोला में करम परब के शुभ अवसर पर आयोजित संस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जीप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो,नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो,लालबिहारी महतो,वार्ड पार्षद सीता देवी के द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर एंव दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पूर्व कमिटी के सदस्यों द्वारा अतिथियों के स्वागत ओर धूम धाम से किया गया। मौके पर चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा की करम परब हमारी संस्कृति व सभ्यता की पहचान है।उन्होंने कहा की करम परब को भाई बहन का त्योहार भी कहा जाता है,इस पर्व में बहन अपने भाई की लंबी आयु की कमाना करती है।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि मांदर की थाप पर काफी देर तक झूमते नजर आए। इस कार्यक्रम मव मुख्य रूप से पार्षद प्रतिनिधि मनोज़ महतो,अरविंद महतो,सुजीत नायक आदि कमिटी के सदस्य आदि ग्रामीण उपस्थित थे।



## रासेयो इकाई 02 के द्वारा विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 02 के द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के चेटर गांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन के प्रथम शत्र में कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अनामिका के नेतृत्व में स्वयंसेवको द्वारा गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सभी स्वयंसेवक साफ सफाई करते हुए लोगों को जागरूक किये।कार्यक्रम के दूसरे सत्र में साइबर क्राइम पर सेमिनार आयोजीत किया गया। जिसके मुख्य वक्ता राहुल कुमार थे। उन्होंने स्वयंसेवकों को ससम्बोधित करते हुए बताया कि किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की मदद से की गई ठगी को साइबर क्राइम की श्रेणी में डाला गया है। साइबर क्राइम को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से अंजाम दिया जा सकता है।वे उन सॉफ्टवेयर और कुछ विभिन्न तरीकों के जरिए आपके फोन और लैपटॉप से आपका निजी डाटा चुरा लेते हैं। बाद में उस डाटा का इस्तेमाल आप के बैंक खातों से पैसे निकलने आदि के लिए करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा अपराधों से बचने के उपाय भी सांझा किए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत पुलिस को फोन कर एवं स्टेशन में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि आज का समय इंटरनेट का समय है तथा इसी कारण साइबर क्राइम बहुत अधिक बढ़ गए हैं थोड़ी सी सावधानी रखकर हम ठगी का शिकार होने से बच सकते हैं।मौके पर अजित गुप्ता, अंकित अग्रवाल,खुशी कुमारी,बबली कुमारी,आरती कुमारी,तान्या मिर्धा,आँचल कुमारी,पायल कुमारी,सूरज कुमार, राहुल कुमार,अमित कुमार,शहजादी प्रवीण,वाल्मीकि कुमार,रौशन प्रजपति,रितिक अग्रवाल,चित्रा मिर्धा,प्रथम कुमार,निधि कुमारी,उषा कुमारी आदि अन्य लोग उपस्थित थे।



## रजरप्पा आवासीय कॉलोनी श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रजरप्पा के मुख्य संरक्षक बने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रजरप्पा आवासीय कॉलोनी प्रोजेक्ट के सदस्यों की एक बैठक देर शाम दुर्गा मंडप परिसर में हुई। बैठक में दुर्गा पूजा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान पुराने कमेटी को भांग कर नए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को कमेटी का मुख्य संरक्षक चुना गया। वही रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीएन यादव को अध्यक्ष, रजरप्पा पीओ उपेंद्र नारायण प्रसाद व वाशरी पीओ वी मोहन बाबू को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावे सचिव गजेंद्र चौधरी, सह सचिव महेंद्र मिस्त्री व कोषाध्यक्ष झलकू महतो को बनाया गया है। साथ ही अगले बैठक में कमिटी का विस्तार करने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता पीओ यूएन प्रसाद व संचालन अनिल प्रसाद ने किया। मौके पर बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी, रजरप्पा पीओ उपेंद्र नारायण प्रसाद व वाशरी पीओ वी मोहन बाबू , एसओपी मनोज कुमार, रविंद्र वर्मा, चंद्रेश्वर सिंह, किशोरी प्रसाद, आरपी सिंह, चंद्रशेखर चौधरी, प्रदीप कुमार, कुलदीप सिंह, मुकेश सिन्हा, मेहन्द्र चौधरी, युगल किशोर, जगदीश महतो, शोभा बड़ाइक, धनेश्वर राम, जगन रविदास, देवेन्द्र सिंह, शिवशंकर महतो, शंकर सिंह, किशुनलाल साव, प्रमोद चौधरी, विकास कुमार, ननका करमाली, भानु चौधरी, आदित्य वर्मा, निर्मल महतो सहित कई मौजूद थे।



# रजरप्पा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की चतुर्थ वार्षिक आम सभा 2022-23 का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल, रामगढ़ में रजरप्पा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के चतुर्थ वार्षिक आमसभा 2022-23 का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त चंदन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार सहित अन्य अतिथियों का पौधा देकर आम सभा में स्वागत किया गया। जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से आम सभा का शुभारंभ किया।आम सभा के दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त चंदन कुमार ने महिला किसानों की तारीफ करते हुए कहां की जिस प्रकार से रजरप्पा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की महिलाओं में आत्मविश्वास दिखाई दे रहा है उससे यह प्रतीत होता है कि अगर इस तरह की संस्थाओं की संख्या और भी बढ़ जाए तो समाज का विकास दोगुनी गति से होगा। उपायुक्त ने कहा कि जब एक महिला पूरे घर को चला सकती है तो उनके लिए कंपनी चलाना कोई बड़ी बात नहीं है। रजरप्पा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा पिछली बार सवा करोड रुपए के टर्नओवर को पार करने पर खुशी जाहिर करते हुए उपायुक्त ने इसी तरह आगे भी कार्य करने की सभी को शुभकामनाएं दी। मौके पर उपायुक्त ने फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियों के बेहतर संचालन हेतु कार्यालय उपलब्ध कराने पर चर्चा करते हुए सभी से अपने-अपने क्षेत्र में पुराने सरकारी भवनों अथवा मर्जर के उपरांत खाली पड़े विद्यालयों का प्रस्ताव उपलब्ध कराने की अपील की।




# हजारीबाग को बनाएंगे झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बिंदु : जयंत सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हज़ारीबाग लोकसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वे हज़ारीबाग लोकसभा की पांचों विधानसभाओं में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करवा रहे हैं। अभी तक बरही व सदर विधानसभा में इन शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसी क्रम में 27 सितम्बर को मांडू विधानसभा के विष्णुगढ़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने शिविर का लाभ लिया। इस शिविर में आंख, शुगर, ब्लड प्रेशर, डेंगू, मलेरिया व टाइफाइड समेत अन्य महत्वपूर्ण जांचें निशुल्क की गयीं। यहाँ जनरल फिजिशियन भी उपस्थित थे। जनता ने इस शिविर की काफी सराहना की और इसके लिए जयंत सिन्हा को धन्यवाद दिया। तीन विधानसभाओं में आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविरों में अभी तक 600 से अधिक लोग लाभ ले चुके हैं। 28 सितंबर को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में यह शिविर आयोजित किया जायेगा।जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं। क्षेत्र की हर विधानसभा में यह आयोजन हो रहा है। मुझे यह देखकर बेहद खुशी हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग इन शिविरों में आकर लाभ ले रहे हैं। सबका साथ और सबका विकास के मूलमंत्र के साथ हम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएँ पहुंचाने के लिए कार्यरत हैं।जयंत सिन्हा का प्रयास हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। वे बड़े स्तर पर इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं।




# जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं की रिक्तियों के विरुद्ध नियुक्ति हेतु आयोजित किए जा रहे आमसभा की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। साथ ही पतरातू एवं मांडू की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के कार्यों में उदासीनता को देखते हुए उपायुक्त ने उनके खिलाफ सोकॉज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को जिले के सभी वैसे आंगनबाड़ी केंद्रों जोकि वर्तमान में गैर सरकारी भवनों में संचालित हो रहे हैं उन्हें सरकारी भवनों में संचालित करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को वर्तमान में गैर सरकारी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के समीप सरकारी भवनों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जो की सरकारी भवनों में संचालित है एवं उनमे बिजली, चापानल एवं शौचालय नही है उनकी सूचि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों के वर्तमान स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करते हुए बच्चों व अन्य लाभुकों को लाभान्वित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।



## स्वच्छ भारत मिशन चरण 2 के तहत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपयुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन चरण 2 के तहत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम यूनिसेफ प्रतिनिधि निर्भय कुमार ने उपायुक्त एवं उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को स्वच्छ भारत मिशन चरण 2 के तहत हो रहे कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।बैठक के दौरान उपायुक्त ने वैसे गांव जहां चरण 2 के तहत राशि का हस्तानांतरित किया जा चुका है वहां यथाशीघ्र कचरा प्रबंधन से संबंधित संरचना का निर्माण करने का निर्देश दिया। साथ ही जहां कार्य पूर्ण हो चुके हैं उसकी उपयोगिता प्रमाण पत्र विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वही उपायुक्त ने रजरप्पा मंदिर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में साफ सफाई हेतु कार्य योजना तैयार करने का भी निर्देश दिया।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो ने सभी मुखिया एवं जल संहियाओं को निर्देश देते हुए कहा कि यदि उनके क्षेत्र में वेंडर का चयन नहीं हुआ है तो वे 5 अक्टूबर तक वेंडर का चयन करें। साथ ही उन्होंने कार्य योजना पूर्ण होने वाले गांव में एक सप्ताह के अंदर मेजरमेंट बुक तैयार करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने प्रखंड समन्वयक एवं सोशल मोबिलाइज को ग्रामवार कार्य योजना से संबंधित प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

## 55 एनसीसी कैडेट्स का किया गया चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुजू :** छोटा नागपुर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच दौड़ व लिखित परीक्षा आयोजित कर बुधवार को एनसीसी 22 झारखंड बटालियन के लिए 55 कैडेट्स का चयन किया गया। एनसीसी 22 झारखंड बटालियन, हजारीबाग द्वारा एसआरयु रांची रोड मैदान में कैडेट चयन को लेकर दौड़ एवं लिखित परीक्षा का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में छोटानागपुर महाविद्यालय के छात्र छात्राएं शामिल हुए। जिसमें कुल 55 छात्र छात्राओं का चयन एनसीसी कैडेट्स के रूप में किया गया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रदीप सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल एंटोनी हेनरी सेलबम, एनओ लेफ्टिनेंट जगेश्वर महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

**Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board**
**(Government of Jharkhand Undertaking)**

**Corrigendum**

Ref. No:637 Date: 27.09.2023

E-Tender Advt. PR No: 307477 dated 22.09.2023 for **supply, installation and commissioning of Bamboo Seasoning Unit for Bamboo Crafts Cluster, Bundu, Ranchi, Jharkhand**, the following modifications are made in the technical specification sheet of the tender document:

| Sl.No. | Machine Name | Specification as per NIT | Revised Specification |
|---|---|---|---|
| 1. | Bamboo Seasoning Unit – 22ft | Shell thick – 8mm | Shell wall thickness – 10mm |
| 2. | | Working Pressure: 10-14 kg/ $cm^2$ | Working Pressure: 08-10 kg/ $cm^2$ |

**Scope of Work:-**
The following point to be added in the scope of work as mentioned in the NIT:
Any civil works pertaining to installation and commissioning of Treatment Plant for the seasoning unit should be undertaken by the supplier/manufacturer.
Rest all terms and conditions remain unchanged.

**Chief Executive Officer**

Contact Detail : Mukhyamantri Laghu evam Kutir Udyam Vikas Board 4th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi – 834001 (Jharkhand) Email- contact.cmlaghukutir@gmail.com, Phone: 9102467777, 9262219999

**PR.NO.307902 Mukhyamantri Laghu And Kutir Udyam Vikas Board(23-24):D**

**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**

**–: आम सूचना :–**

सूचित करना हैं कि नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पशु मालिक द्वारा पशुओं जैसे गाय, बैल, भैस आदि को शहर में खुले में छोड़ देने के कारण सड़क दुर्धटना जैसी खबरें आम जनता द्वारा कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार में प्राप्त हो रही है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि पशु मालिक अपने–अपने मवेशियों को अपने घर में हीं बांध कर सुरिक्षत रखे। अन्यथा ऐसा नहीं करने पर होने वाले सड़क दुर्धटना से हुई क्षतिपूर्ति की भरपाई पशु मालिक से कराई जायेगी एवं उनके मवेशी को पकड़ कर कांजी हॉउस में भेज दिया जायेगा। साथ ही नगरपालिका नियमावली के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत विधिवत कारवाई की जायेगी।

इसे अतिआवश्यक समझा जाय।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

**PR.NO.307779 Urban Development(23-24):D**

**JHARKHANDSTATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi – 834004
**PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJANA(PMGSY)**

**e-Procurement Notice**

**Letter no. JSRRDA 764/2023-1660 Dated: 27.09.2023**
**NIT No. eTender No.90./2023-24**

The Chief Engineer, JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY on behalf of Rural Works Department invites the percentage rate bids in electronic tendering system regarding "**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR SETTING UP A PROJECT MANAGEMENT UNIT (PMU) IN JSRRDA FOR PMGSY-III(22-23) ROAD WITH SUPERVISING AND MONITORING &QUALITY CHECK OF PROPOSEDROAD FOR UPGRADATION IN NEW TECHNOLOGIES FULL DEPTH RECLAMATION(FDR)**" from the reputed firms/consultants/companies having experience in similar nature of work.
The Date of release of invitation for Bids through e-procurement 27/09/2023
**Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in www.pmgsytendersjhr.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
**Last Date &Time for receipt of bids through e-procurement**: 18/10/2023 upto15:00 Hours (time). For further details please log on to www.pmgsytendersjhr.gov.in.

**The Chief Engineer,**
**JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(JSRRDA) 3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi – 834004

**PR 307878 (Rural Work Department)23-24*D**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा**

**शुद्वि–पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांक– 965 दिनांक–21.09.2023 द्वारा प्रकाशित की गई ई0–निविदा सूचना संख्या–WRD/MID/KODERMA/F2-21/2023-24 जिसका पी. आर.न0–307535 Minor Irrigation (23:24):D के क्रमांक संख्या–06 Date of Opening of e-Tender दिनांक– 14.10.2023 के स्थान पर 16.10.2023 एंव क्रमांक–10 Last Date of Receipt of Bids Fee, Security and other Documents दिनांक–16.10.2023 के स्थान पर 13.10.2023 पढ़ा जाय।

शेष सभी शर्त्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा

**PR 307863 (Minor Irrigation)23-24*D**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल,कोडरमा**

**शुद्वि–पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांक– 965 दिनांक– 21.09.2023 द्वारा प्रकाशित की गई ई0–निविदा सूचना संख्या– WRD/MID/KODERMA/F2-14/2023-24 जिसका पी.आर.न0–307507 Minor Irrigation (23:24):D के क्रमांक संख्या–06 Date of Opening of e-Tender दिनांक– 14.10.2023 के स्थान पर 16.10.2023 एंव क्रमांक–10 Last Date of Receipt of Bids Fee, Security and other Documents दिनांक–16.10.2023 के स्थान पर 13.10.2023 पढ़ा जाय।

शेष सभी शर्त्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल,कोडरमा

**PR 307839 Minor Irrigation(23-24).D**

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग,जिला नियोजनालय, चतरा**

**"एक दिवसीय मिनी रोजगार मेला–2023"**
**रिक्ति संबंधित सूचना**

अपार हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, झारखण्ड, सरकार के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, चतरा द्वारा दिनांक–03.10.2023 को जिला नियोजनालय चतरा परिसर में मिनी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मिनी रोजगार मेला में निम्न नियोजकों ने आने की अपनी सहमति जताई है–

| S.No | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age | Exp. | Job location | Pay/Salary |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | Acme education Solution Pvt Ltd. | Tele caller (girl) | 02 | 12th Pass | 18-25 | If any | Chatra | 6000-8000 |
| | | GDA Trainer | 02 | 12th pass/Graduation | 18-30 | If any | Chatra | 7000-9000 |
| | | SET/SMO Trainer | 01 | | | If any | Chatra | 8000-10000 |
| 02 | Sai Computer Ltd. | उर्जा मित्र | 03 | 10th pass | 18+ | 3 yrs mobile Exp. | Tandwa, Hunterganj,Jori | 3.46 paisa/bill |
| 03 | Atria Power Corporation Pvt Ltd. | SMO Trainer | 03 | 12th pass | No limit | 1 yrs | Tandwa | Salary as per Company Norms and as per his/her Interview |
| | | Ftoha Trainer | 02 | Diploma | No limit | 2 yrs | Tandwa | |
| | | Mobilizer | 08 | 12th pass | No limit | 0-6 month | Tandwa,Simaria,Chatra ,Balumath,Badkagaon | |
| 04 | Commando industril Security Force | Grade –A (GNM) | 21 | B.SC (Jharkhand Nurses Registration Council in Registration Mendatory | 21-45 | 1yrs Minimum | All Jharkhand | As per the Jharkhand Government Notification Wages. |
| 05 | Shree Ganpati Silver | Helper(female) | 04 | 8th pass | 18-25 | 0yrs | Chatra | 6750/month |
| | | Driver | 01 | 10th pass(Driving license) | 18-25 | 1yrs | Chatra | 9000/- |

दिनांक :–03.10.2023
स्थान :– जिला नियोजनालय चतरा परिसर
समय :– 10:00 बजे से 04:00 बजे तक।

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व में झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नही हैं वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों ,उसकी एक छाया प्रति , अपना बायोडाटा (2 कॉपी) नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत स्थानीय प्रमाण पत्र की प्रति के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नही हैं।नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए सिर्फ नियोजक ही उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा हैं एवं चयन में नियोजनालय की कोई भूमिका नही होगी। इस हेतु कोई भी मांग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा। इस एक दिवसीय मिनी रोजगार मेला में बेराजगार युवक/युवतियाँ भाग लेकर इसका भरपूर लाभ उठा सकतें।

नोट :– विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजनालय, चतरा से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय चतरा

**PR 307794 Labour Employment and Traning(23-24).D**

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंजूमन इस्लाहुल मुस्लेमिन के सदर सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहम्मद अफजल खान के नेतृत्व मे असर्फी हॉस्पिटल के अधीन नयनश्री नेत्रालय के चिकित्सकों के द्वारा एक दिवसीय निन्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम पुराना बाज़ार स्थित टीकिया मोहल्ला मे सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर मे 69 लोगों के आँखों की मुफ्त मे जांच हुई जिनमे से 7 मरीज़ मोतियाबिंद के पाए गए। सभी का ऑप्रेशन असर्फी हॉस्पीटल मे आयुष्मान भारत योजना के तहत बिल्कुल मुफ्त मे होगा। शिविर मे ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की भी जांच मुफ्त मे हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने मे समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ, असर्फी अस्पताल के सुरज मिश्रा, दीपक मंडल, ओम प्रकाश एवं ज्योती आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## प्रवासी मजदूर का गांव पहुंचते ही निधन परिजनों में चित्कार



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत हरिला पंचायत के लालपुर निवासी प्रवासी मजदूर बिनोद साव का गांव पहुचते ही निधन हो गया। बिनोद साव प्रवासी मजदूर था गुजरात के सूरत रहकर अपनी जीविका चलाते थे। सूरत बीते एक सप्ताह से तबीयत खराब था काफी इलाज के बाद भी जब कोई सुधार नहीं हुआ तो परिजनों ने घर आने को कहा। बुधवार को घर पहुचने के बाद परिजन बेहतर इलाज के लिए डाक्टर के पास ले जाने वाले थे कि इसी बीच इनका निधन हो गया। बिनोद साव घर का अकेला कमाऊ व्यक्ति था अपने पीछे पत्नी सहित तीन बच्चों को छोड़ गए हैं। इनके निधन से परिजनों मे चित्कार मचा गया। वही खबर मिलते ही स्थानीय मुखिया सुधीर रजवार पहुचे और परिजनों को ढाढस बंधाते हुए कुछ आर्थिक मदद किए। वही मौके पर अशोक साव, महेंद्र साव बाबुमानी सिंह, नितेश साव, हरिशंकर पंडिया, पिंकु राम , टुप्ला सिंह, वार्ड सदस्य रीना देवी, उमिल देवी, चंद्रक देवी , शांति देवी इत्यादी लोग उपस्थित होकर सांत्वना दी।

## दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को गिरिडीह सदर प्रखंड अंतर्गत बजटों पंचायत गोंदलीटांड स्थित तेतरिया मैदान में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन एडीपी नवयुवक स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा आयोजन किया गया। वही मैच का उदघाटन मुख्य अतिथि झामुमों के प्रखंड एवं बीस सूत्री उपाध्यक्ष अनवर अंसारी ने फिता काटकर किया ।बताया गया इस खेल में कुल 16 टीमों ने भाग लिया हैं। वही मुख्य अतिथि अनवर अंसारी ने कहा कि मस्तिष्क के विकास का साधन यदि शिक्षा है तो शारीरिक विकास का साधन खेल हैं इससे बच्चों में स्नेह और मित्रता का भाव जागृत होता हैं। इसलिए खेल बहुत जरूरी है। विशिष्ट अतिथि बजटों मुखिया अनिता वर्मा ने कहा कि युवाओं के लिए खेलकूद मे भविष्य संवारने के लिए उपयुक्त मंच तैयार करता है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि घनश्याम वर्मा, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र वर्मा वार्ड सदस्य हरिलाल सोरेन, कमिटी के अध्यक्ष सोनाराम मांझी, सचिव-रामकिशोर , कोषाध्यक्ष-रीतलाल सोरेन, दीपक समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में शुरू हुई संकल्प यात्रा का छठा चरण

## झरिया आरएसपी कॉलेज में विशाल जनसभा कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** 17 अगस्त से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में शुरू हुई संकल्प यात्रा के छठे चरण में झरिया विधानसभा क्षेत्र के आरएसपी कॉलेज ग्राउंड में बुधवार 27 सिंतबर को विशाल जनसभा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संकल्प यात्रा कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा था। शहर के कोने कोने से भाजपा समर्थको का हुजूम कार्यक्रम स्थल पर उमड़ पड़ी। पूरा आरएसपी कॉलेज मैदान लोगो के भरा पड़ा था। लगभग 12 बजे प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनसार से रोड शो करते हुए खुले जीप में सवार होकर कार्यक्रम स्थल पोहुचे। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति



सदस्य रागनी सिंह भी जीप में सवार दिखी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर बाबूलाल मरांडी का मंच पर स्वागत किया। मंच पर मौजूद धनबाद सांसद पी एन सिंह , भाजपा नेत्री रागनी सिंह , पूर्व विधायक कुंती देवी,धनबाद जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गणेश मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की सुरुवात की।भाजपा नेत्री रागनी सिंह ने बाबूलाल मरांडी को अंगवस्त्र व तलवार भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंच पर मौजूद नेताओं को 103 किलो वजन की माला भेट कर स्वागत अभिनंदन किया। मंच को संबोधित करते है प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झरिया में हो रही संकल्प यात्रा का यह 43 वां सभा है। लेकिन संकल्प यात्रा चलते चलते जनता के प्यार से अब जन संकल्प यात्रा में तब्दील हो गई। झरिया में जनता के जनसैलाब को देख कर आने वाले विधानसभा चुनाव का नतीजा पूर्ण अनुमान लगाया जा सकता है। मोदी सरकार ने गाँव व गरीबों को लेकर जो काम किया वह दिखता है। इन चार सालों में झारखंड बहुत पीछे हो गया। झारखंड सरकार गरीबों को अनाज पहुंचने के बजाए बाजारों में बेच कर अपनी तिजोरी भरने का काम कर रही है। केंद्र सरकार की योजनाओं को झारखंड में पूरा नही होने दिया। मोदी सरकार ने किसानों के खाते में पैसा भेजा, उज्जवला योजना के तहत गरीब महिलाओं को सब्सिडी दिया। विश्कर्मा योजना के तहत कारीगरों को जोड़ा, सस्ते ब्याज दर पर रोजगार के लिए लोन देने की व्यवस्था की। प्रधानमंत्री देश की जनता की चिंता करते है। लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 सीटों की व्यवस्था की।

## बिजली की बढ़ती समस्या को को लेकर बगोदर विधायक पहुंचे गिरिडीह बिजली विभाग कार्यलय



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर विधायक विनोद सिंह बुधवार को गिरिडीह बिजली विभाग डांडीडीह पहुंचे और जीएम प्रदोष कुमार के साथ कार्यपालक अभियंता एसडीओ डुमरी के साथ कई अफसर से बगोदर नए सबस्टेशन के संदर्भ में वार्ता किया। साथ ही साथ बगोदर क्षेत्र के खरखरो, पोखरिया, अलकडीहा, बागोड़ीह, उलीबार बिरनी प्रखंड आदि के जले ट्रांसफार्मर और एडिशनल ट्रांसफार्मर नए ट्रांसफार्मर की भी बात की है जल्द सभी चिन्हित जगहों पर कार्य करने को कहा। वही बैठक में माले नेता राजेश सिन्हा ने जीएम को लिस्ट दिया और कहा है कि पहाड़ीडीह में 11000 का तार घर से ऊपर गुजरा है उसे जल्द हटाने को कहा। नही हटाने पर माले आंदोलन करने को बाध्य होगी। साथ ही बिरसा चौक,चंदनडीह,अन्दुडीह, हरिचक और सिकदारडीह आदि के लिए आवेदन दिया गया था।

## नौजवान एकता फाऊंडेशन की टीम ने अंचल अधिकारी से भेंट की



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नौजवान एकता फाऊंडेशन की टीम ने झरिया के अंचल अधिकारी श्री राम सुमन प्रसाद से उनके कार्यालय मे भेंट की, जहां उन्हें बुके देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान फाऊंडेशन के सदस्यों ने क्षेत्र की कई जन समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। वहीं अंचल अधिकारी ने सारी समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु संस्था के लोगों को आश्वस्त किया। साथ ही नौजवान एकता फाऊंडेशन के द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यो की भी उन्होने प्रसंशा की और संस्था के कार्यालय आने की भी बात कही।

# जिला परिवहन पदाधिकारी व ई-रिक्शा टोटो संघ के प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई सकारात्मक वार्ता

### ब्रजेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक बैभव सिन्हा और प्रदेश प्रवक्ता संतोष कुशवाहा थे शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में झारखंड ई-रिक्शा टोटो संघ के प्रतिनिधि मंडल और जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह के बीच में धनबाद जिला परिवहन कार्यालय में वार्ता हुई। प्रतिनिधि मंडल में झारखंड ई-रिक्शा टोटो संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा एवं प्रदेश प्रवक्ता संतोष कुशवाहा मुख्य रुप से सम्मिलित थे। वार्ता में मुख्य रूप से ई-रिक्शा टोटो टोटो चालकों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में सरलता और पारदर्शिता लाने, ई-रिक्शा के लिए पार्किंग की व्यवस्था तथा एक मुश्त 15 वर्षो का टैक्स लिए जाने के विषय पर सकारात्मक चर्चा हुई। जिला परिवाहन पदाधिकार राजेश कुमार सिंह ने आश्वाशन देते हुए कहा की ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन हेतु ऑनलाइन व्यवस्था पूर्व से ही कर दी गई है और इसके बाद भी विभाग द्वारा टोटो चालकों कि सहायता के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। टोटो के लिए



पार्किंग के विषय पर उन्होने कहा की जिला की अगली बैठक में वे इस विषय को जिला प्रशासन के संज्ञान में लाकर समाधान का प्रयास करेंगे। ई-रिक्शा के 15 वर्षो का एक मुश्त टैक्स जमा किए जाने के विषय पर उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा की संघ के मांग पत्र को वे मंत्रालय को अग्रेषित कर संज्ञान में लाने का प्रयास करेंगें। मौके पर जिला परिवाहन पदाधिकार राजेश कुमार सिंह ने भी बिना लाइसेंस और बिना रजिस्ट्रेशन के ई-रिक्शा टोटो के चालन का विषय उठाते हुए कहा गया की शीघ्र इसके विरुद्ध आभियान चलाया जायेगा।

## टुंडी : प्राथमिक विद्यालय चरकखुर्द में मासिक बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी/धनबाद :** टुण्डी प्रखण्ड+अंचल के राजकीयकृत मध्य विद्यालय चरक संकुल अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय चरकखुर्द में मासिक एवं माता समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विप्रस के अध्यक्ष बुधन मंडल एवं संयुक्त रूप से संचालन प्रभारी पारा शिक्षक तुलसी नारायण सिंह एवं नवीन चन्द्र सिंह ने किया। बैठक की शुभारम्भ करते हुए पूर्व बैठक की समीक्षा, विकास कार्य, नामांकन शिक्षार्थियों की उपस्थिति एवं पासबुक खुलवाना, सोंसोंई एवं मध्याह्न भोजन सम्बन्धी जानकारी पर किये गये सुधार एवं दायित्व निर्वहन पर समीक्षा के उपरान्त पुनः निम्न मुद्दे रखें गये। बैंक/पोस्ट औफिस में पुनः शिक्षार्थियों का पासबुक खुलवाने हेतु प्रयास किया जाय। स्वच्छता कार्यक्रम गांव-घर सार्वजनिक स्थल, मध्याह्न भोजन, पेयजल एवं अन्य साफ़-सफाई कार्य को प्रगति दिया जाना ।। नवोदय एवं छात्रवृत्ति परीक्षा हेतु शिक्षार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों को भी सजग/ तत्पर रहना हैं। शिक्षार्थियों का आधार से मोबाइल फ़ोन नंबर अद्धतन किया जाना, पेन कार्ड, से सम्बन्धित आवश्यकता पर अपनी व्यक्तिगत का पालन करते हुए कार्य करना इसके अलावें भी बहुत सारे विद्यालय विकास से सम्बंधित विचार - विमर्श किये गये। मौके पर मुख्य रूप से टिन्कु शर्मा, रिन्कु देवी, रीता देवी, डोली देवी, प्रतिमा देवी ,छवि देवी , लक्ष्मी देवी, रिना देवी, रिन्कु देवी, देवेन्द्र मंडल (बाल संसद) मुनेजा बीबी, मनी देवी ( संयोजिका) जहीरन बीबी, कुरेदा बीबी, फुलवा देवी गुड़िया देवी, रिना देवी, लक्ष्मी देवी।

## गिरिडीह में मैराथन दौड़ का आयोजन, जीतने वाले प्रतिभागियों को किया गया पुरुस्कृत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** बुधवार को गिरिडीह जिला स्वास्थ विभाग के द्वारा आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा को लेकर गिरिडीह शहरी क्षेत्र में मैराथन दौड़ का आयोजन किया। गिरिडीह के झंडा मैदान में डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ की शुरुआत की। मैराथन दौड़ का समापन भी झंडा मैदान में किया गया। इस दौरान गिरिडीह डीसी के अलावा स्वास्थ विभाग के अधिकारियों ने मैराथन दौड़ में जीतने वाले प्रतिभागियों पुरस्कृत किया। इस मैराथन दौड़ में कई स्कूलों के छात्रों ने



हिस्सा लिया।

मौके पर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने मौजूद प्रतिभागियों और नर्सो को शपथ दिलाया की अंगदान और रक्तदान के लिए वो समाज के लोगों को प्रेरित करेंगे। डीसी ने कहा कि आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम भारत सरकार की महत्पूर्ण योजनाओं में शामिल है और इसका मकसद लोगो को भारत सरकार के आयुष्मान स्वास्थ योजना से जोड़ना है।,

जिसे किसी को अपने बिमारी के लिए अधिक परेशानी उठाना नही पड़े।

## रक्सौल-दानापुर-रक्सौल एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार सगौली तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजरघोड़ासहन-बैरगनिया-सीतामढ़ी- मुजफ्फरपुर-हाजीपुर के रास्ते रक्सौल और दानापुर के मध्य परिचालित की जा रही 15515/15516 रक्सौल-दानापुर-रक्सौल एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार दिनांक 28.09.2023 से सगौली तक किया जा रहा है।दिनांक 28.09.2023 से गाड़ी सं. 15515 सगौली-दानापुर एक्सप्रेस सगौली से 05.05 बजे खुलकर 05.14 बजे धरमिनिया, 05.24 बजे रामगढ़वा, 05.31 बजे मासनडीह रूकते हुए 05.48 बजे रक्सौल पहुंचेगी और यहां से यह 06.00 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।वापसी में दिनांक 28.09.2023 से गाड़ी सं. 15516 दानापुर-सगौली एक्सप्रेस दानापुर से 14.30 बजे खुलकर अपने नियत ठहराव पर रूकते हुए 20.55 बजे रक्सौल पहुंचेगी और यहां से 21.05 बजे खुलकर 21.13 बजे मासनडीह, 21.20 बजे रामगढ़वा, 21.30 बजे धरमिनिया स्टेषन/हाल्टों पर रूकते हुए 22.00 बजे सगौली पहुंचेगी।

रक्सौल और दानापुर के बीच गाड़ी सं. 15515/15516 का समय एवं ठहराव पूर्ववत रहेगा।

## एसपी का औचक निरीक्षण : साईबर अपराधियों व जमीन माफियाओं समेत सभी अपराधों पर लगेगा लगाम : एसपी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा बुधवार को सरिया थाना पहुँचे और थाने का औचक निरिक्षण किया। इस दौरान सरिया थाना के जीप ड्राइवर शालीग्राम सिंह को जमकर लताडा कहा कि उनकी बहुत शिकायतें मिल रही है ,कार्यशैली में सुधार लायें अन्यथा कार्रवाई तय है। साथ ही इन्होंने थाना के दैनिक मामले की पंजी व मुकदमा के निपटारे से सम्बंधित पंजियों की जाँच की। इस दौरान इन्होंने थाना के हाजत व थाना परिसर का जायजा लिया तथा व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश भी दिया । इन्होंने कहा कि सरिया समेत पूरे गिरिडीह जिला को अपराधमुक्त बनाने के लिए हमारी पुलिस काम कर रही है। साईबर अपराधियों, जमीन माफियाओं व आर्थिक अपराध पर हमारी सीधी नजर है कोई भी गलत काम करके नहीं बच सकता है । इन्होंने सरिया थाना के पुलिसकर्मियों को हिदायत दिया कि सरिया में हमारे सैकड़ों लोग है जो आपपर सीधी नजर रखे हुए हैं इसलिए गलत करने से बाज आयें ।साथ ही बेहतर पुलिस-पब्लिक समन्वय के साथ काम करने की हिदायत दी। इन्होंने पूरे जिले से कोयला तस्करी, अवैध शराब, गांजा, जुआ व दुराचार के खिलाफ जोरदार अभियान चलाने की बात कही ।

## टेकलाल महतो की 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता :** गिरिडीह के पूर्व सांसद सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सदस्य रहे और मांडू विधानसभा से पांच बार विधायक रहे स्वर्गीय टेकलाल महतो की 13वीं पुण्यतिथि सिजुआ स्थित टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो जी के आवासीय कार्यालय में बड़े ही सादगी पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता बसंत महतो, गोविंदपुर बीससूत्री अध्यक्ष अख्तर अंसारी, बाबू नाथ महतो, प्रदोष महतो, ऐनुल अंसारी,सुमित महतो ,राजेश महतो, मितन हांडी, नकुल विश्वकर्मा, विकास कुमार आदि मुख्य रूप सेउपस्थित थे ।

## मैं हूं धनबाद समूह गांवों को कर रहे हैं स्वच्छता के प्रति जागरुक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बुधवार को स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत मैं हूं धनबाद समूह के द्वारा बलियापुर के नीमटांड गांव में युवा खिलाड़ियों तथा ग्रामीणों के साथ मिलकर पूरे गांव को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। समूह का मानना है की भारत गांवों का देश है। सरकार की कोई भी योजना सफल तभी हो सकता है, जब उसे हम ग्रामीण स्तर पर घर-घर जाकर लोगों को योजना का लाभ पहुंचाएं और समझाएं। समस्या पूछे जाने पर गांव वालों ने कहा की यहां का मुख्य समस्या नाली है। जिसके कारण पूरे गांव का पानी रोड पर जमा रहता है जो बीमारियों का घर है। इस स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने मिलकर नारा लगाया, गांव हमारा है स्वच्छता की जिम्मेदारी भी हमारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में राणा आचार्य, पंकज राठौर, पंकज वाल्मीकि, टिंकू, पवनी, सचिन, सोनू, गुड्डू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## लम्पी महामारी के बचाव में आई झारखण्ड समाज सेवा ट्रस्ट

### सूरत (गुजरात) से दवा मंगवा कर नि:शुल्क गायों को पिलाया जा रहा है

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले मे गाय बैल मे फैले लम्पी महामारी देखने को मिल रहा है। लगभग गांव मे गाय बैल सहित बछड़े इस बीमारी के चपेट में आये हुवे है। इस बीमारी से गाय बैल के शरीर में फोड़ा हो जाता है धीरे धीरे घाव का रूप ले लेता है। बेजुबान गौ माता के इस बीमारी को देखते हुवे समस्त झारखंड समाज सेवा ट्रस्ट सूरत द्वारा गुजरात के सूरत से दवा मंगवा कर गौ माता को बचाने के लिए निःशुल्क दवा देने का काम किया जा रहा है। ट्रस्ट ने पारीक विकास ट्रस्ट के द्वारा विप्र फ़ाउंडेशन के सहयोग से गिरिडीह जिले दर्जनों गावों तक यह दवा पंहुचा कर गौ रक्षा में एक बड़ा कार्य कर रही है। यह दवा डॉ हेतल भयानी (MD) के परामर्श से निर्मित की गई है अब तक इस दवा से काफी गौ माता की जीवन को बचाया जा चूका है। समस्त झारखण्ड समाज सेवा ट्रस्ट के अधिकारी इसके लिए दिन रात मेहनत कर रहे है। बुधवार से लोगो को दवा मिलना भी सुरु हो गया प्रथम दिन बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत केंदुवागढ़ा, सरियाप्रखंड अंतर्गत डबरी, चितरना, बगोदर, निमाटांड़, फकिरापहरी, चंद्रमारनी, खेसकारी, जमुआ के परांचिडिह, दुमा नावाडीह, राजधनवार प्रखंड अंतर्गत डोरंडा,लालबजार, देवरीअंतर्गत बेको, मनीकबाद, खटोरी, बिरनी प्रखंड के सुयाडिह इत्यादि गांव के इस बीमारी से सक्रमित गाय को दवा पिलाया गया।

## जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर भाटडीह ओपी में शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के भाटडीह ओपी परिषर में ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर शान्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में इलाके के मुखिया, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, ग्रामीण महिला पुरुष ने भाग लिया । उपस्थित लोगो ने कहा की ईद मिलाद-उन-नबी का पर्व शांति पूर्वक मनाया जायेगा। भारती ओपी प्रभारी सौरभ चोबे ने बताया कि



कोई भी सरारती तत्व दिखे तो मुझे तुरंत सूचित करे किसी भी असामाजिक तत्व को बक्शा नही जाएगा।

इस मौके पर दर्जनों लोग उपस्थित हुए।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### शांतिपूर्ण रुप से जुलूस ए मोहम्मदी त्योहार मनाने को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु, कल्हेपाट, अरु और सेन्हा सहित विभिन्न जगहों पर ईद-उल मिलादुन्नबी का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर बुधवार को सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में ड्रोन कैमरा के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च सेन्हा थाना परिसर से मुख्य पथ होते हुए साहू मुहल्ला, मुस्लिम मुहल्ला,जंगल मुहल्ला लकड़ी डीपू तक गई। वही थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आपसी भाईचारा के साथ ईद-उल मिलादुन्नबी का त्योहार मनाये और त्योहार में शरारती तत्वों द्वारा आपसी सौहार्द खराब करने की कोशिश किया जाता है.तो वैसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। और साथ ही बताया कि सीसीटीवी और डरोन कैमरा से जुलूस पर निगरानी रखी जाएगी।

## खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा शूटिंग क्लब : धीरज साहू

# डॉ. रामेश्वर उरांव व धीरज प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से शूटिंग क्लब का नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में बुधवार को बीएस कालेज परिसर लोहरदगा में शूटिंग क्लब के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन सिनेमा जगत के जाने माने एक्ट्रेस भाग्यश्री की गरिमा में की उपस्थिति में स्थानीय विधायक सह वित्त मंत्री रामेश्वर उंराव,रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डा अजीत कुमार सिन्हा,राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में सिनेमा जगत के जाने-माने एक्ट्रेस भाग्यश्री तथा कई रास्ट्रीय और अतंरराष्ट्रीय खिलाडी उपस्थित थे। मौके पर राज्य सभा सांसद सह कल्ब के अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला छोटा है परंतु खेल के क्षेत्र में आगे है इसमें स्व शिव प्रसाद तथा परिवार का अहम योगदान हैश्री साहू ने कहा कि यह रायफल शूटिंग क्लब राष्ट्रीय स्तर का है खिलाड़ियों के लिए यहाँ तमाम तरह की सुविधाएं उपलब्ध है लोहरदगा के खिलाडी भी यहां प्रेक्टिस कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोहरदगा का नाम रौशन कर सकते हैं। यह अत्याधुनिक तकनीकों से राइफल कल्ब है।तथा लोहरदगा का शूटिंग रेंज झारखंड का पहला ऐसा कल्ब है जो पूरी तरह से एसी और इलेक्ट्रानिक टारगेट वाला है 10 मीटर के टारगेट वाला इस शूटिंग सेन्टर के आरम्भ होने से रांची समेत श्रेत्र के निशानेबाजो को एक बडा मंच मिलेगा। यही नही भारतीय राइफल एसोसिएशन और झारखंड राइफल एसोसिएशन से मान्यता मिलने और प्रतियोगिताओं को लिस्टिंग करने के बाद यहां से जारी प्रमाण पत्र देश भर मे मान्य होगा।विधायक सह वित्त मंत्री डा रामेश्वर उंराव नेकहा कि खेल के क्षेत्र साहु परिवार का अहम योगदान है उन्होंने राइफल शूटिंग सेन्टर खुलने पर भुरी भुरी प्रशंसा की। साथ ही हथियार चलाने व गोली का प्रयोग कब कैसे आदि के संबध विस्तार से बताया। एसपी हारिश बिन जमां ने कहा किराइफलसूटिंग खुलने से श्रेत्र के पुलिस लाभ ले सकते है। मौके पर शूटिंग प्रतियोगिता हुआ जिसमें आगत अतीथियो ने भाग लिया और लोगों का उत्साह बढाया। इस अवसर पर भाग्यश्री ने युवा शुटर क्रमशः दीपाशू उराँव, उत्पल आंनद, आर्य पटवारी, फहद अंसारी, सृष्टि प्रिया को मेमोन्टो देकर सम्मानित किया। साथ ही अपने संबोधन में कहा कि छोटा जिला लोहरदगा व झारखंड राज्य अच्छा लगता है उन्होंने साहु परिवार के खेल प्रति रुझान की भूरि भूरि प्रशंसा की व लोहरदगा मे शीघ आने व फिल्म बनाने की बात कही। मंच संचालन समरागी खण्डेलवाल ने किया।

## कैरो दुर्गा पूजा को लेकर मुर्तिकार लगे मां की प्रतिमा निर्माण में, जल्द होगी समिति गठित



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय कैरो समेत हनहट व नगजुवा मे भी वर्ष 2023 मे दुर्गा पुजा सफल आयोजन को लेकर तैयारियों का दौर प्रारंभ हो गया है। इस निमित्त कैरो मुख्यालय स्थित माँ अंबे दुर्गा पुजा की और से माता रानी की प्रतिमा बनाने का कार्य बंगाल के झालदा निवासी मूर्तिकार स्व0 कालिदास सूत्रधर के दो पुत्र मधु व जाधव सूत्रधर के द्वारा दुर्गावाडी कैरो मे मुर्ति निर्माण का कार्य चल रहा है। विदित है कि कैरो प्रखंड क्षेत्र मे हनहट,कैरो, व नगजूवा मे मातारानी की प्रतिमा स्थापित कर दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जाती रही है, इस निमित कैरो माँ अंबे पुजा समिति की और से प्रथम शारदीय नवरात्र से ही नवरात्रा का पाठ दुर्गावाडी परिसर मे पुर्व से होते चला आ रहा है। माँ अंबे दुर्गा पूजा समिति कैरो के अध्यक्ष शंभू सोनी ने बताया कि कैरो मुख्यालय स्थित दुर्गा पूजा के समस्त अनुष्ठान व कार्यक्रम सफल आयोजन को लेकर दुर्गा वाडी भवन मे 27 सितंबर शाम 7:30 बजे आवश्यक बैठक आहुत की गयी है, बैठक मे समिति गठन व पुजा तैयारियों के निमित आवश्यक चर्चाएं भी की जायेगी।

## असमाजिक तत्वों और हुड़दंगियों से निपटने को लेकर पुलिस जवानों ने किया मॉक ड्रिल



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा में ईद मिलादुन्नबी को लेकर जिला में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। वहीं त्योहार को लेकर हुरदंगियों और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल किया गया। लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां ने मॉक ड्रिल के माध्यम से जवानों को हर एक आपातकालीन स्तिथि से निपटने की तैयारी, अभ्यास कराया। पुलिस की लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले दागने के साथ साथ जरूरत पड़ी तो गोली चलाने तक का अभ्यास किया गया। पुलिस लाइन मैदान में आम ग्रामीणों के भेष में पुलिस के जवानों ने आंदोलन और पथराव तक का दृश्य अपनाते हुए पुलिस प्रशासन पर हमला किया। वहीं पुलिस के जवानों ने पहले माइकिंग कर विरोधी और आंदोलनकारी को समझाया, फिर पथराव किए जाने पर लाठी चार्ज और आंसू गैस के गोले दाग कर उनका प्रतिकार भी किया। एसपी हारिस बिन जमां ने कहा कि त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन हर एक स्थिति से निपटने को लेकर मॉक ड्रिल किया है। आम लोगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है।

## पोषण माह के तहत पोषण प्रदर्शनी आयोजित किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बाल विकास कार्यालय में पोषण माह के तहत पोषण प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित कर पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने पोषक क्षेत्रो में सम्पर्क कर गर्भवती और धातृ महिलाओं को एनीमिया तथा कुपोषण से बचने के लिये क्षेत्र में पाए जाने वाले हरा साग सब्जी, फल, दूध और अंडा का सेवन करने के लिये प्रेरित करें जिसे जच्चा बच्चा दोनों ही स्वस्थ्य होंगे। तथा शुभम गैस एजेंसी सेन्हा के संचालकों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आंगनबाड़ी या घर मे गैस से खाना बनाने तथा गैस का रख रखाव और गैस जलाने के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही गैस से होने वाली दुर्घटना के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया। वही गैस को चूल्हा से दूर और चूल्हा से थोड़ा नीचे ऊँचा जगह में रखने और खाना बनाने या कोई अन्य कार्य करने के बाद गैस को रेग्युलेटर से बन्द करने के लिये कहा गया। और साथी ही विभिन्न तरह की जानकारियां दी गई जिसे गैस के माध्यम से खाना बनाने या अन्य कार्य करने से दुर्घटना न हो सके। मौके पर पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, अंगनी बेक के अलावे शान्ता मिंज, रजनी देवी, टिंकी देवी, किरण कुमारी, गीता देवी, यशोदा कुमारी, शहनाज बानो, अहिल्या देवी सहित सभी आंगनबाड़ी सेविकाएँ उपस्थित थे।

## विधायक कोलेबिरा के निर्देश पर उनके कार्यकर्ताओं ने हाथी प्रभावित गांव में जुट बोरा व मोबिल का किया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत राजाबासा पंचायत के कहुपानी गांव में हाथी आने की खबर जैसे ही विधायक कोंगाड़ी को मिला उसने तुरंत अपने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया और भेज कर हाथी भगाने के लिए जुट बोरा ,जला हुआ मोबिल आदि भेजवाया। साथ ही जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कहा कि अगर कभी भी गांव मे हाथी प्रवेश करता है तो उसकी खबर विधायक तक पहुंचाए ताकि समय रहते हुए गांव के लोगो को भगाने का समान मिल सके और साथ ही साथ वन विभाग के पदाधिकारियों को भी खबर पहुंचाए। अगर वन विभाग कोई भी लापरवाही करता है तो उसकी भी जानकारी विधायक तक पहुंचाए ताकि उनपर कारवाई हो सके। विधायक क्षेत्र मे पहले से ही इस गंभीर मुद्दा के लिए चिंतित हैं, उसको जब भी हाथियों के आने की खबर मिलती हैं तो वह क्षेत्र मे मोबिल, टॉर्च, मशाल आदि का वितरण करते आए हैं ताकि किसी गांव मे हाथियों के कारण नुकसान ना हो , और तो और इन हाथियों के कारण क्षेत्र में गंभीर समस्याओं को विधानसभा में भी उठाते आए हैं। आज जो समस्या है वह हाथी और इंसान के बीच की लड़ाई नही है, बल्कि यह लड़ाई पेट की है । आज जंगलो में हाथियों के खाने के लिए पेड़ ना होने के कारण वह इंसानों के घर में धान आदि खाने को आते है। इसलिए आपलोगो से मेरा आग्रह है कि जब भी गांव आस पास हाथियों के आने की सूचना आती है तो आप लोग सतर्क रहे। उसको छेड़ छाड़ ना करे बल्कि अपने गांव की रक्षा करे और आपलोगो को हाथी भागाने के लिए सामग्री की जरूरत हो तो तुरंत विधायक या कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को कहे आपलोगो को तुरंत सामग्री उपलब्ध कराया जाएगा।

## कार्यकर्ताओं ने मंत्री से मिलकर क्षेत्र की जन समस्याओं से अवगत कराया



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल झारखण्ड सरकार के अनुसूचित जन जाति और पिछड़ा वर्ग मामले के मंत्री चम्पई सोरेन के राँची स्थित आवास में मिलकर प्रखंड क्षेत्र में जनताओं का मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी,बिजली,सड़क और राशन सहित अन्य समस्याओं से भी मंत्री को अवगत कराया गया। वही मंत्री चम्पई सोरेन द्वारा आश्वासन देते हुए कहा कि जनता का समस्या का समाधान के लिये हर सम्भव मदत करने का भरोसा दिया गया। साथ ही कहा कि जिसे जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मंत्री से मिलने वालों में प्रखंड 20 अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम के अलावे रोहित उरांव, केश्वर उरांव, विकास साहु, सचिन उरांव सहित अन्य कार्यकता उपस्थित थे।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विद्यालय के बच्चों द्वारा निकाला गया प्रभातफेरी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के बेसिक उच्च विद्यालय सेन्हा,नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु सहित सभी सरकारी विद्यालयों में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी निकाला गया। वही प्रभातफेरी के माध्यम से देश के शहीद हुए वीर शपूतो का स्मरण कराया गया। साथ ही प्रधानध्यापिका रेणु मिश्रा और सीमा नैन्सी लकड़ा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया? की मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम 30 सितम्बर आयोजित होगा। जिसके अन्तर्गत माटी संग्रह कर अमृत वाटिका दिल्ली भेजा जायेगा तथा रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिता के मध्य। से भी विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित कराया जायेगा जिसे बच्चे बच्चियों में देश भक्ति का भावना को जागृत करने के लिये सरकार का यह अनूठा पहल है। साथ ही बताया कि प्रखंड व जिला स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। वही विद्यालय के छात्र छात्रओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। मौके पर प्रधानध्यापिका रेणु मिश्रा, सीमा नैन्सी लकड़ा के अलावे मेराज आलम, रंजू साहु, चाँदनी शाहदेव, बिक्रम कुमार, अनिल उरांव, बेंजामिन मिंज सहित सभी शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## जय श्री राम समिति ने अयोध्या से आ रहे रथ की भव्य स्वागत को लेकर की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति की बैठक मुंद्रिका बैंक्वेट हॉल में जिला अध्यक्ष राजीव रंजन की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिला संरक्षक जिला पदाधिकारी जिला महिला पदाधिकारी एवं नगर कमिटी के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में मुख्य रूप से अयोध्या से आ रहे रथ का भव्य स्वागत,दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था एवं पूरे जिले के सभी मंदिरों में महाआरती को लेकर खास चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला एवं नगर के पदाधिकारी ने अपनी अपनी बात रखी जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया की जय श्रीराम समिति के तत्वाधान में 4 अक्टूबर को अयोध्या से आ रहे रथ का भव्य स्वागत करते हुए नगर भ्रमण किया जाएगा एवं दुर्गा पूजा में विशेष विधि व्यवस्था तथा महाआरती को लेकर विशेष रणनीति बनाई गई। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता जिला अध्यक्ष राजीव रंजन, महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, संगीता कुमारी पूर्णिमा वर्मा, ओम महतो, दयाशंकर सिंह, विक्की कसेरा, गुड्डू उर्फ रमेश राय, सुनील अग्रवाल, अनिल उरांव, अनुज महतो, विनोद प्रसाद, बिक्की महतो नगर अध्यक्ष दीपक साहू, कौशिक मेहता, ज्योति भगत, अभिषेक साहू, सुशील पटनायक, विष्णु कुमार साहू, राहुल कुमार, निखिल कुमार, आकाश मेहता, आशीष रजक, संजय कुमार समेत सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमाँ की अध्यक्षता में आज बुधवार को मिलाद-उन-नबी त्यौहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में हुई। इस बैठक में प्रखण्डों के विभिन्न गांवों में कर्मा मेला, जितिया व्रत उपरांत लगनेवाले वाले मेला को लेकर भी चर्चा की गई और निदेश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा निदेश दिया गया कि मिलाद-उन-नबी त्यौहार पर जो भी जुलूस निकाला जाय वह निर्धारित रूट पर ही निकाला जाय। रूट कभी भी डायवर्ट कर दूसरे रूट से नहीं जाना चाहिए। तय समय के अंदर ही जुलूस समाप्त करें। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना में डीजे संचालकों की एक बैठक बुलाकर उनसे शपथ पत्र लेंगे कि वे किसी भी जुलूस के लिए अपना डीजे उपलब्ध नहीं कराएंगे। जुलूस के दौरान झण्डे की उँचाई अधिक नहीं रहे जिससे बिजली के तारों के संपर्क में आने का खतरा नहीं हो,यह समिति के लोग ध्यान रखेंगे। जो भी साउण्ड सिस्टम इस्तेमाल किया जाय उसमें बजाये जाने वाले कंटेंट किसी सामुदाय की भावना को ठेस पहुंचाने वाला नहीं होना चाहिए। सभी समिति अपने-अपने वॉलेंटियर जुलूस की पहली पंक्ति में तैनात रखेंगे। वॉलेंटियर्स के लिए आई-कार्ड भी जारी करें। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और थाना प्रभारी इसकी मॉनिटरिंग अपने-अपने क्षेत्रों में करेंगे। कोई भी समस्या होने पर समिति अपने थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी व दण्डाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। जिस रूट से जुलूस को गुजरना है उस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी को एक्टिव करा दें।

## गरीबों का राशन हजम करना मानवीय अपराध है, इसकी उच्च स्तरीय जांच हो : राजू गुप्ता



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता ने कहा है कि गरीबों का राशन हजम करना मानवीय अपराध है, इसका उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। इस संबंध में राजू गुप्ता ने उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर उच्च स्तरीय जांच कर दोषी लोगों के ऊपर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि अखबारों में छपे समाचार और ग्रामीणों के माध्यम से यह सूचना मिल रही है कि लोहरदगा जिला में अधिकांश डीलरों के द्वारा राशन में आधा माह की कटौती कर राशन प्रदान की जा रही है, जबकि अगस्त और सितंबर माह का एक साथ लाभुकों को जन- वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन देने की बात विभाग के द्वारा कही जा रही है। राजू गुप्ता ने कहा कि यह एक बड़ा घोटाला है और इसकी उच्च स्तरीय जांच कर अविलंब दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए अन्यथा लाभुक सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे।

# अपने मन, वचन व कर्म से हर किसी को लाभ पहुंचाने का करें प्रयास : विधायक भूषण बाड़ा

### धूमधाम से मना नॉर्थ वेस्टन जीईएल नेम्हा चर्च बाघडेगा का 9 वां स्थापना दिवस महोत्सव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** केरसई प्रखंड के नॉर्थ वेस्टन जीईएल नेम्हा चर्च बाघडेगा 9 वां स्थापना दिवस महोत्सव बुधवार को भव्य तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। महोत्सव के अवसर पर यहां मेले का दृश्य हो गया था। कार्यक्रम की शुरुआत मिस्सा पूजा से हुई। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी बालिकाओं ने नृत्य के माध्यम से स्वागत करते हुए पादरियों को मुख्य मंच तक पहुंचाया। इसके पहले सबके हाथ धुलवाये गये। इसके बाद मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया। मिस्सा पूजा किनकेल पेरिस चेयर जोहान भेंगरा, सहायक चेयरमेन सुरजमणि केरकेट्टा, कोचडेगा चेयरमेन जस्टिन एक्का, बाघडेगा मंडली चेयरमेन दाऊद मिंज की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मौके पर विधायक ने कहा कि मिशनरियों ने बाघडेगा जैसे सुदूर गांव में आकर यहां ज्ञान का दीप जलाया। इसके कारण यहां के लोगों का विकास हो पाया। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु ने प्रेम और सेवा का जो संदेश दिया है, उसे सभी आत्मसात करे। अपने मन, वचन व कर्म से हर किसी को लाभ पहुंचाने का प्रयास करे। इसी के लिए प्रभु यीशु शूली पर चढ़े थे। विधायक ने कहा कि केरसई में यह स्थान बहुत ही पवित्र है। इसी का परिणाम है कि आज इस स्थान पर हुजूम उमड़ा है। *प्रभु येसु मसीह की कृपा क्षेत्र के सभी लोगों मिले~ जोसिमा खाखा* मौके पर उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि चर्च के माध्यम से यहां के लोगों में प्रभु येसु मसीह की कृपा क्षेत्र के लोगों में बरस रही है। चर्च की पवित्रता को ऐसे ही बनाये रखें। प्रभु येसु के वचनों को सुनें और उसे अपने जीवन मे आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि समाज के लोग सँगठित रहें।

## जलडेगा में कार्यशाला आयोजित कर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को दी गई लीड्स के कार्यों और उद्देश्यों की जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** बुधवार को जलडेगा प्रखंड सभागार में लीड्स संस्था द्वारा अंचल अधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, बीपीएम, बीटीएम, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सेविका, शिक्षक, ग्राम प्रधान और जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर संस्था के कार्यों और उद्देश्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुवात अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो, उप प्रमुख शशि सत्यभामा बडिंग, बीपीएम मुकुल खाखा, मुखिया बिपिन बडिंग, महिला पर्यवेक्षिका पुष्पा देवी, कल्याण पदाधिकारी लक्ष्मी नारायण प्रसाद और संस्था के प्रोग्राम मैनेजर नीरजा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक नीरजा ने बताया की लीड्स संस्था पहले चरण में जलडेगा प्रखंड के पतिअम्बा, लमडेगा, टीनगिना, कोनमेरला, टाटी और परबा पंचायत के 25 गांव कारीमाटी, किनीरकेला, भीतबुना, बनजोगा, परबा लमडेगा, सेमेरिया, लमडेगा, बराईबेड़ा, टीनगिना, सीलिंगा, टिकरा, ढोढ़ीबहार, टेंगराटुकू, कोनमेरला, गांगूटोली, डुमरबेड़ा, बड़कीटांगर, खरवागाढ़ा, भुंडूपानी, तुरूपडेगा, बाड़ीबृंगा, पैतानो, तितलिंग, हुटुबदा और ढेंगुरपानी में स्कूली शिक्षा, आंगनबाड़ी, आजीविका संवर्धन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, बाल अधिकार, पंचायती राज, महिला सशक्तिकरण, कृषि विकास, प्राकृतिक संपदा संवर्धन, महिला समूह, महिला एवं पुरुष किसान, सामाजिक कार्यकर्ता तथा ग्राम सभा सशक्तिकरण के लिए ग्राम स्तर पर सामुदायिक संगठनों के साथ मिलकर कार्य करेगी। इस दौरान संस्था अगले तीन वर्ष तक ग्राम स्तर पर समेकित पशुधन विकास केंद्र, किसान पाठशाला, डिजिटल स्कूल, मॉडल आंगनबाड़ी, बाला पेंटिंग और मॉडल डोभा का निर्माण करेगी। इस दौरान सीओ डॉ खगेन महतो ने भी लीड्स संस्था द्वारा ग्रामीण इलाकों में आजीविका संवर्धन, शिक्षा और हक अधिकार के लिए काम करने को बहुत ही सराहनीय बताया। जलडेगा एक पिछड़ा हुआ प्रखंड है ऐसे में संस्था का यहां काम करने से यहां के लोगों में जागरूकता आयेगी और लोग अपने अधिकार से वंचित नहीं रहेंगे।

## ईद उल मिलादुन्नबी का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर निकला फ्लैग मार्च



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड में ईद उल मिलादुन्नबी का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर बुधवार को भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च भंडरा थाना से मुख्य पथ होते हुए नौडीहा चौक पहुंची। इसके बाद पुनः मुख्य पथ होते हुए कुंबाटोली बस्ती पहुंच समाप्त किया गया। इस दौरान बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने ग्रामीणों से आपसी भाईचारा के साथ ईद-उल मिलादुन्नबी का त्योहार मनाने की अपील की। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भंडरा प्रखंड में शांति पूर्ण त्योहार संपन्न कराने को लेकर प्रखंड प्रशासन सजग है। त्योहार में किसी भी शरारती तत्वों द्वारा आपसी सौहार्द खराब करने की कोशिश किया जाता है, तो वैसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।

चलते चलते एक नजर

## लातेहार : ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोस गांव के पास मंगलवार की देर रात मालगाड़ी से टक्कर के बाद दो युवकों की मौत हो गई। मृत युवकों की पहचान सदर थाना क्षेत्र के तुबेद गांव निवासी बिजेंदर उरांव (20) तथा बानुदाग गांव निवासी प्रेमचंद टाना भगत (22) के रूप में हुई है। इन युवकों के साथ बाइक पर सवार एक अन्य व्यक्ति संतोष उरांव बाल-बाल बच गया। बताया गया है कि बिजेंदर उरांव चंदवा थाना क्षेत्र के सोस गांव में चचेरी बहन के घर करमा का त्योहार मनाने गया था। उसके साथ उसका दोस्त प्रेमचंद भी गया था। घर आने के दौरान रेलवे क्रॉसिंग पार करते वक्त वे लोग मालगाड़ी से टकराकर पुल के नीचे गिर गए। दुर्घटना में बाल-बाल बचे संतोष उरांव ने ग्रामीणों को घटना की सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृत युवकों के परिजन मुखिया अमरेश उरांव के साथ रात में ही घटना स्थल पर पहुंचे। एक युवक का शव पुल के नीचे गड्ढे में मिला जबकि दूसरे युवक का शव बुधवार की सुबह घटनास्थल से लगभग दो किलोमीटर दूर नदी में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुधवार को घटनास्थल पर पहुंचकर मृत युवकों के शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने बताया कि दुर्घटना की छानबीन हो रही है।

## सहायक अध्यापक संघ ने बुलाई सर्वदलीय बैठक



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री विनोद तिवारी एवं उपाध्यक्ष श्री दिलीप पाण्डेय ने सहायक अध्यापक संघ की सर्वदलीय बैठक कल कचहरी परिसर में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है । श्री तिवारी ने आह्वान किया है कि सभी संगठन के लोग आपसी द्वेष और बैनर को भूलकर बैठक में आने का कष्ट करें । बैठक का मुख्य एजेंडा हेमन्त सरकार का उदासीन कार्यप्रणाली है जो अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान किए गए वादे को भूल बैठी है ! जो सरकार तीन महीने में वेतनमान देने की बात कहती थी वह आज बिल्कुल ही निष्क्रिय दिखाई दे रही है, सहायक अध्यापकों पर काम का बोझ लगातार बढ़ रहा है, लेकिन सरकार की तरफ से मानदेय बढ़ोतरी मात्र छलावा साबित हुई है ! पलामू जिला मीडिया प्रभारी विनीत कुमार दूबे ने कहा कि दिन प्रतिदिन हमारे साथी काल के गाल में समा रहे हैं लेकिन सरकार सोई हुई है अब हमें मोरहाबादी में फिर से जमा होकर सरकार को अपनी ताकत दिखाने का समय आ गया है ! अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कल की बैठक में चर्चा होगी । अतः आप सब महत्वपूर्ण समय निकालकर कल के बैठक में जरूर आएं और अपना महत्वपूर्ण सुझाव दें।

खेलो झारखंड के प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

# खेलेगा झारखंड तो खिलेगा झारखंड : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : झारखंड सरकार द्वारा खिलाड़ियों के प्रतिभा निखारने व प्रोत्साहित करने को लेकर झारखंड सरकार की ÷खेलो झारखंड÷ महत्वाकांक्षी योजना है। उसके तहत पलामू के विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चो को झामुमो क्रीड़ा मंच के पलामू जिला अध्यक्ष सुमित बर्मन के नेतृत्व में राज्य स्तरीय खेलने के लिए हरी झंडी दिखा प्रतिभागियों को रवाना किए। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अविनाश देव ने कहा कि एक दौर था जब बेटियां साइकल चलाती थी। तो लोग देख कर उपहास उड़ाते थे व टिप्पणी करते थे। आज वही लोग अपने बेटी को पढ़ने खेलने के लिए सैकड़ों मील बड़े ही उत्साह से भेज रहे हैं। अविनाश देव ने कहा कि आप सभी जाइए अपने अभिभावक के विश्वास पर खरा उतरते खेल कर आइए। आप सभी इतने उत्साह से खेलिए की हाथ में चमचमाता गोल्ड मेडल लेकर आइए और माता पिता गुरु के हाथों में सौंप कर आशीर्वाद लीजिए। ताकि नेशनल खेलने जाने के लिए रास्ता प्रशस्त हो सके। हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। मुस्कुराते हुए जाइए हंसते हुए आइए। इस मौके पर क्रीड़ा मंच के उपाध्यक्ष तनवीर आलम, मनीष मिश्रा सचिव दीपक तिवारी, बी.एम पांडे, अनिल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। खिलाड़ियों के साथ डॉक्टर अजू सिद्धिकी, अमरेश मेहता रांची रवाना हुए।



# मंत्री पीयूष ने किया स्लुइस गेट का निरीक्षण

एजेंसी

**जोरहाट (असम) :** राज्य के जल संसाधन, सूचना एवं प्रसारण आदि मामलों के मंत्री पीयूष हजारिका ने जोरहाट जिले के सोसाबाट में स्लुइस गेट का निरीक्षण किया।इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने लोगों से गेट को जल्द से जल्द चालू करने के लिए सभी उपाय करने का वादा किया। दूसरी ओर, उन्होंने जकाइचुक और शिमलुगुरी मौजा के बाढ़ रोकथाम और संचार समिति द्वारा आयोजित एक सार्वजनिक बैठक में भाग लिया।

इस दौरान उन्होंने जनता के साथ बातचीत की और क्षेत्र के लोगों के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के लोगों का वास्तविक प्यार और सहयोग प्राप्त करने को लेकर अभिभूत हुए हैं। यह भी कहा कि वे मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा देखे गए बाढ़ मुक्त असम के सपने को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस वजह से उनकी सेवा एक अनूठी गति से जारी रहेगी।

इस दौरान मंत्री के साथ विधायक रूपज्योति कुर्मी, जिला भाजपा अध्यक्ष हेमंत कलिता, महासचिव अमनज्योति सैकिया, एआईआईडीसी के अध्यक्ष शांतनु पुजारी, अगप के जिलाध्यक्ष सौरभ प्राण बोरा, कलियापानी मंडल अध्यक्ष रातुल बोरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार के उत्कृष्ट ग्राम्य पर्यटन का पुरस्कार तमिलनाडु के उल्लादा ग्राम को मिला

एजेंसी

**चेन्नई** : केंद्र सरकार के सर्वश्रेष्ठ ग्राम पर्यटन पुरस्कार की दौड़ में इस बार सबसे अधिक आकृष्ट किया है तमिलनाडु के उल्लादा गांव ने। यह गांव पहाड़ियों पर सब्जियों की हरी-भरी खेती करने वाले, महकदार चाय की पत्तियां उगने वाले बागान, युक्लिपटस डिस्टिलरी की इकाई से लैस है। रेलवे लाइन से गुजरने वाले इस गांव का उत्पादन और तरक्की बढ़ाने में नीलगिरी माउंटेन का अहम योगदान है। यह पुरस्कार नई दिल्ली में बुधवार केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की तरफ से दिया गया।नीलगिरी के जिला पर्यटन अधिकारी का कहना है,उल्लादा के पुरस्कार जीतने का प्रमुख कारण यह भी है कि यहां परिवहन सुविधा मौजूद है, वहीं ग्रामीणों की परंपरा और संस्कृति ने लोगों को मेहनतकश और उद्यमी बना दिया। इस पुरस्कार में केंद्र सरकार का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है।यहां के गांव वालों की परंपरा, संस्कृति, खान-पान और जीवनशैली अद्वितीय है। यहां विदेशियों का भी समुदाय वर्षो से निवास करता है। यहां लोगों का मानना है कि उल्लादा गांव के पास वह सबकुछ है जो एक ग्रामीण व्यक्ति को चाहिए। यहां के लोग अगर मेहनती हैं तो अनुभवी भी। गांव की मजबूत कृषि व्यवस्था पर्यटकों को खूब भाता है। यही कारण है कि नीलगिरी में केटी पंचायत के गांव को यह पुरस्कार मिला। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में ग्राम प्रधान बी माथन के नेतृत्व में उल्लादा के प्रतिनिधियों- कक्कमल्ला, एन विनोथ, मूर्ति और एम राजेश को यह सौंपा गया।एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार,पुरस्कार के लिए मूल्यांकन करने के लिए दिल्ली से अधिकारी पिछले साल पांच बार हमारे गांव आए। टीम ने घरों का निरीक्षण किया और निर्माण की अनूठी बदाग शैली की सराहना की। उन्होंने हमारे खेती के तरीकों को देखा और हमारे मंदिर का भी दौरा किया।उल्लादा गांव के किसान कक्कमल्ला ने कहा,हमने नहीं सोचा था कि हम जीतेंगे, लेकिन अब जब हम जीत गए हैं तो यह गर्व की बात है।उल्लादा रेलवे ट्रैक के करीब स्थित एकमात्र गांव है। 2006 में माउंटेन ट्रेन की रात्रि सेवा आरंभ हुई थी। यहां का रहन-सहन पर्यटकों को सबसे ज्यादा लुभाता है। कैंपफायर, बडागा व्यंजन और उल्लादा गांव में सब्जियां।

# जनता की समस्याओं का समाधान तत्काल करे : मुख्यमंत्री योगी

एजेंसी

**गोरखपुर** : गोरखनाथ मंदिर में बुधवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि बिलकुल मत घबराइए, सरकार आपके साथ है। प्रभावी कार्रवाई होगी और सबकी समस्या का समाधान भी होगा। उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उनका संतुष्टिपरक समाधान कराएं। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।गोरखनाथ मंदिर परिसर में बुधवार सुबह जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। उनकी बात इत्मीनान से सुनने के बाद अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया।जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले भरोसे से बहुत संबल मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए।



# पैगंबर मोहम्मद सल्लाल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में निकलेगा जुलूस ए मोहम्मदी

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची :** जश्न ए ईद मिलादुन्नबी हज़रत पैगंबर मोहम्मद सल्लाल्लाहु अलैहि वसल्लम बड़ी धूमधाम के साथ जुमेरात 28 सितंबर 2023 को देश भर में निकाला जाएगा। वहीं झारखंड सहित राजधानी रांची में भी जुलूस ए मोहम्मदी नबी के दीवाने अपने-अपने गली,मोहल्ले,बस्ती से धूमधाम के साथ शांतिपूर्ण तरीके निकालेंगे। लोग अपने मस्जिदों,घरों,गली-मोहल्ले को इस्लामी झंडे,पोस्टर इत्यादि सहित जगमग करती लाइटों से सजा दिये हैं।

**क्यों मनाते हैं ईद-मिलादुन्नबी:** रबि अल अव्वल के मुबारक महीने में पैगंबर हज़रत मोहम्मद सल्लाल्लाहु अलैहि वसल्लम का जन्म 12 रबि अल अव्वल 571 ईस्वी में हुआ था। पिता अब्दुल्लाह इब्न अब्दुल मुत्तलिब माता अमीना रजि.और देखभाल फातिमा बिन्त असद ने थी। 25 साल की उम्र में खतीजा रजि. से शादी हुई थी। 610 ईस्वी में हीरा गुफा में ज्ञान प्राप्ति हुई थी और 8 जून 632 को पर्दा कर गए थे। अल्लाह के संदेशवाहक के रूप में जाना जाता है पूरी दुनिया मोहम्मद सल्लाल्लाहु अलैहि वसल्लम को अपना पैगंबर मानते हैं। इन्हीं की याद में 12 रबि अल अव्वल को ईद मिलादुन्नबी के नाम से मस्जिदों ,घरों एवं चौक चौराहों में फातिहा ख्वानी होती है , लंगर , खजूर,शरबत आदि बांटे जाते हैं। इतिहास कारों के अनुसार मोहम्मद सल्लाल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्मदिन पर ही फरिश्तों के सरदार जिब्राइल अलैहिस्सलाम ने तीन जगहों पर परचम लगाये थे, मगरिब, मशरीक और काबा की छत पर। 1588 में उस्मानिया साम्राज्य से जुलूस की शुरूआत हुई थी। इसके बाद धीरे-धीरे पूरी दुनिया में ईद मिलादुन्नबी बड़ी धूमधाम के साथ मनाए जाने लगा। इस दिन हिंदुस्तान में एक दिन सरकारी छुट्टी भी घोषित है।



**रांची में कैसे शुरू हुआ:** मोहम्मद सल्लाल्लाहु अलैहि वसल्लम के पैदाइश के दिन जश्न ए ईद मिलादुन्नबी की शुरुआत कब और कैसे हुई। खासकर अविभाजित बिहार के झारखंड में इसका एक इतिहास है। इसकी खोज बीन करने के बाद यह पता चलता है कि अविभाजित बिहार के समय के बहुत पहले से शुरू है, लेकिन जब झारखंड छोटानागपुर कहलाता था , खासकर रांची, पुरानी रांची , डोरंडा, चुटिया मुख्य रूप से प्रसिद्ध जगहों में रांची के दो मौजा कोनका मौजा और लालपुर मौजा था। जिसमें कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला , गुदरी, बूचर टोली, कर्बला चौक एरिया , हरिजन बस्ती, खोरहा टोली,डंगरा टोली, लालपुर, पत्थलकुदुआ , कुम्हार टोली के अलावा पुरानी रांची,बकरी बाजार अपर बाजार,पहाड़ी टोला इन सभी क्षेत्रों का इतिहास दो सौ साल से अधिक पुराना है। इसके बहुत बाद कई नई बस्तियों का उदय हुआ। आजादी के बाद हिंदपीढ़ी, बरियातू, इरबा, कांटाटोली का इदरीश कालोनी, मौलाना आजाद कालोनी क्षेत्रों में घरों की संख्या बढ़ने लगी, अलग झारखंड के बाद बड़ी तेजी से नई बस्तियां और मुहल्ले वजूद में आया।

**कांटाटोली से शुरू हुआ ईद मिलादुन्नबी:** कांटा टोली क्षेत्र के खासकर कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला सबसे पुरानी बस्ती है। बहुत सालों बाद कांटाटोली चौक, अस्सी के दशक में इदरीश कॉलोनी, मौलाना आजाद कॉलोनी, रजा कॉलोनी,रमजान कॉलोनी, इलाहिबक्स कालोनी सहित कई कॉलोनी व बस्तियों का उदय हुआ। कांटाटोली क्षेत्र का सबसे बड़ी मस्जिद जामा मस्जिद है।कुरैशी मोहल्ला में आज भी स्थित है जो 1915 से पहले की मस्जिद बतायी जाती है।उस दौर में मस्जिद निर्माण शेख हैदर खटकू,शोभा मियां कसाई , सुपन मियां कसाई,शेख बद्दरुदीन चेयरमैन आदि ने किए थे, इनके वंशज आज भी हैं। यहीं से इन्हीं लोगों द्वारा मुहल्ले में जश्ने ईद मिलादुन्नबी की शुरुआत मानी जाती है।मस्जिद से लेकर आज का यूनियन बैंक है,तब वहां पर कुछ नहीं था, वहां तक पहुंचती थी और फिर धीरे-धीरे बहुत बाद में मस्जिद के पास से निकलकर इदरीश कॉलोनी से कांटा टोली चौक से वापस कुरैशी मुहल्ला लौट जाती थी। यह सिलसिला 90 के दशक तक जारी रहा। मुख्य रूप से कुरैशी मोहल्ला स्थित जामा मस्जिद के मोआज्जीन रहे मरहूम अब्दुल कुद्दुस कुरैशी के बताए हुए बातों के अनुसार वे और उनके पिता मोआज्जीन मरहूम युसूफ ने मदरसा जो मस्जिद में ही था, के बच्चों को लेकर जुलूस निकालते थे, ये बात 1915 से पहले की है।

